

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो०: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड, असम से प्रसारित

वर्षः 3 अंकः 347 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 29 सितम्बर 2025 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## 2024 में भारतीय परिवारों की संपत्ति 8 साल की सबसे तेज रफ्तार से बढ़ी: रिपोर्ट

समाज जागरण

भारतीय परिवारों की वेल्थ 2024 में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई है और इसमें बीते 8 वर्षों में सबसे तेज वृद्धि दर्ज की गई है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। एलियांज ग्लोबल वेल्थ रिपोर्ट 2025 में बताया गया कि 2024 में भारतीय परिवारों की वेल्थ 14.5 प्रतिशत की दर से बढ़ी है, जो देश में तेजी से बढ़ती मध्यम वर्ग की क्षमता को दिखाता है।



करीब 60 देशों को कवर करने वाली इस रिपोर्ट में बताया गया कि पिछले दो दशकों में भारत की वास्तविक प्रति व्यक्ति वित्तीय संपत्ति पांच गुना बढ़ी है

करीब 60 देशों को कवर करने वाली इस रिपोर्ट में बताया गया कि पिछले दो दशकों में भारत की वास्तविक प्रति व्यक्ति वित्तीय संपत्ति पांच गुना बढ़ी है, जो किसी भी अन्य उभरती अर्थव्यवस्था के मुकाबले सबसे अच्छा प्रदर्शन है। पिछले साल प्रतिभूतियों में सबसे अधिक वृद्धि हुई, जो 28.7 प्रतिशत थी, जबकि बीमा और पेंशन में 19.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बैंक डिपॉजिट में 8.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

**भारतीय परिवारों के पोर्टफोलियो का 54 प्रतिशत हिस्सा बैंक डिपॉज़िट से आता है**

भारतीय परिवारों के पोर्टफोलियो का 54 प्रतिशत हिस्सा बैंक डिपॉजिट से आता है। ऐसे में इसमें वृद्धि बढ़ती बचत को दिखाती है। रिपोर्ट में कहा गया, “वास्तविक रूप से मुद्रास्फीति के बाद फाइनेंशियल एसेट्स में 9.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिससे क्रय शक्ति महामारी-पूर्व स्तर से 40 प्रतिशत ऊपर पहुंच गई है। यह पश्चिमी यूरोप से बिल्कुल अलग है, जहां क्रय शक्ति 2019 से 2.4 प्रतिशत कम बनी हुई है। 2024 में प्रति भारतीय नेट फाइनेंशियल एसेट्स 2,818 अमेरिकी डॉलर प्रति व्यक्ति थीं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 15.6 प्रतिशत अधिक है।

**भारत की प्रति व्यक्ति नेट फाइनेंशियल एसेट्स 15.6 प्रतिशत बढ़कर 2,818 डॉलर पर पहुंच गई है**

भारत की प्रति व्यक्ति नेट फाइनेंशियल एसेट्स 15.6 प्रतिशत बढ़कर 2,818 डॉलर पर पहुंच गई है। वहीं, देनदारी की वृद्धि दर 12.1 प्रतिशत रही, जिससे परि-वारों पर कर्ज जीडीपी का 41 प्रतिशत रहा। 2024 में अमेरिका ने ग्लोबल फाइनेंशियल एसेट्स वृद्धि का आधा हिस्सा हासिल किया। पिछले दशक में अमेरिकी परिवारों ने दुनिया भर में 47 प्रतिशत संपत्ति वृद्धि उत्पन्न की है, जबकि चीन में यह 20 प्रतिशत और पश्चिमी यूरोप में 12 प्रतिशत है।(इनपुट-आईएएनएस)

## यूएनजीए में लावरोव ने अमेरिका को दिखाया आईना, बताया कितना गहरा है भारत-रूस के बीच रिश्ता

समाज जागरण



रूस और भारत की दोस्ती अमेरिका को खूब खटक रही है। यही कारण है कि रूस से तेल खरीदने को लेकर अमेरिका भारत के ऊपर मनमाना टैरिफ लगा रहा है। हालांकि, रूस और भारत ने एक बात साफ कर दिया है कि चाहे कुछ भी हो जाए, रूस और भारत की दोस्ती अडिग है।

**संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत ने बिना अमेरिका का नाम लिए उसके दोहरे मापदंड की आलोचना की और इस दौरान रूस ने भारत का समर्थन किया**

इसका ताजा उदाहरण संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में देखने को मिला, जब न केवल भारत ने बिना नाम लिए अमेरिका के दोहरे मापदंड के लिए उसे घेरा, बल्कि रूस ने भी भारत का समर्थन किया। दरअसल, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने भारत-रूस के रिश्ते और तेल व्यापार को लेकर कहा कि हम भारत के राष्ट्रीय हितों का पूरा सम्मान करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन राष्ट्रीय हितों को बढ़ावा देने के लिए जो विदेश नीति अपना रहे हैं, हम उसका पूरा सम्मान करते हैं। हमारे बीच बड़े स्तर पर नियमित संपर्क बना रहता है।

**लावरोव ने कहा इस साल भारत के विदेश मंत्री और मेरे सहयोगी एस जयशंकर रूस का दौरा करेंगे और मैं भारत का दौरा करूंगा**

लावरोव ने कहा, “भारत और अमेरिका या भारत और अन्य किसी देश के बीच जो स्थिति उत्पन्न होती हैं, मैं उन्हें रूस और भारत के रिश्तों का मानदंड नहीं मानता हूं। हमारे बीच लंबे समय से रणनीतिक साझेदारी है, फिर एक समय आया जब हमारे भारतीय मित्रों ने इस शब्द को पूरक बनाने का प्रस्ताव रखा और अब हम इसे विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी कहते हैं।” उन्होंने कहा कि इस साल भारत के विदेश मंत्री और मेरे सहयोगी एस जयशंकर रूस का दौरा करेंगे और मैं भारत का दौरा करूंगा। हमारे बीच नियमित रूप से विचारों का आदान-प्रदान होता है। मैं यह भी नहीं पूछ रहा कि हमारे व्यापारिक संबंधों या तेल का क्या होगा?

अमेरिका ने न केवल भारत के ऊपर अधिक टैरिफ लगाए, बल्कि दंडात्मक शुल्क भी लगाया, बावजूद भारत ने साफ कर दिया कि अमेरिका के सामने वह नहीं झुकेगा

लावरोव ने कहा, “मैं तो भारतीय सहयोगियों से यह सवाल नहीं करता, क्योंकि वह फैसले खुद लेने में पूरी तरह से सक्षम हैं।” वहीं भारत ने भी इस बात को साफ कर दिया है कि अपने विकास और फायदे के लिए किसी दूसरे देश की शर्तों पर नहीं चलेगा। अमेरिका ने न केवल भारत के ऊपर अधिक टैरिफ लगाए, बल्कि दंडात्मक शुल्क भी लगाया। बावजूद भारत ने साफ कर दिया कि अमेरिका के सामने वह नहीं झुकेगा।

**यूएनजीए में भी भारत ने अमेरिका के दोहरे मापदंडों को लेकर घेरा**

यूएनजीए में भी भारत ने अमेरिका के दोहरे मापदंडों को लेकर घेरा। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि अब हम टैरिफ में अस्थिरता और बाजार में अनिश्चितता देख रहे हैं। उन्होंने यूएनजीए में अमेरिका का नाम लिए बिना उसके ॢदोहरे मानदंडोंॢ का भी जिक्र किया, जिसमें एस जयशंकर ने रूसी तेल खरीदने पर भारत पर दंडात्मक शुल्क लगाना, जबकि अन्य देशों पर नहीं लगाने की ओर इशारा किया।(इनपुट- आईएएनएस)

## 'रूसी आयात रोकना होगा'

**जेलेंस्की की भारत को परोक्ष चेतावनी, कीव में हुए सबसे घातक हमलों के बाद G20 देशों से कार्रवाई का आह्वान**

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर ने रविवार को मास्को के खिलाफ सख्त वैश्विक कार्रवाई का आह्वान किया, क्योंकि रूस ने 2022 में पूर्ण युद्ध की शुरूआत के बाद से यूक्रेन की राजधानी और कई अन्य क्षेत्रों पर रातोंरात सबसे भारी बमबारी की है।

यूक्रेनी अधिकारियों के अनुसार, रूस ने 12 घंटे से ज्यादा समय तक चले एक समन्वित हमले में लगभग 500 ड्रोन और 40 से ज्यादा मिसाइलें दागीं। कीव और आसपास के इलाके मुख्य निशाने पर थे, लेकिन जाप ोरिज्जिया, खमेलनित्सकी, सूमी, मायकोलाइव, चेर्निहाइव और ओडेसा क्षेत्रों पर भी हमले हुए।

## करूर भगदड़ में 39 लोगों की मौत: अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके ने घटना का स्वत: संज्ञान लेने के लिए मद्रास उच्च न्यायालय का रुख किया



चेन्नईः करूर में अभिनेता विजय की टीवीके रैली में मची भगदड़ के एक दिन बाद, जिसमें 10 बच्चों सहित 39 लोगों की मौत हो गई थी, पार्टी ने रविवार को मद्रास उच्च न्यायालय का रुख कर घटना का स्वतः संज्ञान लेने की मांग की।

टीवीके के संयुक्त महासचिव सीटीआर निर्मलकुमार और कानूनी शाखा के राज्य समन्वयक एस अरिवाझगन ने वकीलों के एक समूह के साथ चेन्नई के ग्रीनवेज रोड स्थित न्यायमूर्ति एम धंदापानी के आधिकारिक आवास पर एक तत्काल उल्लेख किया।

उन्होंने कहा, "हमने न्यायाधीश से घटना का स्वतः संज्ञान लेने और अधिकारियों को रैली के लिए अपर्याप्त व्यवस्था और पुलिस सुरक्षा के आरोपों के मद्देनजर घटनास्थल से बरामद सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखने का निर्देश देने का अनुरोध किया है।"

उन्होंने आगे कहा, "जज ने कल (29 सितंबर) दोपहर 2.15 बजे उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ में मामले की सुनवाई के लिए सहमति दे दी है, क्योंकि करूर मदुरै पीठ के अधिकार क्षेत्र में आता है।"

उच्च न्यायालय में इस समय 27 सितंबर से 5 अक्टूबर तक दशहरा की छुट्टियां चल रही हैं।

इस बीच, करूर निवासी ए. सेंथिलकन्नन, जिन्होंने कल (27 सितंबर) विजय की टीवीके रैली में भाग लिया था, ने मद्रास उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है और तमिलनाडु के डीजीपी को टीवीके और विजय को तब तक कोई भी सार्वजनिक सभा, रैली या राजनीतिक सभा आयोजित करने की अनुमति देने से रोकने की मांग की है जब तक कि करूर भगदड़ की घटना, जिसमें 39 लोग मारे गए थे, की पूरी जाँच नहीं हो जाती, ज़िम्मेदारी तय नहीं हो जाती और प्रभावी सुरक्षा प्रोटोकॉल सुनिश्चित नहीं हो जाते।

## ट्रिपल-न्यूक्लियर स्ट्राइक: चीनी सेना ने पहली बार लैब में किया ये घातक एक्सपेरिमेंट, मतलब पलभर में विनाश



चीन की सेना ने लैब में घातक एक्सपेरिमेंट किया है. पीएलए के साइंटिस्ट ने पहली बार ‘ट्रिपल-न्यूक्लियर स्ट्राइक’ करके दिखाया है. यानी अब केवल एक ही वा-रहेड नहीं, बल्कि मूविंग-क्लस्टर की तरह एक के बाद एक या एक साथ दागे गए छोटे-कम क्षमता वाले वारहेड्स से धमाके होंगे. अभी तक दुनिया में सिर्फ एक-एक वारहेड के साथ रिसर्च की गई है और जो हथियार बनाए गए हैं, वो भी सिर्फ एक वारहेड्स से बने हैं. लेकिन चीन इसे कई गुना आगे ले गया है, जो हथियार को काफी घातक बना देगा. इसे आप ऐसे समझ सकते हैं कि अगर तीन छोटे न्यूक्लियर वारहेड्स लगभग एक साथ फूटें तो कितना विनाश होगा. वैसे तो कहा जा रहा है कि चीन बंकरों को ध्वस्त करने के लिए ऐसा हथियार बना रहा है, लेकिन यह अमेरिका की सोच को हिला देने वाला है.

नैनजिंग स्थित आर्मी इंजीनियरिंग यूनिवर्सिटी के साइंटिस्ट ने ये रिसर्च की है, जो जर्नल Explosion and Shock Waves में पब्लिश हुई है. रिपोर्ट के मुताबिक, चीनी वैज्ञानिकों ने यह पता लगाने की कोशिश की कि अगर एक ही जगह पर करीब-करीब एक साथ तीन छोटे परमाणु हमले किए जाएं तो क्या असर होगा. नैनजिंग की पीएलए यूनिवर्सिटी की टीम ने छोटे-स्केल, कंट्रोल एक्सपेरिमेंट करके ट्रिपल-हिट के असर का मॉडल बनाया और टेस्ट किया. टीम ने वैक्यूम चेम्बर और दो-स्टेज हाई-प्रेशर गैस गन जैसी तकनीक का इस्तेमाल किया. छोटे प्रोजेक्टाइल शीशे के प्रेशर वाले गोले फोड़ते हैं, जिससे विस्फोट जैसी ऊर्जा अचानक निकलती है. यह असल परमाणु बम विस्फोट की तरह ही है.

## ईसाइयों के देश में रुद्राक्ष की डिमांड क्यों बढ़ गई ?

समाज जागरण

नई दिल्ली. भारतीय आध्यात्मिकता का प्रतीक माने जाने वाले रुद्राक्ष अब सिर्फ भारत तक सीमित नहीं रहे. स्विट्जरलैंड में इनकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है. भारतीय मूल के लोग तो इन्हें खरीद ही रहे हैं, लेकिन अब स्थानीय स्विस नागरिक भी योग और वेलनेस के लिए रुद्राक्ष अपना रहे हैं.



**स्विट्जरलैंड में बढ़ी डिमांड**

एक अधिकारी के मुताबिक, रुद्राक्ष की मांग अब केवल धार्मिक उपयोग तक सीमित नहीं रही. स्विट्जरलैंड में इसे एक तरह की ‘सेक्युलर स्पिरिचुअलिटी’ यानी आधुनिक वेलनेस ट्रेंड के रूप में देखा जा रहा है. यही कारण है कि वहां ऑनलाइन योग स्टोर्स और रिटेलर्स रुद्राक्ष की मालाएं 50 स्विस फ्रैंक (करीब 4,650 रुपये) तक में बेच रहे हैं. खास बात यह है कि इन्हें सिर्फ पूजा का साधन नहीं बल्कि शरीर को ठंडक पहुंचाने और मानसिक शांति दिलाने वाला साधन बताया जा रहा है.

**व्यापार समझौते से खुले नए रास्ते**

भारत और यूरोपीय फ्री ट्रेड एसोसिएशन के बीच हुए ट्रेड एंड इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट से रुद्राक्ष के व्यापार को और बढ़ावा मिलेगा. यह समझौता 1 अक्टूबर से लागू हो रहा है. 2024-25 में भारत ने करीब 0.97 करोड़ रुपये का रुद्राक्ष स्विट्जरलैंड और अन्य देशों को एक्सपोर्ट किया. अधिकारियों का मानना है कि यह आंकड़ा अब कई गुना बढ़ सकता है क्योंकि वहां की 27,000 से ज्यादा भारतीय डायस्पोरा आबादी के साथ-साथ स्विस लोग भी बड़ी संख्या में इसे अपना रहे हैं.

# निषाद मिलन और केवट संवाद पर भावुक हुए दर्शक.....

समाज जागरण

नोएडाः श्री राम लखन धार्मिक लीला कमेटी सेक्टर 46 नोएडा द्वारा आयोजित श्री रामलीला मंचन के सप्तम दिन मुख्य अतिथि के रूप में गौतम बुद्ध नगर के सांसद डॉक्टर महेश शर्मा व भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल जबकि गरिमामय उपस्थित में नोएडा प्राधिकरण के ओ.एस.डी अरविंद कुमार नियोजन विभाग की महाप्रबंधक श्रीमती मीना भार्गव आवासीय भूखंड के सहायक महाप्रबंधक श्री संजीव बेदी, प्रबंधक आलोक अग्रवाल, सुधीर यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर आज की लीला की शुरूआत की। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर श्रेयांश जैन,राकेश यादव,विजय राणा, व पर-विंदर भाटी दिनेश भाटी,शामिल हुए। इस अवसर पर सांसद डॉक्टर महेश शर्मा ने कहा कि श्री राम के चरित्र का वर्णन शब्दों में तो हो ही नहीं सकता श्री राम अत्यंत शक्तिशाली थे किंतु उन्होंने कभी अपनी शक्तियों का दुरुपयोग नहीं किया तथा युद्ध में भी उन्होंने सदा मयार्दाओं का पालन किया हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने कहा की माता-पिता का सम्मान करना चाहिए। सारी प्रजा




तथा परिवार को छोड़कर श्री राम ने जंगलों का रास्ता अपनाया और दुनिया को संदेश दिया की माता-पिता की आज्ञा के सामने हर वस्तु तुच्छ है। आयन समिति के वाइस चेयरमैन राजेंद्र जैन व कुमारी पूनम सिंह, अध्यक्ष विपिन अग्रवाल महासचिव गिरिराज अग्रवाल वी आयोजन समिति के सभी लोगों के द्वारा आए हुए अतिथियों का स्मृति चिन्ह प्रदान कर और अंग वस्त्र के द्वारा सम्मान किया गया। उपस्थित मुख्य लोगों में संजय अवाना, संजय सिन्हा ,सुशील कुमार गुप्ता, नवीन सोनी, दीपक बंसल, तनुज गुप्ता ,रामवीर यादव, संजय विकल, ललित सिंगल, भरत प्रधान ,सुभाष भाटी, सुमित खारी ,विनोद गोयल, प्रदीप शर्मा, एडवोकेट नीरज भाटी, मुख्य रूप से उपस्थित रहे



## श्रीरामलीला के सप्तम दिवस पर भावनात्मक प्रसंगों का सजीव मंचन, केवट संवाद और सूर्पणखा वध ने मोहा दर्शकों का मन

समाज जागरण

नोएडा, सेक्टर-62। श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति द्वारा सेक्टर-62 स्थित रामलीला मैदान में आयोजित श्रीरामलीला मंचन के सातवें दिन श्रद्धा, भक्ति और भावनाओं से भरपूर विभिन्न प्रसंगों का मंचन हुआ। मंचन का शुभारंभ राजस्थान के पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र, जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह, नोएडा प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी सतीश पाल एवं भाजपा नेताओं सहित अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

समिति के चेयरमैन उमाशंकर गर्ग, अध्यक्ष धर्मपाल गोयल एवं महासचिव डॉ. मुन्ना कुमार शर्मा ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। शहर के अनेक गणमान्य नागरिक भी इस भव्य आयोजन में सम्मिलित हुए।

**राम केवट संवाद – भक्ति का अद्भुत उदाहरण**



कार्यक्रम की शुरूआत में भगवान श्रीराम के वनगमन के पश्चात गंगा तट पर केवट संवाद का अत्यंत भावुक मंचन किया गया। जब भगवान राम, सीता और लक्ष्मण के साथ गंगा पार करने के लिए नाव मांगते हैं, तो केवट पहले विनती करता है कि वह श्रीराम के चरण धोकर ही उन्हें नाव में चढ़ाएगा। यह प्रसंग रामभक्त की निष्कलंक भक्ति का अद्वितीय उदाहरण है। मंचन के दौरान रामचरितमानस की यह प्रसिद्ध चौपाई प्रस्तुत की गई, जिसने वातावरण को आध्यात्मिक भावों से भर दिया:

**"प्रभु पहिचानि बंदि कर जोरा।**
**नाइ चरण पखारि निअवरा।**
**कहइ केवट सुनु हरि ओरा।**
**बिना पग धइ न चढ़ाइब नावा॥"**
**(अरण्यकाण्ड, श्रीरामचरितमानस)**

यह दृश्य दर्शकों के हृदय को छू गया और पंडाल "जय श्रीराम" के नारों से गूंज उठा।

**भरत का मातृत्याग एवं चित्रकूट मिलन**

इसके पश्चात भरत और कैकई संवाद का दृश्य मंचित किया गया, जहां भरत, कैकई द्वारा राम को वनवास भेजने पर उन्हें माता कहने से भी इंकार कर देते हैं। भरत की व्यथा और राम के प्रति उनका प्रेम देखकर दर्शकों की आंखें नम हो गईं। भरत चित्रकूट पहुंचकर श्रीराम से अयोध्या लौटने का आग्रह करते हैं, लेकिन राम पिता की आज्ञा का पालन करते हुए मना कर देते हैं। भरत तब चरण पादुका लेकर अयोध्या लौटते हैं।

**सूर्पणखा प्रसंग व खर-दूषण वध**

अगले दृश्य में पंचवटी आगमन, सूर्पणखा का आगमन, राम-लक्ष्मण से विवाह प्रस्ताव और फिर उसका भयानक रूप धारण कर लेना मंचित किया गया। लक्ष्मण द्वारा सूर्पणखा की नाक और कान काटने पर खर-दूषण का युद्ध हुआ, जिसमें श्रीराम ने उन्हें मारा। इस दृश्य की भव्य व युद्ध दृश्यों से सजी प्रस्तुति ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

**रावण दरबार में सुर्पणखा का विलाप**

सूर्पणखा की दुर्दशा देखकर रावण क्रोधित हो जाता है और राम से प्रतिशोध लेने की ठानता है, जिससे आगे के प्रसंगों की भूमिका बनती है।

# मरने के लिए ही पैदा होते हैं भक्त

तमिलनाडु के करूर में एक्टर विजय की रैली में शनिवार




शाम को भगदड़ मच गई। मुख्यमंत्री स्टालिन के मुताबिक, हादसे में 39 लोगों की मौत हो गई। इनमें 16 महिलाएं और 10 बच्चे शामिल हैं। 51 लोग गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती हैं। मरने वालों की संख्या और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

सवाल ये है कि ये हादसा अव्वल तो हुआ क्यों और अगर हुआ तो इस हादसे के लिए जिम्मेदार व्यक्ति के विरूद्ध पुलिस और सरकार ने क्या कानूनी कार्रवाई की?तमिलनाडु पुलिस के मुताबिक, विजय की रैली के लिए 10 हजार लोगों की परमिशन थी। लेकिन, 1 लाख 20 हजार वर्ग फीट के मैदान में 50 हजार से ज्यादा लोग जमा हो गए। इस दौरान एक्टर 6 घंटे की देरी से पहुंचे। विजय को बताया गया कि 9 साल की एक बच्ची गुम गई थी। उन्होंने मंच से उसे तलाशने की अपील की, जिसके बाद वहां भगदड़ के हालात बन गए।

इस नृशंस हादसे के बाद तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने रात को ही उच्च स्तरीय बैठक ली और देर रात को ही करूर पहुचें। स्टालिन ने हॉस्पिटल जाकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी और घायलों से मुलाकात की है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार से मामले को लेकर रिपोर्ट मांगी है।

इस देश में व्यक्ति पूजक अंधभक्ति लगातार बढ रही है. नेहरु से नरेंद्र तक यही एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें कमी नहीं आई. व्यक्ति पूजा में दक्षिण ने तो उत्तर, पूरब और पश्चिम को भी पीछे छोड दिया. दक्षिण में फिल्मी सितारों ने अपनी लोकप्रियता को बेशर्मी के साथ राजनीति के लिए इस्तेमाल किया. एमजी रामचंद्रन से लेकर विजय तक अंधभक्ति का ये सिलसिला जारी है. जय ललिता जैसी महिला अभिनेत्रियों ने इस मामले में पुलिस के एकाधिकार को चुनौती भी दी. अंधभक्त ये नहीं समझते कि उसके जीवित ईश्वर से उसका कोई लगाव नही होता. विजय का भी अपने भक्तों से कोई लगाव नहीं है यदि लगाव होता तो विजय घटना के बाद मृतकों के परिजनों से,घायलों से मिलता लेकिन वो तो चार्टर्ड फ्लाइट से सीधे चेन्नई भाग गया.

विजय में साहस ही नहीं है अपने भक्तों क सामना करने का तभी तो उसने अपने एक्स खाते पर पर लिखा- मेरा दिल टूट गया है। मैं बहुत दर्द और दुःख महसूस कर रहा हूं। मैं करूर में जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं और घायल लोगों के जल्दी ठीक होने की प्रार्थना करता हूं।

मुख्यमंत्री स्टालिन ने इस हादसे की जांच के लिए जस्टिस अरुणा जगदीसन की अध्यक्षता में एक आयोग का गठन किया।स्टालिन ने मृतकों के परिवारों को 10-10 लाख रुपए का मुआवजा देने की घोषणा की। वहीं, घायलों को 1 लाख रुपए दिए जाएंगे।लेकिन स्टालिन में इतनी हिम्मत नही कि वो विजय के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कराएं, उसकी गिरफ्तारी कराएं.

भारतीय राजनीति में भक्तों की हैसियत ही कीडे मकोडों से ज्यादा कुछ होती नहीं है. लोग इसी तरह मरते रहते हैं और राजनीति अपने ढंग से आगे बढती रहती है. सब चोर चोर मौसेरे भाई हैं फिर चाहे वे नेता हों, अभिनेता हों, धर्मगुरू हों या और कोई. अपना काम बनता, भाड में जाए जनता. भगवान जाने ये सब ढोंग कब तक चलेगा? वैसे भी ये अकेला ऐसा देश है जहाँ कानून मुंह देखकर काम करता है. सोनम वांग्चुक के लिए अलग कानून और विजय के लिए अलग कानून. ये देश की सबसे बडी अदालत के, केंचुआ के लिए स्वतः संज्ञान लेने का मामला है. ऐसी रैलियों पर रोक लगना चाहिए. ये तकनीक का जमाना है फिर जनता को तकलीफ देने की क्या जरुरत है?

आपको बता दूं कि विजय ने फरवरी 2024 में तमिलनाडु वेट्री कडगम (टीवीके) नामक अपनी राजनीतिक पार्टी की स्थापना की। उन्होंने कहा है कि उनकी पार्टी का उद्देश्य न तो भाजपा के साथ है न ही वे डीएमके को समर्थन देंगे। उनकी पार्टी ने स्वयं को "इडियोलॉजिक" और "पॉलिटिकल" नेतृत्व के रूप में स्थापित किया, और कहा कि वे डीएमके व भाजपा दोनों से अलग-स्थापित विकल्प बनना चाहते हैं।

@ राकेश अचल

# नवरात्र में,शक्ति अधिष्ठात्री की अराधना का सत्य

**समाज जागरण**

नवरात्र चल रहा है। इस नवरात्र में सनातनी अर्थात हिंदु,शक्ति की अधिष्ठात्री को माता के रूप में अराधना करते हैं। शक्ति अर्थात ऊर्जा। इन नवरात्र के दिनों में ब्रम्हांड की खगोलीय संरचना ऐसी अदृश्य परिस्थितियों का निर्माण करतीं हैं जिसमें साधक आसानी से अध्यात्मिक तारतम्यता बैठा सकता है।यदि भौतिक विज्ञान और अध्यात्म दोनों दृष्टिकोणों से गहन विचार करें तो जो परिणाम आता है वो हमारी सनातनी अवधारणा,शक्ति या ऊर्जा के शास्वत सत्य का दर्शन कराता है जिसे हिंदू धर्मावलम्बी, ब्रम्हांड के हर कण के निर्माण एवं विध्वंस के कारण और कारक के रूप में दूर्गा,पार्वती,या देवी के विभिन्न स्वरूपों का मनन एवं पूजन करके अपने को शक्ति के समक्ष समर्पण करता है।आधुनिक भौतिक वैज्ञानिक आज जिस सत्य को साधे हैं या साधने को तत्पर हैं उसे सनातनी वेदों और धर्मशास्त्रों के अनुसार,हजारों हजार साल पहले हीं, हमारे ऋषि, मुनियों द्वारा साधा जा चूका है। इसलिये आधुनिक विशिष्ट वैज्ञानिक अनुसंधान या निर्माण के पिछे ज्ञान के स्त्रोत के संदर्भ में पुछे जाने पर, उत्तर होता है सनातनी धर्मग्रंथ। सनातनी श्रेष्ठ वैज्ञानिक अवधारणा के सत्य को स्वीकार किया जा रहा है तथापि विश्व के कुछ पंथ विशेष,अज्ञान एवं प्रकृति के विरुद्ध स्थापित व्यक्तिगत अवधारणाओं के पिछे पागल बन, प्रकृति प्रदत्त कर्तव्यों से विमुख राक्षसी पंथ पर अग्रसर हैं। आइये,हम भी अपने मानवीय बुद्धि, विवेक से सनतनी वैज्ञानिक और आध्यात्मिक पहलु को समझने का प्रयास करें। वैसे सत्य तो ये है कि प्रेरणा देने वाले ईश्वर के सिवा दूसरा पूर्ण नहीं हो सकता।----


ऊर्जा हीं प्रकृति का शास्वत सत्य है` प्रकृति के निर्माण में मूल तत्व ऊर्जा,विध्वंस की स्थिति में भी उपस्थित ऊर्जा! चाहे पादप हो या जन्तु,जीवन के हर पक्ष के लिए उत्तरदायी है यही "ऊर्जा"` शरीर के निर्माण में, चलने फिरने, बोलने, देखने, हंसने , हर क्रिया के मूल में "ऊर्जा"` प्रकृति के हर पदार्थ का न्यूनतम रुप, परमाणु` जिसका निर्माण घटक- न्यूक्लियस, न्यूट्रॉन और प्रोटान` अदृश्य ऊर्जा से निर्मित, न्यूक्लियस,न्यूट्रॉन और इनपर गतिशील प्रोटान! केंद्र में अवस्थित न्यूक्लियस और न्यूट्रॉन और इसके चारों ओर गतिशील प्रोटॉन,सूक्ष्म ऊर्जा की ओर इशारा करते हैं। यहीं से ईश्वर या परमात्मा की अवधारणा बनती है।आज भौतिक विज्ञान भी इसी अदृश्य ऊर्जा की उपस्थिति को, ईश्वर की सत्यता के रूप में स्वीकार करने को बाध्य है`

ऊर्जा*जितनी सूक्ष्म उतनी हीं शक्तिशाली`---

शायद होमियोपैथिक दवा निर्माण में इसी सत्य को साधा गया है` मूल अर्क की मात्रा जितनी कम होती जाती है शक्ति उतनी हीं बढ़ती जाती है`

अब हम अपने शरीर को हीं लेते हैं- शरीर में स्थित वो सुक्ष्म ऊर्जा का स्वरूप, जिसे हम आत्मा का नाम देते हैं, ज्योंहि शरीर छोड़ता है कि शव का रुप ले लेता है` सारी शारीरिक क्रियायें खत्म! फिर, ये भौतिक शरीर भी सड़-गलकर या जलकर ऊर्जा का हीं निष्पादन करता है` ये सुक्ष्म ऊर्जा जिसे हम आत्मा का नाम देते हैं कितनी शक्तिशाली हैड्ड इसके शरीर में रहने पर हम सभी शारीरिक क्रियायें संपन्न करते हैं और बाहर निकलते हीं......`

ऊर्जा के रुप अलग अलग हो सकते हैं जिसे समाहित या उन्मुक्त की संज्ञा दी जाती है` ऊर्जा नष्ट नहीं होती, अपना स्वरूप बदल लेती है जैसे बिजली, बल्बों के माध्यम से प्रकाश और गर्मी के




रूप में, किरासन तेल का लालटेन में प्रकाश एवं ताप के रूप में इसी तरह हमारी शारीरिक एवं मानसिक गतिविधियां भी ऊर्जा का हीं रूप हैं` शरीर के अलावे हमारे विचार करने की क्षमता, बुद्धि, विवेक, भावनायें यहाँ तक की कल्पना करने की क्रियाविधियां भी इसी ऊर्जा की हीं देन हैं` तात्पर्य कि हर पदार्थ के निर्माण के पिछे आधार,चाहे दृश्य हो या अदृश्य,ऊर्जा हीं है` स्पष्ट है ऊर्जा नष्ट नहीं




हो सकती, इसका स्वरूप बदलता रहता है अर्थात हिंदू धार्मिक सनातनी सिद्धांत के अनुसार ऊर्जा का अति सूक्ष्म रूप "आत्मा" अमर होती है, इसका नाश नहीं होता, पूर्णतः सत्य है` दुसरा तथ्य कि उर्जा जितनी सूक्ष्म उतनी हीं अधिक शक्तिशाली!!!


भौतिक श्रेष्ठ वैज्ञानिक, इस तथ्य को स्वीकार करते हैं कि ब्रम्हांड एक ज्यामितीय संरचना है इसमें अनगिनत आकाश गंगायें हैं , प्रत्येक आकाश गंगा, अनगिनत ग्रह, तारों का समूह है` अर्थात ब्रम्हांड अनंत है और यह अनंत रुपी ब्रम्हांड अनंत काल से अनंत में, अनंत की ओर अनंत गति से गतिशील है` ये ब्रम्हांड ऊर्जा का हीं रूप है अर्थात उर्जा हीं इस अनंत ब्रम्हांड के निर्माण, गति एवं इसके अवयवों में होने वाले परिवर्तनों का कारण भी है`

अब आइये जरा विचार करें- हमने अनुभव किया कि उर्जा के स्थूल रूप की अपेक्षा सूक्ष्म रूप अधिक शक्तिशाली हीं नहीं बल्कि भौतिक स्वरूप के निर्माण एवं गतिविधियों का कारक भी उर्जा का सूक्ष्म स्वरूप हीं है जैसा कि मनुष्य अपने उपर हीं परख सकता है` आत्मा रुपी सूक्ष्म उर्जा के शरीर से जुदाई के पश्चात स्थूल शरीर स्थितिज उर्जा के रूप में शेष रह जाता है` तब तो इस ब्रम्हांड का निर्माण करने वाली या आत्मा रुपी सूक्ष्म उर्जा के निर्माण के पिछे जो उर्जा होगी वो परम अनंत सूक्ष्म उर्जा होगी जो पदार्थ के सूक्ष्मतम कण अणु फिर इसके भाग परमाणु फिर इसकी संरचना में न्यूक्लियस एवं न्यूट्रॉनों पर गतिशील प्रोटानों के निर्माण एवं गति के लिये उत्तरदायी होने के साथ साथ पुरे ब्रम्हांड के निर्माण एवं गति के लिए उत्तरदायी है` तो ऐसे परम अनंत सूक्ष्म उर्जा को हम क्या नाम दें!!!

यही परम-उर्जा, ईश्वर का सच है और इसकी सच्चाई




हम, उर्जा के हीं प्रोडक्ट- बुद्धि, से समझने का प्रयास तो करते हैं लेकिन उस परम-उर्जा तक पहुँच, नहीं बना पाते क्योंकि वहाँ के साक्षात्कार के लिए बुद्धि या ज्ञान प्रयाप्त नहीं होतोउस अवरोध को हटाने या उसे पार करने हेतु भी उर्जा के हीं सूक्ष्म स्वरूप " भावना " या दुसरे शब्दों में भक्ति की आवश्यकता होती है`यही भक्ति या समर्पण, अंतिम सीढ़ी है जो परम-उर्जा अर्थात ईश्वर से मिलन का मार्ग प्रशस्त



करता है` मीरा की भक्ति की कथा आपने सुनी होगी `जब मीरा को वृंदावन से वापस अपने राज्य में आने को विवश किया गया तो वो सशरीर , अपने अराध्य प्रभु श्री कृष्ण की मूर्ति में समाकर एकाकार हो गई ` उनके शरीर का स्थितिज उर्जा भी अदृश्य सूक्ष्म उर्जा में बदल कर परम-उर्जा में विलीन हो गया` अर्थात ज्ञान और बुद्धि से ईश्वर को समझने की चेष्टा सफल हो सकती है लेकिन ईश्वर से साक्षात्कार का अंतिम अस्त्र, मानवीय व्याप्त उर्जा के सूक्ष्मतम स्वरूप "भक्ति" हीं है`

अब इस अनंत ब्रम्हांड में अपनी अपनी परिकल्पना के अनुसार सोचिये कि जब किसी भोतिक या अभौतिक स्थिति के निर्माण के मूल में उर्जा है तो पृथ्वी पर उर्जा का सर्वश्रेष्ठ प्रतिकृति मनुष्य है ऐसी स्थिति में,अपने सुपर कृति से प्रकृति के पक्ष में उत्तरदायित्व की अपेक्षा भी बनती है।

इस निर्माण के पीछे परम उर्जा का उद्देश्य भी निहित होगा, कुछ अपेक्षायें भी होंगी। चूंकि हर मनुष्य ऐसे गुढ़ विषय-वस्तु को समझ पाने में समर्थ नहीं हो सकता तो इस परम सूक्ष्म उर्जा को शिव, विष्णु,राम, कृष्ण, पार्वती, लक्ष्मी,काली माता के विभिन्न आकृतियों में स्वीकार करता आया है जो शास्त्रीय और व्यवहारिक भी है क्योंकि व्यक्ति शून्य में परम उर्जा का ध्यान नहीं कर सकता। हमारा "सनातन अर्थात हिंदू धर्म" पूर्णरूपेण भोतिक और आध्यात्मिक विज्ञान पर आधारित मानव पथ निर्धारक है। ये परम उर्जा ब्रम्हांड के हर कण में व्याप्त है जिसके सामेकित स्थिति को हीं ईश्वर कहते हैं

सनातनी हिंदूओं के धार्मिक त्योहारों में अनंत भगवान के व्रत और पूजन की परम्परा रही है और उपर वर्णित वैज्ञानिक उर्जा के सिद्धांतों पर पूर्णतः खरा उतरता हैगीता में श्रीकृष्ण कहते हैं कि मैं कण, कण में वास करता हूँ, मैं हीं ब्रम्हांड हूँ अर्थात सनातनी हिंदू धार्मिक सिद्धांत पूर्णरूपेण परम उर्जा रुपी ईश्वर की परिकल्पना को सार्थक करता है`

इसप्रकार सिद्ध होता है कि मानव, नाहक हीं अज्ञानता से वशीभूत होकर , विभिन्न प्रकार के पंथों के चक्कर में पड़कर, परस्पर विभेद उत्पन्न करता है`

आइये! हम सभी एक स्वर में जयघोष करते हुए आवाज दें-- परम उजार्वान अनंत भगवान की जय परमात्मा को सिद्धांतों, ज्ञान और विवेक के पैरामीटर पर नापना संभव नहीं हां दूरियां कुछ कम की जा सकती हैं। चूंकि वैज्ञानिक एवं प्राकृतिक नियमों पर आधारित विवेचना पर दृष्टि देने पर विश्व में धर्म सिर्फ और सिर्फ सनातन अर्थात हिंदू धर्म है। यदि ईश्वर ने सबसे चेतनशील प्राणी के रूप में मनुष्य को पृथ्वी पर अवतरित किया है तो उसके द्वारा श्रेष्ठ कर्म एवं कर्तव्यों की भी अपेक्षा की होगी जिसमें प्रकृति का संरक्षण एवं सामंजस्य, मानवीय मूल्य जिसमें दया,क्षमा, अहिंसा, त्याग जैसे गुणों का समावेश होता है। यदि कोई पंथ जो ईश्वर द्वारा मनुष्य के निमित उद्देश्यों के विरुद्ध जाता है या दिखता है वो धर्म नहीं विषेश पंथ होते हैं जो मानवता के सर्वथा विरुद्ध दृष्टिकोणों पर अवलंबित और राक्षसी प्रवृत्ति के पोषक बनते हैं। आप सब ईमानदारी से सनातन या हिन्दू धर्म के सिद्धांतों और अन्य पंथों का तुलनात्मक अध्ययन करके स्पष्ट रूप से परख सकते हैं लेकिन मानवता के ईश्वर प्रदत्त अनुगमन को छोड़ दानवी प्रवृत्ति को स्वीकार करते हैं उनकी बात हीं क्या!!!!! हिंदू धर्म में विकसित,देवी देवताओं की मूर्ति या चित्र पूजन के पिछे का उद्देश्य,उस "परम सूक्ष्म ऊर्जा" अर्थात ईश्वर से तारतम्यता स्थापित करना है क्योंकि शून्य में ध्यान केंद्रित करना संभव हीं नहीं, शून्य में मन को वश में रखना संभव नहीं। ध्यान भटकने लगेगा और मन,इक्छायें आसुरी दिशाओं की ओर उत्प्रेरित होने लगेगा।अतः ध्यान केंद्रित करने की वैज्ञानिक प्रणाली मूर्ति पूजन या चित्र पूजन बनी। अब चूंकि जन्म देने या सृजन कर्ता को माता का स्वरूप दिया गया है अतः नवरात्र में ईश्वर की अराधना शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा या अन्य देवियों के रूप में किया जाता है। हम ईश्वर को शिव, विष्णु,राम, कृष्ण, गणेश, या दूर्गा, लक्ष्मी, किसी भी रुप में अराध्य बनावें, कृपा ऐसी कि हम जिस रूप में "परम सूक्ष्म ऊर्जा" की परिकल्पना करते हैं उसी रुप में वो अपने साधकों या भक्तों पर कृपा उड़ेल देती है। दुसरे शब्दों में "परम सूक्ष्म ऊर्जा" तक पहुंच बना देती है। जैसे स्वामी परमहंस जी को मां काली के रूप में "परम सूक्ष्म ऊर्जा" रुपी ईश्वर का दर्शन होता था। उपरोक्त आधार पर "एक ईश्वर" की अवधारणा की हीं पुष्टि होती है।

हम देवी की स्तुति करते हैं -- "या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रुपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।"

तो आइये हमसभी"परम सूक्ष्म ऊर्जा" रुपी मां देवी दुर्गा,का ध्यान धरें और प्रेम से बोलें -- "जय माता दी"



शुभम शुभम,
--प्रोफेसर राजेन्द्र पाठक
(समाजशास्त्री)

# भारत–अमेरिकी रिश्ते: मतभेदों के बीच सहयोग का भविष्य

भारत और अमेरिका के रिश्ते हमेशा से उतार–चढ़ाव वाले रहे हैं। कभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकातों ने इन संबंधों में गर्मजोशी पैदा की, तो कभी टैरिफ, रूस से तेल खरीद और वीजा विवादों ने इन्हें कसौटी पर खड़ा किया। हाल ही में अमेरिकी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मार्गरेट मैकलियोड ने इन सभी मुद्दों पर खुलकर अपनी राय रखी और यह समझाने की कोशिश की कि दोनों देशों के बीच मतभेद जरूर हैं, लेकिन सहयोग की संभावनाएँ कहीं ज्यादा मजबूत हैं।

सबसे बड़ा विवाद रूस से तेल खरीद को लेकर है। भारत का कहना है कि उसकी ऊर्जा जरूरतें उसे रूस से तेल खरीदने के लिए मजबूर करती हैं और यह फैसला उसके आर्थिक हितों के मुताबिक है। ऊर्जा सुरक्षा के लिहाज से यह उसके लिए "इंडिया फर्स्ट" नीति का हिस्सा है। लेकिन अमेरिका इसे दूसरे दृष्टिकोण से देखता है। मार्गरेट मैकलियोड का कहना है कि रूस को तेल बेचकर मिलने वाली रकम सीधे उसकी वॉर मशीन और यूक्रेन पर हमलों को फंड करती है। राष्ट्रपति ट्रंप की चिंता यह है कि जब तक रूस को आर्थिक संसाधन मिलते रहेंगे, तब तक युद्ध और हिंसा बंद नहीं होगी। इसलिए तेल खरीद को रोकना वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिहाज से जरूरी है। हालाँकि मार्गरेट ने यह स्वीकार भी किया कि भारत को अपने राष्ट्रीय हित देखने का अधिकार है, लेकिन उन्होंने यह जोड़ा कि इस मसले पर सहयोग और संवाद से बेहतर समाधान निकाला जा सकता है।

व्यापार और टैरिफ को लेकर भी हाल में विवाद बढ़ा है। अमेरिका ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया और बाद में रूस से तेल खरीद का हवाला देकर इसे और बढ़ा दिया। इससे भारतीय निर्यातकों और उद्योग जगत को गहरी चोट पहुँची। फिर भी अमेरिकी प्रवक्ता ने उम्मीद जताई कि चल रही बातचीत से कोई सकारात्मक रास्ता निकलेगा। उनका कहना था कि दोनों पक्ष समझते हैं कि टकराव से किसी को लाभ नहीं, बल्कि बातचीत और समझौते से ही व्यापारिक रिश्ते मजबूत हो सकते हैं।

एक और बड़ा मुद्दा एच-1बी वीजा का है, जिस पर भारतीय पेशेवरों की सबसे अधिक निर्भरता है। अमेरिका की सिलिकॉन वैली और तकनीकी जगत में भारतीयों की भागीदारी और योगदान सर्वविदित है, लेकिन ट्रंप प्रशासन ने वीजा फीस बढ़ाकर और शर्तें सख़्त कर उन्हें प्रभावित किया। इस पर मार्गरेट मैकलियोड ने कहा कि यह कदम "अमेरिका फर्स्ट" नीति का हिस्सा है। उनके अनुसार, पहले अमेरिकी नागरिकों को नौकरी और ट्रेनिंग के अवसर मिलने चाहिए, और इसी वजह से यह बदलाव किए गए। उन्होंने यह भी दावा किया कि कुछ कंपनियां वीजा का दुरुपयोग कर केवल ट्रेनिंग देने के लिए विदेशी कर्मचारियों को बुलाती थीं, इसलिए इसे नियंत्रित करना जरूरी था।

भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग भी चर्चा का विषय है। भारत पारंपरिक रूप से अपने हथियारों और रक्षा जरूरतों के लिए रूस पर निर्भर रहा है, लेकिन अमेरिका भी भारत जैसे बड़े बाजार में अपनी जगह बनाना चाहता है। मार्गरेट ने कहा कि अमेरिकी रक्षा उद्योग दुनिया भर में बेहतरीन माना जाता है और भारत उसके इस्तेमाल से काफी लाभ उठा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि दोनों देशों के बीच कई रक्षा सौदे हो चुके हैं और भविष्य में और संभावनाएँ खुली हैं। यह संकेत है कि अमेरिका केवल व्यापार या ऊर्जा में ही नहीं, बल्कि रणनीतिक साझेदारी में भी भारत को एक अहम सहयोगी मानता है।

इन सभी विवादों और मतभेदों के बावजूद मार्गरेट मैकलियोड का कहना है कि भारत और अमेरिका के रिश्ते मजबूत हैं और बिगड़े नहीं हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देश लोकतांत्रिक मूल्य साझा करते हैं, उनके बीच सहयोग की संभावनाएँ बहुत व्यापक हैं और बातचीत से हर समस्या का समाधान निकाला जा सकता है। उनका मानना है कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देता है, अमेरिका भी ऐसा ही करता है, लेकिन इन हितों के बीच भी साझा आधार ढूँढ़ा जा सकता है।

कुल मिलाकर भारत "इंडिया फर्स्ट" और अमेरिका "अमेरिका फर्स्ट" पर चलता है। यही कारण है कि कई बार दोनों के हित टकराते हैं और कई बार मेल खाते हैं। रूस से तेल खरीद भारत की जरूरत है, लेकिन अमेरिका इसे वैश्विक सुरक्षा के नजरिए से देखता है। टैरिफ और वीजा विवाद तत्कालिक तनाव पैदा करते हैं, लेकिन रक्षा और रणनीतिक सहयोग रिश्तों को संतुलन देते हैं। प्रवक्ता के शब्दों में, "भारत अपने हित जरूर देखे, लेकिन हमारे साझा हित और सहयोग के अवसर कहीं ज्यादा बड़े हैं।" यही वह संतुलन है जो आने वाले समय में भारत–अमेरिका रिश्तों की दिशा तय करेगा।



- महेन्द्र तिवारी
पता: स्थापना अनुभाग, राष्ट्रीय अभिलेखागार, जनपथ, नई दिल्ली- 110001

# एक थे तौकीर, एक हैं योगी – और बीच में जनता"

**(राजनीतिक व्यंग्य)**

एक जमाना था जब राजा लोग हाथी पर चढ़कर आते थे। फिर जमाना आया जब नेता लोग रथ में बैठकर आते हैं, और आजकल कुछ तो ट्विटर पर ही सवारी निकालते हैं।

तौकीर राजा भी एक ऐसे ही स्वघोषित राजा हैं – अब जनता भले ही उन्हें पहचानने में कन्फ़्यूज हो जाए, लेकिन उनकी टोपी और बयान दोनों खुद-ब-खुद पहचान बना देते हैं। और वहीं दूसरी ओर हैं योगी जी – जिन्होंने भगवा को इतना ब्रांड बना दिया कि अब लोग केसरिया झंडा देखकर मंदिर समझने लगते हैं, चाहे वो बिजली का खंभा ही क्यों न हो।

तौकीर राजा का हाल कुछ ऐसा है जैसे किसी पुराने अखबार की कटिंग – थोड़ी पीली, थोड़ी कटी-फटी, पर फिर भी कोशिश में लगे रहते हैं कि "कहीं छप जाऊं"। मुद्दा कुछ भी हो – वो कहेंगे, "मुस्लिमों के साथ अन्याय हुआ है।" अब कौन समझाए कि भैया, इस बार ट्रेन लेट हुई है, उसका धर्म नहीं है।

उधर योगी जी हैं, जो बोलते तो कम हैं, लेकिन जब बोलते हैं तो लगता है जैसे दंभी राक्षसों पर शस्त्र चल रहा हो। उनका हर भाषण कुछ यूं होता है –

"माफियाओं को नेस्तनाबूद कर दिया जाएगा!"

जैसे यूपी कोई राज्य न होकर 'रामायण का युद्धस्थल' हो।

तौकीर राजा कहते हैं – "हमें डर लगता है योगी राज में!"

और जनता कहती है – "हमें हंसी आती है तौकीर राज में!"

अब मामला ये है कि तौकीर राजा आए दिन खुद को मुस्लिमों का मसीहा घोषित करते हैं, और योगी जी रोज सुबह उठकर माफिया सूची अपडेट करते हैं – जैसे मोबाइल में कॉन्टैक्ट लिस्ट होः

अतीक - डिलीटेड
मुख्तार - डिलीटेड
तौकीर - Blocked

और बीच में फंसी है जनता झ जो कभी मुस्कराती है, कभी महंगाई से कराहती है, और बाकी समय न्यूज चैनलों की डिबेट देखकर टीवी पर चप्पल मारती है।

तौकीर राजा को लगता है कि वो लाखों मुस्लिमों के नेता हैं,
और योगी जी को लगता है कि वो रामराज्य के महारथी हैं।

हकीकत ये है कि दोनों अपने-अपने माइक्रोफोन में चिल्ला रहे हैं झ और जनता सोच रही है, "भैया, रोटी मिल जाए तो दोनों को रामराम!"

**नोटः यह व्यंग्य सिर्फ हास्य व तंज के उद्देश्य से लिखा गया है। किसी की धार्मिक या राजनीतिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना इसका उद्देश्य नहीं है।**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# यूपी में महिला उद्यमिता को मिल रही नई उड़ान, यूपीआईटीएस में दिख रहा महिला शक्ति का जलवा

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा, 28 सितंबर। आठ साल पहले लखनऊ में के छोटे से कमरे में बैठी डॉ. निधि जैन के पास केवल सपने थे और उन्हें पूरा करने का जज्बा। परिवार और समाज की तमाम जिम्मेदारियों के बीच उन्होंने अपने हुनर पर विश्वास किया और महिला परिधानों में पारंपरिक लखनऊ चिकनकारी और इंब्रायडरी को आगे बढ़ाने का फैसला लिया। शुरूआत में संसाधन सीमित थे, लेकिन हौसला अटूट। यही वजह रही कि उनका छोटा-सा काम धीरे-धीरे लखनऊ शहर से निकलकर नोएडा तक पहुंच गया। आज उनके पास न केवल लखनऊ में, बल्कि नोएडा में भी आधुनिक स्टूडियो हैं, जहां 30 से 40 महिलाएं रोजगार पा रही हैं। उनकी मेहनत और लगन ने उनके ब्रांड को एक पहचान दिलाई है। खास बात यह है कि



उनके द्वारा बनाई गई कढ़ाई पूरी तरह से हैंडमेड होती है, जिसमें एक-एक डिजाइन तैयार करने में महीनों का समय लग जाता है।

### योगी सरकार ने दिया नई ऊंचाइयों तक पहुंचने का विश्वास

डॉ. जैन मानती हैं कि उनकी सफलता की कहानी केवल उनकी मेहनत की नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश में बदले माहौल की भी गवाही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में महिला उद्यमियों के लिए जो नीतियाँ बनीं, उनका उन्हें सीधा लाभ मिला। चाहे ब्याजमुक्त लोन हो, आसान सब्सिडी स्कीम्स हों या बिजनेस स्थापित करने की सहूलियत–आज हर महिला को प्रदेश में अपनी पहचान बनाने का अवसर मिल रहा है। डॉ. जैन कहती हैं कि योगी सरकार ने महिला उद्यमियों को फुल सपोर्ट दिया है। आज हम सर उठाकर आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के निर्माण में योगदान कर पा रहे हैं।

### यूपीआईटीएस 2025 से महिला शक्ति को मिला बड़ा मंच

उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (वढक्ळर 2025) इस नई सोच और बदलते परिदृश्य का सबसे बड़ा प्रमाण है। लखनऊ और नोएडा से अपने ब्रांड को खड़ा करने वाली डॉ. जैन भी इस शो का हिस्सा बनीं। उन्होंने स्टॉल नंबर 15 पर अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई। यहां आने वाले राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खरीदारों ने उनके चिकनकारी डिजाइनों की खूब सराहना की। उनके स्टॉल पर महिलाओं की भागीदारी और रोजगार का मॉडल देखकर अन्य महिला उद्यमियों को भी प्रेरणा मिली। उनके अनुसार, यूपीआईटीएस 2025 केवल एक ट्रेड शो नहीं, बल्कि यह संदेश है कि उत्तर प्रदेश अब महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित और अनुकूल निवेश गंतव्य बन चुका है।

### बदलते उत्तर प्रदेश में बदलती महिलाएं

डॉ. निधि जैन के मुताबिक, पिछले साढ़े आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने एक ऐतिहासिक बदलाव देखा है। व्यापार करना और व्यापार शुरू करना अब बेहद आसान हो गया है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में प्रदेश ने बड़ी छलांग लगाई है। बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी से व्यापारियों को राष्ट्रीय और वैश्विक बाजार तक पहुंचने में आसानी हो रही है। सबसे बड़ी बात ये है कि अब महिला उद्यमियों को सुरक्षा और आत्मविश्वास दोनों मिल रहा है।

महिला सशक्तिकरण की नई मिसाल आज डॉ. निधि जैन जैसी उद्यमी न केवल खुद आत्मनिर्भर बनी हैं, बल्कि अन्य महिलाओं को भी रोजगार और सम्मानजनक जीवन का अवसर दे रही हैं। इस तरह की कहानियाँ इस बात का सबूत हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश महिला सशक्तिकरण की दिशा में क्रांतिकारी बदलाव का साक्षी बन रहा है। डॉ. निधि जैन की यह यात्रा केवल उनकी व्यक्तिगत सफलता की कहानी नहीं है, बल्कि यह उस बदलते उत्तर प्रदेश की तस्वीर है,

# सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं बच्चों को ड्रेस किया गया वितरित

समाज जागरण

उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार प्रदेश में 17 सितम्बर 2025 से 02 अक्टूबर 2025 तक सेवा पखवाड़ा अभियान मनाया जा रहा है। शासन के निदेर्शों के क्रम में अभियान के सफल आयोजन हेतु जनपद स्तर पर दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरित किए जाने की कार्यवाही संचालित की जा रही है। इसी श्रृंखला में विगत दिवस दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत दिव्यांगजनों को व्हील चेयर, कान की मशीन एवं बैशाखी वितरित करने के साथ ही बचपन डे-केयर सेंटर के बच्चों को ड्रेस वितरण कार्यक्रम का आयोजन विकास खंड बिसरख, जनपद गौतमबुद्धनगर में शिविर लगाकर किया गया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक दादरी तेजपाल नागर उपस्थित रहे। इसके साथ ही भाजपा जिलाध्यक्ष गौतमबुद्धनगर अभिषेक शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष महानगर महेश चौहान, मा0 ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्यामेन्द्र नागर सहित अन्य गणमान्य जनों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकान्त द्विवेदी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी आशीष कुमार सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी लवेश कुमार सिसोदिया, खंड विकास अधिकारी बिसरख फनीश कुमार तथा विभागीय अधिकारियों/ कर्मचारियों ने सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों द्वारा दिव्यांगजनों को आवश्यक सहायक उपकरण प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प को दोहराया गया तथा बच्चों को ड्रेस वितरण कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# चौथे दिन भी वैश्विक साझेदारियों का जारी रहा क्रम, ओडीओपी और जीआई उत्पादों पर फोकस

## ट्रेड शो से मजबूत हुए कारोबारी रिश्ते, यूपी से दुनिया तक बिजनेस की नई संभावनाएं टटोलीं

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा, 28 सितंबर। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के चौथे दिन भी खरीदार और विक्रेताओं के बीच बी2बी मीटिंग्स का सिलसिला जारी रहा। प्रतिभागियों ने न केवल कारोबार पर चर्चा की, बल्कि विभिन्न सेक्टरों में नई साझेदारियों और सहयोग के अवसरों को भी तलाशा।

### कारोबार पर फोकस

टेक्सटाइल, हैंडीक्राफ्ट, गारमेंट्स, लेदर, फूड प्रोसेसिंग, फार्मा, इलेक्ट्रॉनिक्स और डिफेंस समेत कई क्षेत्रों के उत्पादों ने अंतरराष्ट्रीय खरीदारों को आकर्षित किया। इस बार विशेष फोकस ODOP और GI उत्पादों पर रहा, जिससे उत्तर प्रदेश की अनोखी ताकत को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित किया गया। नए बिजनेस अवसर और साझेदारियां इस ट्रेड शो की सफलता को और आगे बढ़ा रही हैं।

# ट्रेड शो ने रोजगार के नए द्वार खोले : राज्य सूचना आयुक्त

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा। राज्य सूचना आयुक्त वीरेन्द्र सिंह वत्स ने रविवार को ग्रेटर नोएडा के अंतरराष्ट्रीय ट्रेड शो में





विभिन्न विभागों के स्टाल देखे। उन्होंने कहा कि ट्रेड शो का बढ़ता आकार और जनता की बढ़ती भीड़ नई उम्मीद जगाने वाली है। ट्रेड शो में प्रदर्शित नए-नए उत्पाद रोजगार के नए द्वार खोल रहे हैं।

राज्य सूचना ने कहा कि ट्रेड शो परिसर में आने वाली अधिकतर भीड़ युवा है, जिसकी आँखों में भविष्य के सुनहरे सपने हैं और मन में आगे बढ़ने का संकल्प। विभिन्न स्टालों पर भी युवाओं की संख्या अधिक है जो यह बताती है कि युवा उद्यमी केन्द्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न रोजगार योजनाओं के बल पर सफलता की नई कहानी लिख रहे हैं।

राज्य सूचना आयुक्त ने ट्रेड शो परिसर में विशेष रूप से उत्तर प्रदेश पुलिस, पर्यटन, नमामि गंगे, ओडीओपी, नोएडा प्राधिकरण, जेसीएस हनी तथा विभिन्न कार कंपनियों के स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि ट्रेड शो की अवधि बढ़ाई जानी चाहिए ताकि इसका फायदा ज्यादा लोगों तक पहुंच सके।

# विकसित भारत" की थीम पर आयोजित होगी चित्रकला प्रतियोगिता विजेता को मिलेंगे 51000

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर 28 सितंबर 2025 जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि शासन द्वारा सेवा पखवाड़ा-2025 के अंतर्गत 'विकसित भारत' की व्यापक थीम पर दिनांक को 30 सितम्बर, 2025 को राजकीय इंटर कॉलेज सेक्टर-12 में प्रातः 09 बजे से चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

इसका मुख्य उद्देश्य कलाकारों, कला विद्यार्थियों एवं कला प्रेमियों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करना है, ताकि वे कलात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से विकसित, आत्मनिर्भर एवं डिजिटल भारत की परिकल्पना और प्रधानमंत्री जी तथा मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व को प्रदर्शित कर सकें।

प्रतियोगिता तीन वर्गों- क्रमशः जूनियर वर्ग (कक्षा 9 से 12) एवं सीनियर वर्ग (स्नातक एवं परास्नातक) एवं सामान्य वर्ग में आयोजित की जायेगी। सामान्य वर्ग की प्रतियोगिता में किसी भी आयु वर्ग का चित्रकार/कला प्रेमी प्रतिभाग कर सकता है।

सीनियर वर्ग (स्नातक एवं परास्नातक) एवं सामान्य वर्ग की प्रतियोगिता दिनांक 24 सितम्बर को राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-39 में आयोजित की गयी थी। दोनों वर्ग सीनियर वर्ग एवं सामान्य वर्ग को पुनः एक बार अवसर देते हुए दिनांक 30 सितम्बर, 2025 को राजकीय इंटर कॉलेज सेक्टर-12 में आमंत्रित किया गया है। जिला समन्वयक समग्र शिक्षा गौरव त्यागी द्वारा बताया कि जिन प्रतिभागियों ने दिनांक 24 सितंबर को प्रतिभाग किया था उन्हें पुनः प्रतिभाग करने की आवश्यकता नहीं है।

प्रत्येक वर्ग की प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार हेतु चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा। तीनो वर्गों में पृथक-पृथक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार स्वरूप क्रमशः रूपया 51,000/-, 21,000/- एवं 11,000/- की पुरस्कार राशि के साथ-साथ फ्रेम किये गये प्रमाण-पत्र भी प्रदान किये जायेंगे। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

# 9 अक्टूबर से प्रदेश के सभी 75 जिलों में ट्रेड शो आयोजित करेगी सरकार: राकेश सचान

## खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री बोले— खादी केवल वस्त्र नहीं, बल्कि विचार है

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा, 28 सितंबर। केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी स्लैब में कटौती के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने उद्यमियों को बड़ा तोहफा दिया है। खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने घोषणा की कि प्रदेश के सभी 75 जिलों में 9 से 16 अक्टूबर तक आठ दिवसीय ट्रेड शो आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में उद्यमियों को निःशुल्क स्टॉल उपलब्ध कराए जाएंगे ताकि वे अपने उत्पादों का व्यापक प्रचार-प्रसार कर सकें।

यह घोषणा मंत्री ने यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के चौथे दिन "खादी फॉर नेशन, खादी फॉर फैशन" विषय पर आयोजित सेमिनार में की।



### एमएसएमई सेक्टर को मिली नई ऊर्जा

राकेश सचान ने कहा कि जीएसटी लागू होने के बाद पहली बार इतने बड़े स्तर पर सुधार किया गया है, जिससे एमएसएमई सेक्टर को नई ऊर्जा मिली है। पहले केवल मंडल स्तर पर ट्रेड शो आयोजित होते थे, लेकिन यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की सफलता को देखते हुए सरकार ने इसे अब जिला स्तर पर भी ले जाने का निर्णय लिया है। इन शो में खादी, टेक्सटाइल, ODOP समेत सभी सेक्टर के उद्यमी भाग लेंगे। अधिकारियों को इसके लिए उपयुक्त स्थान तय करने के निर्देश दे दिए गए हैं।

### खादी उत्पादन और शोरूम घटने पर चिंता

मंत्री ने कहा कि खादी के उत्पादन और शोरूम की संख्या घटने पर सरकार गंभीर है। इस पर विशेषज्ञों और स्टेकहोल्डर्स से लगातार विमर्श हो रहा है। युवाओं को खादी से जोड़ने के लिए विश्वविद्यालयों में खादी शोरूम खोलने की योजना पर भी विचार किया जा रहा है।

### पर्यावरण व स्वास्थ्य के लिए बेहतर है खादी

राकेश सचान ने कहा कि बाजार में उपलब्ध अधिकांश कपड़े पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों के लिए हानिकारक हैं, जबकि खादी पूरी तरह शुद्ध और सुरक्षित है। उन्होंने खादी को महंगा मानने की धारणा को गलत बताते हुए कहा कि अन्य कपड़ों की तुलना में खादी सस्ती है।

### दोगुनी हुई खादी की बिक्री

मंत्री ने बताया कि जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यभार संभाला है, तब से खादी को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली है। प्रधानमंत्री लगातार खादी को डिजाइन और तकनीक से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप बीते वर्षों में खादी की बिक्री दोगुनी से अधिक बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

# पासी समाज के बच्चों को शिक्षा से जोड़ना होगा -:विश्राम पासी

### रोजगार व्यापार में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की जरूरत है

समाज जागरण

जनपद बहराइच विकास खण्ड रिसिया ग्राम ककरा में लाखन आर्मी टीम द्वारा पासी समाज जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया

कार्यक्रम में विश्राम पासी ने कहा सरकारी गैरसरकारी योजनाओं से जुड़ने की जरूरत है हमारा पासी समाज जानकारी के अभाव से अभी सरकारी, गैरसरकारी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहा है पासी ओंकार नाथ चौधरी ने कहा कि सभी पासी बाहुल्य गांवों में लाखन आर्मी टीम द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा जिससे हमारा पासी समाज एकजुट होकर सरकारी गैरसरकारी



योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभान्वित हो। हम सबको मिलकर पासी समाज के भाईयों को रोजगार व्यापार में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की जरूरत है अभी हमारा समाज मेहनत मजदूरी के अलावा व्यापार रोजगार से न जुड़ने के कारण गरीबी की मार झेल रहा है

पासी समाज को अपने बच्चों को शिक्षा से जोड़ना होगा क्योंकि अभी पासी समाज के बच्चे विद्यालय न जाकर बालश्रम कर रहे हैं

कार्यक्रम में लाखन आर्मी टीम के जिला उपसंगठन मंत्री राम स्वरूप पासी, उप प्रचारक देवीपाटन मंडल गोंडा के मनीष कुमार पासी,जिला प्रचारक बहराइच के रामनारायन पासी,उप संगठन मंत्री अजय कुमार पासी,लल्लू राम पासी, रामदीन पासी,राम अचल पासी, सतगुरु प्रसाद पासी,वंशी लाल पासी, जगजीवन पासी, रामदयाल पासी,मेड़ई लाल पासी,विशुन नाथ पासी, रविन्द्र कुमार पासी, रमेश कुमार पासी, सोहन लाल पासी, कमलेश कुमार पासी, सुधीर कुमार पासी, घनश्याम पासी के साथ-साथ सैकड़ों पासी समाज के सदस्यों ने प्रतिभाग किया

# राष्ट्रोत्थान के लिये अनामिक हो सदैव काम करते थे मधुभाई : स्वांतरंजन जी

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व अखिल भारतीय बौद्धिक प्रमुख माधव विनायक उपाख्य मधुभाई कुलकर्णी की श्रद्धांजलि सभा सम्पन्न।**

लखनऊ! राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं पूर्व अखिल भारतीय बौद्धिक प्रमुख माधव विनायक उपाख्य मधु भाई कुलकर्णी जी की श्रद्धांजलि सभा सरस्वती शिशु मंदिर निराला नगर लखनऊ में आयोजित हुई।

मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के पालक स्वांतरंजन जी ने कहा कि, राष्ट्रोत्थान के लिये अनामिक हो सदैव काम करते थे मधुभाई। देश के लिये काम करने की उनमें एक अलग प्रकार की क्षमता थी । स्वांत जी ने आगे कहा कि, परम पूजनीय डॉक्टर साहब ने ऐसा अनोखा संगठन खड़ा किया, जिसमें लाखों अनमोल हीरे जड़ित हैं। उन्होंने कहा था कि, 'निश्चित रूप से संघ का कार्य आगे बढ़ेगा क्योंकि हमें देव दुर्लभ कार्यकताओं की एक टीम मिली है। ऐसे कार्यकर्ता जिनके मन में धुन सवार थी कि देश के लिए हमें बहुत कार्य करना है। उन्हें किसी भवन का कांगुरा नहीं बनना था बल्कि उनमें तो नींव का पत्थर बनने की इच्छा है।

# गांव नलगढ़ा में गुरुद्वारा संगतसर में शहीदे-ए-आजम भगत सिंह को जन्मदिवस पर किया नमन

समाज जागरण

नोएडा। सेक्टर-145 स्थित नलगढ़ा





गांव के ऐतिहासिक गुरुद्वारा संगतसर में शहीदे-ए-आजम भगत सिंह को उनके जन्मदिवस पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह गांव स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में विशेष महत्व रखता है। यहीं पर भगत सिंह और उनके साथियों ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ बम बनाने की गुप्त योजनाएँ तैयार की थीं। गुरुद्वारे परिसर में आज भी वह ऐतिहासिक पत्थर मौजूद है, जिस पर बम की सामग्री मिलाई जाती थी।

भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु और चंद्रशेखर आजाद जैसे महान क्रांतिकारियों ने नलगढ़ा गांव को अपना ठिकाना बनाकर देश की आजादी के लिए गुप्त रणनीतियाँ रचीं। आज आयोजित कार्यक्रम में लगभग 500 श्रद्धालु शामिल हुए। सुबह गुरुद्वारा साहिब से शोभायात्रा निकाली गई, जो पूरे गांव की परिक्रमा कर पुनः गुरुद्वारा साहिब में संपन्न हुई। इस आयोजन में युवाओं की विशेष भागीदारी रही क्योंकि यह जिले का पहला ऐसा ऐतिहासिक आयोजन था, जिसने सभी को आकर्षित किया।

गुरुद्वारा कार्यकारिणी ने आयोजन की सफलता के लिए समस्त ग्रामवासियों, नोएडा पंजाबी समाज (पंजीकृत) और सरबत दा भला (पंजीकृत) का विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देने के साथ-साथ आपसी एकता और सौहार्द को मजबूत करते हैं। साथ ही, यह युवा पीढ़ी में देशप्रेम और बलिदान की भावना को जागृत करने का कार्य करते हैं।

कार्यक्रम के उपरांत गुरुद्वारे में श्रद्धालुओं के लिए लंगर का आयोजन किया गया।

# फेलिक्स हॉस्पिटल की ओर से आयोजित बाइकाथॉन में गूंजा दिल की सेहत का संदेश

समाज जागरण

**-बाइकर्स का काफिला जब सड़क पर दौड़ा तो फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश वातावरण में गूंज उठा**

**-विश्व हृदय दिवस पर फेलिक्स हॉस्पिटल से शुरू हुआ यह आयोजन बायोडायवर्सिटी पार्क तक चला, डॉक्टरों ने दिया फिटनेस का मंत्र**

नोएडा। विश्व हृदय दिवस पर रविवार सुबह फेलिक्स हॉस्पिटल्स की ओर से हार्ले डेविडसन के सहयोग से आयोजित बाइकाथॉन में सैकड़ों प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर दिल की सेहत को लेकर जागरूकता का संदेश दिया। फेलिक्स हॉस्पिटल सेक्टर-137 से शुरू हुआ यह आयोजन बायोडायवर्सिटी पार्क तक चला और पूरे रास्ते लोगों में उत्साह देखने को मिला। बाइकर्स का काफिला जब सड़क पर दौड़ा तो फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश वातावरण में गूंज उठा।

इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव भाटिया मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि हृदय रोगों से लड़ने के लिए सामाजिक स्तर पर प्रयासों की जरूरत है।श्री गौरव भाटिया ने बताया की ऐसे आयोजन न केवल लोगों को शारीरिक गतिविधियों से जोड़ते हैं बल्कि उनमें सामाजिक जिम्मेदारी और एकजुटता का भाव भी जगाते हैं। आयोजन से समाज में सकारात्मक बदलाव आता है और लोग स्वास्थ्य को लेकर सजग होते हैं

विशिष्ट अतिथि के रूप में मीडिया जगत के दिग्गज श्री संत प्रसाद राय जी उपस्थित रहे ।

प्रतिष्ठित हार्ले डेविडसन बाइकर्स में श्री संजीव जौली, श्री सुभाष चोत्राणी, श्री अजय वर्मा, श्री संजय दावर, श्री अरुण दावर एवं अन्य गणमान्य बाइकर्स शामिल हुए। इन सभी हार्ले डेविडसन बाइकर्स ने बाइकैथॉन में अपनी सक्रिय भागीदारी के साथ हृदय स्वास्थ्य जागरूकता अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया।

योग विशेषज्ञ पूर्णिमा जोशी ने बायोडाइवर्सिटी पार्क नोएडा में जुंबा सेशन का नेतृत्व किया, जहाँ उन्होंने लोगों को विभिन्न योगासन सिखाए और हृदय स्वास्थ्य के लिए नियमित योग के वैज्ञानिक लाभों पर जागरूकता फैलाई।

फेलिक्स हॉस्पिटल्स के चेयरमैन डॉ. डी.के. गुप्ता ने बताया की आज हृदय रोग दुनिया भर में सबसे बड़ी स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक है। इसकी रोकथाम के लिए जरूरी है कि लोग समय रहते अपनी




जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलाव करें। नियमित व्यायाम, संतुलित खान-पान और मानसिक तनाव से दूरी बनाए रखना हृदय को स्वस्थ रखने के लिए बेहद जरूरी है। मोटापा, उच्च रक्तचाप और डायबिटीज जैसी बीमारियों से बचाव के लिए दौड़ना, साइकिल चलाना और पैदल चलना जैसी गतिविधियां बेहद कारगर साबित होती हैं। रोजाना 30झ40 मिनट की मध्यम गति की दौड़ हृदय की मांसपेशियों को मजबूत बनाती है। रक्त संचार को बेहतर करती है। शुरूआत करने वालों के लिए हफ्ते में 3झ 4 दिन, 15झ20 मिनट की जॉगिंग पर्याप्त है। रनिंग से ब्लड प्रेशर नियंत्रित रहता है, बुरा कोलेस्ट्रॉल (एलडीएल) घटता है और अच्छा कोलेस्ट्रॉल (एचडीएल) बढ़ता है। दौड़ने से एंडोर्फिन हार्मोन निकलता है, जो मानसिक तनाव को कम करता है। मन को प्रसन्न रखता है। अगर किसी को यदि दौड़ते समय सीने में भारीपन, सांस फूलना या चक्कर जैसी समस्या दिखे तो तुरंत डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए।

वहीं फेलिक्स हॉस्पिटल्स की डायरेक्टर डॉ. रश्मि गुप्ता ने बताया कि इस साल आयोजन की थीम ह्लदिल की धड़कन न चूकेह्व रखी गई थी। यह संदेश हर किसी को यह याद दिलाने के लिए था कि दिल की देखभाल कोई एक दिन का काम नहीं, बल्कि रोजमर्रा की जिम्मेदारी है। हमारा उद्देश्य केवल आज का आयोजन करना नहीं है, बल्कि लोगों में यह आदत डालना है कि वह हर दिन अपनी फिटनेस और हृदय की सेहत के लिए समय निकालें। दिल




की बीमारी से बचाव संभव है, बशर्ते लोग जागरूक होकर सही जीवनशैली अपनाएं। कार्यक्रम के दौरान फेलिक्स हॉस्पिटल्स की ओर से कई रोचक गतिविधियां भी कराई गईं। इनमें जुंबा, कार्डियो टॉक और क्विज ने लोगों को फिटनेस, पोषण और हृदय की देखभाल से जोड़ने का काम किया। जुंबा सत्र में बड़ी संख्या में युवाओं और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्डियो टॉक के दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों ने सरल भाषा में समझाया कि दिल को स्वस्थ रखने के लिए किन आदतों को अपनाना और किन्हें छोड़ना चाहिए। वहीं क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया और नई जानकारियां हासिल कीं। प्रतिभागियों के लिए रिफ्रेशमेंट की भी व्यवस्था की गई थी जिससे पूरे आयोजन का माहौल ऊजार्वान और उत्साहित बना रहा। गुरुग्राम से आए हार्ले डेविडसन बाइकर्स ने बाइकाथॉन में आकर्षण का केंद्र बनकर सभी का ध्यान खींचा। बाइकर्स ने कहा कि वे केवल बाइक चलाने के शौक को ही नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी को भी जीते हैं। आयोजन को लेकर पहले से ही लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम स्थल पर सुबह से ही प्रतिभागियों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया था। नोएडा के अलावा आसपास के क्षेत्रों से भी लोग इस आयोजन का हिस्सा बनने पहुंचे। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने फिटनेस की अहमियत को समझते हुए कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी की।

दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे। उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों मे समाज जागरण को पत्रकार/ छायाकार चाहिए। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करे। विज्ञापन पर आकर्षक कमीशन।

# बबराला रामलीला महोत्सव : सूर्पनखा नासिका भंग से लेकर सीता हरण तक के प्रसंगों ने बांधा समां

**समाज जागरण**

बबराला नगर में चल रहे रामलीला महोत्सव के आठवें दिन शुक्रवार की रात मंचन में सूर्पनखा नासिका भंग, खर-दूषण वध, सीता हरण और जटायु मरण जैसे मार्मिक व रोमांचक प्रसंगों का जीवंत चित्रण किया गया। लीला का शुभारंभ नगर के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा भगवान राम, लक्ष्मण और सीता की सामूहिक आरती से हुआ। मंचन में दिखाया गया कि पंचवटी में विवाह प्रस्ताव लेकर आई सूर्पनखा, लक्ष्मण द्वारा नाक-कान काटे जाने के बाद अपमानित होकर खर-दूषण के पास पहुंचती है। दोनों राक्षस राम-लक्ष्मण से युद्ध करते हुए वीरगति को प्राप्त होते हैं। इसके बाद सूर्पनखा विलाप करती हुई रावण के दरबार में जाती है और अपने



अपमान व भाइयों के वध का वृत्तांत सुनाती है।

रावण प्रतिशोध की ज्वाला में सीता हरण का निश्चय करता है और छल-प्रपंच रचने के लिए मारीच को बुलाता है। मारीच सोने का मृग बनकर पंचवटी में आता है और अपने मायाजाल से सीता जी को छलता है। रावण अवसर पाकर सीता जी का हरण कर लेता है।

रामलीला मंचन को देखकर दर्शक भावुक हो उठे और व्यास पंडित जवाहर शास्त्री की कथा के साथ आत्मसात होते नजर आए। श्रीकृष्ण लीला संस्थान के कलाकारों ने अपनी सशक्त अदाकारी से पात्रों को जीवंत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

# बिजली विभाग की टीम ने छापेमारी कर बिजली चोरी करने वाले 23 उपभोक्ताओं के खिलाफ कराया मुकदमा दर्ज

गुन्नौर बिजली उपखंड के अंतर्गत एसडीओ ऋषि कुमार शुक्ला के नेतृत्व में बिजली चोरी व राजस्व वसूली अभियान चलाया गया जिसमें जुनावई थाना क्षेत्र के गांव महाराजपुर समेत कई जगहों पर बिजली चोरी करने के मामले सामने आए जिनके चलते 23 उपभोक्ताओं के खिलाफ बिजली थाना पुलिस में संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया गया जबकि 72 हजार रुपए की राजस्व वसूली की गई।



गुन्नौर उपखंड अधिकारी ऋषि कुमार शुक्ला ने बताया कि बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ लगातार अभियान जारी है इसके साथ-साथ जिन उपभोक्ताओं पर बिजली बिल बकाया है उनसे वसूली की जा रही है रविवार को गुन्नौर उपखंड के गांव महाराजपुर में छापेमारी कर चोरी करने वाले किसान नेताओं समेत 23 उपभोक्ताओं के खिलाफ मुकदमादर्ज कराया है

# आजादी के महानायक थे सरदार भगत सिंह - चौधरी महिपाल सिंह

**समाज जागरण**

संभल।सरदार भगत सिंह जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करके विचार गोष्ठी में सरदार भगत सिंह को आजादी का महानायक बताया गया।

बहजोई रोड पर स्थित सरदार भगत सिंह पार्क में सरदार भगत सिंह की प्रतिमा पर सरदार भगत सिंह स्मारक समिति, हिंदू जागृति मंच, वीर खालसा सेवादल, श्री रामलीला कमेटी, नगर पालिका परिषद से जुड़े अनेक लोगों ने माल्यार्पण किया। उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि भेंट करते हुए उनके देशभक्ति पूर्ण कार्यों को याद किया।

सरदार भगत सिंह स्मारक समिति द्वारा आयोजित विचार गोष्ठी में सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए चौधरी महिपाल सिंह ने कहा कि सरदार भगत सिंह आजादी के दीवानों मतवालों में सचमुच के सरदार थे मुखिया थे। भारत माता के सच्चे सपूत और भक्त थे शेर जैसी दहाड़ अंग्रेजों को चेतावनी देने वाली




ललकार ऐसी प्रभावी थी कि उनके नाम के आगे लिखे हुए सिंह को सार्थक करती थी। इसलिए उनका नाम सरदार भगत सिंह यथा नाम तथा गुण को चरितार्थ करता है। वास्तव में सरदार भगत सिंह आजादी के मसीहा थे महानायक थे। उनके नेतृत्व में उनके मार्गदर्शन में उनकी आवाज पर असंख्य लोगों ने माता बहनों ने देश के लिए तन मन धन समय सब कुछ न्योछावर कर दिया। श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अनंत कुमार अग्रवाल ने सरदार भगत सिंह का जीवन परिचय सुनाते हुए सरदार भगत सिंह को अदम्य साहस निर्भीकता देशभक्ति चेतना का प्रतीक बताते हुए उनकी प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि भेंट की। राजेंद्र सिंह, डॉ वी पी सिंह, सरदार कुलबीर सिंह, महेंद्र स्वामी, नवजोत सिद्धू, अजय गिल, हरीश कुमार, पप्पू ,भगवान दास शर्मा, विकास कुमार वर्मा, अजय कुमार शर्मा, संजय शर्मा, अभिषेक शर्मा, प्रेम ठाकुर, नितिन वार्ष्णेय, पंकज आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहीद भगत सिंह स्मारक समिति के अध्यक्ष एवं विहिप जिलाध्यक्ष अनंत कुमार अग्रवाल ने की। संचालन सरदार कुलबीर सिंह ने किया।

# नवरात्रि मेले में बुजुर्ग महिला की तबीयत बिगड़ी, पुलिस की तत्परता से बची जान

**समाज जागरण**

मुरादाबाद। काली माता मंदिर में चल रहे नवरात्रि मेले में रविवार सुबह अचानक एक बुजुर्ग महिला की तबीयत बिगड़ गई। भीड़भाड़ के बीच महिला को सीने में तेज दर्द और चक्कर आने लगे। सूचना मिलते ही मौके पर तैनात पुलिसकर्मी तुरंत हरकत में आए और अपनी संवेदनशीलता का परिचय दिया।

जानकारी के अनुसार, लाइन पार थाना मझोला निवासी 70 वर्षीय कमलेश पत्नी नौबत सिंह मंदिर में पूजा के लिए आई थीं। सुबह लगभग 7 बजे अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई। इस पर मेले में मौजूद चौकी प्रभारी ओम शुक्ला, उपनिरीक्षक यमराज सिंह, कांस्टेबल



प्रशांत धामा और महिला कांस्टेबल नीलम राठी तुरंत मौके पर पहुंचे और प्राथमिक उपचार के साथ एंबुलेंस को सूचना दी।

एंबुलेंस आने में देर होने पर थाना मुगलपुरा प्रभारी की गाड़ी से महिला को तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया, जहाँ डॉक्टरों ने समय रहते इलाज शुरू किया। फिलहाल महिला की हालत स्थिर बताई जा रही है।

ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने पुलिस टीम की संवेदनशीलता, तत्परता और मानवता की सराहना की। लोगों का कहना है कि अगर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई न की होती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

# वार्ड 2 में डोर टू डोर जागरूकता अभियान: कूड़ा पृथक्करण की सीख

- नगर पालिका बागपत ने बढ़ाई स्वच्छता की पहल
- ईको इंडिया के साथ होम कम्पोस्टिंग और स्रोत पर कूड़ा पृथक्करण पर जोर

**समाज जागरण**

बागपत। नगर पालिका परिषद बागपत के अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार भडाना ने वार्ड 02, मौ० राजेन्द्र नगर में रविवार को प्रातः काल डोर टू डोर जागरूकता अभियान चलाया। अभियान का उद्देश्य नागरिकों को कूड़े के स्रोत पर पृथक्करण और गीले-सूखे कूड़े को अलग-अलग करने के महत्व के प्रति जागरूक करना था। ईओ कृष्ण कुमार भडाना अपनी टीम के साथ हर घर जाकर नागरिकों को प्रेरित करते हुए शत प्रतिशत स्रोत पर कूड़ा पृथक्करण करने का संदेश दिया। अभियान के दौरान पालिका के



नॉलेज पार्टनर मेसर्स ईको इंडिया इन्वायरमेंट ने वार्ड में सूखे और गीले कूड़े के पृथक्करण व होम कम्पोस्टिंग को बढ़ावा देने के संबंध में चलाए जा रहे जन जागरूकता कार्यों का भौतिक परीक्षण किया। नॉलेज पार्टनर ने नागरिकों से फीडबैक लेकर उनके ज्ञान और समझाने के तरीकों की जानकारी भी ली। इस मौके पर वार्ड 02 की स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति की अध्यक्ष श्रीमती मुन्नी देवी, उनके प्रतिनिधि बिरमपाल तथा प्रोत्साहन समिति के अधिकांश सदस्य उपस्थित रहे। पालिका सफाई निरीक्षक संदीप कुमार तिवारी और उनकी टीम भी अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए हर घर तक संदेश पहुंचाने में लगे रहे। इस अभियान से नागरिकों में कूड़ा पृथक्करण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी है। अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की पहल से न केवल नगर का पर्यावरण स्वच्छ रहेगा, बल्कि नागरिकों में जिम्मेदारी और सतत स्वच्छता की भावना भी विकसित होगी।

# गुन्नौर दीवार गिरने पर घायल मासूम ने रास्ते में तोड़ा दम, गोद में धर घायल बेटे के इलाज को फड़फड़ाता रहा पिता

गुन्नौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुविधाओं के अभाव में पिता की गोद में दीवार गिरने से घायल 7 बर्षीय मासूम अमित 15 मिनट तक अचेत अवस्था में पड़ा रहा। लेकिन चिकित्सक ने उसकी सुध नहीं ली। पिता इलाज करा दो इलाज करा दो चिल्लाता रहा। लेकिन चिकित्सक के न होने के चलते हुए मजबूरन पिता खून से लथपथ हुए गोद में लेकर वह अपने भाई के साथ बाइक पर बिठाकर अलीगढ़ मेडिकल कहकर चल दिया और रास्ते में अतरौली पर पहुंचा तो उसने दम तोड़ दिया और वह वापस गांव शव लेकर गांव पहुंचा स्वजन के पैरों से जमीन खिसक गई मां प्रीति ने बेटे का शव देखा तो पछाड़ खाकर गिर पड़ी।

बबराला थाना क्षेत्र के गांव नूरपुर निवासी दुर्गेश का 7 वर्षीय बेटा अमित रविवार दोपहर 12 बजे के करीब घर पर खेल रहा था। तभी घर की कच्ची दीवार भरभरा आकर गिर गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसको पिता दुर्गेश ने अपने भाई के साथ बाइक पर बिठाकर खून से लथपथ बेटे को गुन्नौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचा पिता के तन पर कपड़े नहीं थे वह अर्द्धनग्न अवस्था में अस्पताल में चिल्लाता रहा कि मेरे बच्चे का इलाज कर दो इलाज कर दो लेकिन चिकित्सक की मौजूदगी नहीं होने के चलते वह 15 मिनट तक वही चीखता चिल्लाता रहा लेकिन चिकित्सक न होने के चलते वह अपने बेटे घायल अवस्था में अपने बेटे को अपने भाई के साथ बाइक पर बिठाकर अलीगढ़ मेडिकल लेकर चल दिया बाइक पर बैठे खून से सने बेटे को देखकर हरेक आंखें नम हो गई बताया जा रहा है कि वह अलीगढ़ मेडिकल ले जा रहा था तभी जैसे ही वह अतरौली पर पहुंचा तो उसने दम तोड़ दिया हालांकि वह अतरौली में स्थित अस्पताल लेकर पहुंचा था जहां चिकित्सक ने मृत बताते हुए घर ले जाने के लिए बोल दिया ।

हालांकि मृतक का शव अपने गांव नूरपुर ले आया जहां स्वजनों का भार होकर बुरा हाल हो गया

# गांव गाँव जाकर महिलाओं को जागरूक कर रही पुलिस- एसओ अखिलेश कुमार प्रधान

**समाज जागरण यशवीर यादव**

गुन्नौर कोतवाली पुलिस क्षेत्र के गांव कन्हुआ व रायपुर में पुलिस ने मिशन शक्ति फेज -5 के तहत पुलिस महिलाओं को जागरूक कर रही है। महिला पुलिसकर्मी गांव-गांव में जाकर महिलाओं को कानूनी अधिकारी व हक के बारे में जानकारी दे रही हैं। गुन्नौर एसओ अखिलेश कुमार प्रधान ने कि महिलाएं किस तरह खुद को सुरक्षित रख सकती हैं। साथ ही कोई परेशानी आने पर कैसे और कहां पुलिस की मदद मिल सकती है। महिलाओं से बातचीत करके उनकी समस्याएं भी जान रही हैं। इसके तहत रविवार को भी महिलाओं को जागरूक किया गया। चौपाल के दौरान थानों पर महिला शिकायतकर्ता के लिए स्थापित ह्लमहिला हेल्प डेस्कह्व के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।



**बालिकाओं के अधिकारों के प्रति किया जागरूक**

मिशन शक्ति फेज-5 के तहत नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन के प्रति महिलाओं व बालिकाओं में सशक्त बनाने के लिए नई पहल की गई है। इसके तहत महिलाओं व बालिकाओं के अधिकारों के प्रति संवेदनशील होने पर जोर दिया जा रहा है, ताकि किसी भी तरह की परेशानी या उत्पीड़न होने पर वह अपने हक का इस्तेमाल कर सकें। महिला पुलिसकर्मी गांवों के अलावा शहर की गलियों में चौपाल लगा रही हैं और महिलाओं से बातचीत करके उनकी समस्याएं भी जान रही हैं। इसके तहत रविवार को भी महिलाओं को जागरूक किया गया। चौपाल के दौरान थानों पर महिला शिकायतकर्ता के लिए स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

इस मौके पर महिला उपनिरीक्षक अर्पणा बंसल व नीलम उपनिरीक्षक रोहित यादव सहित पुलिस कर्मी व ग्राम प्रधान प्रमोद यादव, विनोद यादव, लालाराम यादव, पुष्पेंद्र सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# माता कैकई ने भगवान राम को दिलाया चौदह वर्ष का वनवास

**समाज जागरण**

चंदौसी। श्री रामलीला नाट्य परिषद चन्दौसी द्वारा शारदीय नवरात्रि के दिन रामबाग धाम के विशाल पावन मंच पर श्री राम वनवास एवं दशरथ मरण की लीला का आयोजन किया गया। राम लीला का आयोजन स्व0 सुभाष चंद्र वार्ष्णेय की पुण्य स्मृति में उनके परिजने श्री दीपक वार्ष्णेय, विपिन वार्ष्णेय हाथरस वाले और समस्त परिवार के द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। रामलीला में महाराज दशरथ द्वारा श्री राम जी के राज्याभिषेक की घोषणा की जाती है जहां यह घोषणा मन्थरा (पारुल) नाम की दासी सुन लेती है और महल आके माता कैकयी (चाँदनी)को बताती है और उन्हें राम के विरूद्ध भड़काती है और याद दिलाती है कि आपको दशरथ जी ने दो वरदान दिए हैं तो पहले वरदान में भरत के लिए राजगददी और दूसरे वरदान में राम के लिए चौदह वर्ष का वनवास मांग लो। माता कैकयी ऐसा ही करतीं हैं और महाराज दशरथ को वरदान में यही दोनों माँगती हैं। पर महाराज दशरथ (राज बिहारी) नही चाहते



कि वो राम (प्रतीक)को चौदह वर्ष का वनवास दें परंतु राम को पता चल जाता है और वो पिता को मना लेते हैं और लक्ष्मण (हर्षित) और सीता (प्रियंका) के साथ वन चले जाते हैं। इधर दशरथ जी का देहांत हो जाता है। केवट (नवीन चौधरी) और निषाद राज (गिरराज किशोर) का अभिनय बहुत ही शानदार रहा। दर्शकों के लिए लकी ड्रा, बम्पर ड्रा और मेघा ड्रा निकाले गए। ओमी लाला फार्म हाउस की ओर से ओमप्रकाश ओमी लाला और कपिल गुप्ता ओ एल एफ द्वारा निकाले गए। श्रीरामलीला नाट्य परिषद की ओर से सभी यजमानों का माला, पटका, पगड़ी, पहना कर सम्मान किया गया। और एक श्री राम चरित मानस तथा गंगोत्री से लाया हुआ पवित्र गंगाजल उपहार स्वरूप भेट की गई।

प्रधान गिर्राज किशोर , उप प्रधान अमित अप्पू, संजीव कैथल, प्रदीप शर्मा,ॐ पेंटर,कन्हैया लाल,अमर शर्मा, प्रतीक वार्ष्णेय, हर्षित वार्ष्णेय, किशनपाल मुंशी, राजबिहारी, नवीन चौधरी, कपिल राजा, सिद्धार्थ वार्ष्णेय, ऋतिक वार्ष्णेय, वंश वार्ष्णेय, अमित श्याम , उमंग वार्ष्णेय, कृष्णा डीजे, सोनू, रविगोपाल जी, ऋतिक वार्ष्णेय, प्रबर शर्मा और दिव्यांशु नारायण आदि कलाकार और पदाधिकारी मौजूद रहे। मंच का संचालन अमित अप्पू ने किया।

# गुन्नौर बैल चमकने से पलटी बुग्गी महिला घायल

**समाज जागरण**

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के आगरा मुरादाबाद हाइवे पर गांव रसूलपुर निवासी महिला शिवलता पत्नी रामकुमार उम्र 56 निवासी रसूलपुर अपने खेत से पशुओं का चारा लेकर वापस लौट रही थी। तभी अचानक बैल के चमकने से



बुग्गी पलट गई। वही राहगीरों ने दबी महिला को बाहर निकाल एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लेकर पहुंचे।जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर अलीगढ रेफर कर दिया ।

# गढ़ी की रामलीला में 2100 दीपों से होगी दुर्गा महाआरती - अजय शर्मा

**समाज जागरण**

संभल। हिंदू जागृति मंच की बैठक में हनुमान नगर गढ़ी की रामलीला में 30 सितंबर अष्टमी तिथि को 2100 दीपों से मां दुर्गा की सामूहिक आरती करने का निर्णय लिया गया। संतोष कुमार गुप्ता ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अष्टमी तिथि 30 सितंबर मंगलवार को हनुमान नगर गढ़ी में संध्या समय हिंदू जागृति मंच के सभी सदस्य मां दुर्गा की भव्य झांकी के समक्ष सामूहिक आरती करके पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। अंकुर रस्तोगी, सुबोध कुमार गुप्ता, विकास कुमार वर्मा, पंकज संख्यधर, अरुण कुमार अग्रवाल, सुमन कुमार वर्मा, भरत मिश्रा, सुभाष चंद्र शर्मा, अतुल कुमार शर्मा, महावीर सिंह, विशन लाल, चरन सिंह भारती ने मंगलवार को हनुमान नगर गढ़ी में रामलीला देखने तथा सामूहिक आरती में सम्मिलित होने की बात कही। सर्वसम्मति होने पर हिंदू जागृति मंच की प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि हनुमान नगर गढ़ी में चल रही भव्य श्री राम लीला में 2100 दीपों से मां दुर्गा की दिव्य भव्य आरती हिंदू जागृति मंच के माध्यम से 30 सितंबर मंगलवार को अष्टमी तिथि में की जाएगी। मातृशक्ति का सम्मान करने की सामूहिक शपथ भी दिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि राम लीला कमेटी के सभी सदस्यों को हिंदू जागृति मंच की ओर से स्वागत सम्मान किया जाएगा। बैठक में उमेश सैनी, प्रताप सिंह, अशोक गर्ग, डॉ अरविंद गुप्ता आदि ने विचार व्यक्त किए। बैठक की अध्यक्षता अजय कुमार शर्मा ने की संचालन उमेश सैनी ने किया।

# वंदे भारत राष्ट्रवादी संगठन के कार्यकताओं ने भगतसिंह को किया याद

**समाज जागरण**

चंदौसी। वंदे भारत राष्ट्रवादी संगठन के जिला इकाई संभल ने जिला उपाध्यक्ष, भुवनेश बघेल के नेतृत्व में भगत सिंह जयंती के उपलक्ष्य में संगठन के पदाधिकारी व कार्यकताओं के साथ नगर चंदौसी में स्टेशन रोड स्थित भगत सिंह की मूर्ति पर पुष्प अर्पण और कैंडल जलाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष, मुरादाबाद, दिनेश पाल सिंह तोमर ने कहा कि भगत सिंह के जीवन से हमें स्वतंत्रता के प्रति अटूट प्रेम, उत्पीड़न के खिलाफ



खड़े होने का साहस, क्रांतिकारी विचार, आलोचनात्मक सोच, स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने का जज्बा, और युवाओं को प्रेरित करने वाली विचारधारा की शिक्षा मिलती है। उनके जीवन से पता चलता है कि विचारों को नहीं मारा जा सकता और न्याय के लिए निरंतर संघर्ष करना चाहिए।

तदुपरांत जिला महामंत्री, वी.के. त्रिपाठी ने कहा कि शहीद भगत सिंह के विचारों ने क्रांति को वैचारिक और बौद्धिक आधार दिया, जहाँ उन्होंने बम-बारूद से क्रांति लाने की अपेक्षा विचारों की तलवार पर उसे तेज करने की बात कही।उनके विचारों में व्यक्ति की स्वतंत्रता, मानवता का हित, आलोचना और स्वतंत्र सोच का महत्व, तथा समाजवाद व विश्वबंधुत्व का दृष्टिकोण शामिल था.उन्होंने आलोचना को क्रांतिकारी का एक आवश्यक गुण माना और लोगों को रूढ़ियों को चुनौती देने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान जिला अध्यक्ष- संभल आकाश कुमार, डॉ.डी.के. अग्निहोत्री,भुवनेश बघेल,दीपक ठाकुर,राजीव राघव,अजेंद्र शर्मा रोहित सैंजनी,टिंकू,बॉबी अलबेला,सत्येंद्र दिवाकर,रमेश राघव ,अनमोल कुमार अखिलेश कुमार इत्यादि पदाधिकारीगण और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति से महिला सशक्तिकरण की दिशा में विदुर ब्रांड तय कर रहा है नए आयाम-जिलाधिकारी जसजीत कौर

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर मा. प्रधानमंत्री ने विदुर ब्रांड को बताया स्वदेशी का प्रतीक और ग्रामीण आत्मनिर्भरता एवं महिला उद्यमिता का प्रेरणादायक मॉडल बिजनौर 28 सितंबर, 2025:- जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में विदुर ब्रांड नए-नए आयाम तय कर रहा है, महिला समूह द्वारा उत्पादित सामग्री की मार्केटिंग से महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को साक्षात रूप प्रदान हो रहा है। उन्होंने बताया कि जिले भर में 18 से भी अधिक विदुर स्टोर खोले गए हैं तथा जिले के विभिन्न स्थानों पर विदुर कैफेटेरिया भी खोले जाएँगे। यह आउटलेट स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने, मिशन शक्ति के तहत ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने



तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM) के माध्यम से आजीविका के नए अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

उन्होंने बताया कि नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट विदुर ब्रांड की सचिव श्रीमती जूली देवी ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से भेंट कर बिजनौर में जिला प्रशासन के सहयोग से विदुर ब्रांड की स्थापना, उपलब्धियों और ग्रामीण महिलाओं की आजीविका वृद्धि में इसके योगदान पर विस्तार से चर्चा करते हुए उन्हें अवगत कराया कि जिला बिजनौर में विदुर ब्रांड के अंतर्गत 150 से अधिक विभिन्न उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं, जिन्हें विदुर स्टोर के माध्यम से बेचा जा रहा है और इसका सीधा लाभ स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को मिल रहा है। मा. प्रधानमंत्री ने विदुर ब्रांड की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे स्वदेशी का प्रतीक बताया और कहा कि यह ग्रामीण आत्मनिर्भरता एवं महिला उद्यमिता का प्रेरणादायक मॉडल है।

उन्होंने बताया कि विदुर ब्रांड आउटलेट के माध्यम से स्वयं सहायता समूह (SHG) की महिलाओं द्वारा 150 से अधिक तैयार किए गए विविध स्वदेशी उत्पाद जैसे खाद्य सामग्री, स्वच्छता एवं घरेलू उपयोग की वस्तुएं अब स्थानीय स्तर पर आसानी से उपलब्ध होंगी। उन्होंने बताया कि यह पहल महिलाओं की आर्थिक सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के साथ-साथ वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को भी साकार करेगी। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने जन सामान्य का आह्वान किया कि विदुर ब्रांड के उत्पादों को अधिक से अधिक मात्रा में प्रयोग में लाकर जिला बिजनौर की प्रतिष्ठा को बढ़ाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान उपलब्ध कराएं।

# संघ की शताब्दी: राष्ट्र निर्माण की एक शताब्दी का अद्भुत अध्याय

**समाज जागरण**
**वरिष्ठ पत्रकार : मौ० इसरार**

बागपत। इस वर्ष विजयादशमी केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लिए ऐतिहासिक क्षण भी है। कारण स्पष्ट है–इसी दिन संघ अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे कर रहा है। एक शताब्दी की यह यात्रा जितनी अद्भुत है, उतनी ही प्रेरणादायक भी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने विजयादशमी के पावन अवसर पर की थी। उनका उद्देश्य था–समाज में संगठन, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की ऐसी ज्योति प्रज्वलित करना, जो युगों तक जलती रहे। डॉक्टर साहब के निधन के बाद परम पूज्य गुरुजी–माधव सदाशिव गोलवलकर ने इस राष्ट्रसेवा के महायज्ञ को आगे बढ़ाया। गुरुजी का एक वाक्य आज भी लाखों स्वयंसेवकों के लिए प्रेरणा का स्रोत है–"राष्ट्राय स्वाहा, इदं राष्ट्राय इदं न मम।" अर्थात–यह मेरा नहीं है, यह राष्ट्र का है। यही विचार संघ के प्रत्येक स्वयंसेवक को स्वार्थ से ऊपर उठकर त्याग और सेवा की राह दिखाता है। पिछली एक सदी में संघ ने देश की सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय चेतना को गहराई तक प्रभावित किया है। शाखाओं के माध्यम से स्वयंसेवकों ने अनुशासन, सेवा और संगठन की मिसाल पेश की। चाहे प्राकृतिक आपदाएं रही हों या सामाजिक चुनौतियाँ, संघ के कार्यकर्ता बिना थके, बिना रुके हर मोर्चे पर सेवा में अग्रसर रहे। स्वयंसेवकों की यही अनुशासित भावना संघ की वास्तविक शक्ति है। यही कारण है कि आज संघ केवल एक संगठन नहीं, बल्कि एक वैचारिक धारा बन चुका है। इस धारा ने समाज में समरसता, एकता और राष्ट्रनिष्ठा का संस्कार रोपा है। आज जब संघ 100 वर्ष पूरे कर रहा है, तब यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि इसने भारतीय समाज को आत्मविश्वास, आत्मगौरव और आत्मबल का मार्ग दिखाया है। शिक्षा, संस्कृति, सेवा और संगठन के विविध आयामों में संघ ने जो योगदान दिया है, वह राष्ट्र की धड़कनों के साथ गहराई से जुड़ा हुआ है। विजयादशमी का यह पर्व अब केवल बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक नहीं रह गया, बल्कि यह संघ के सौ वर्षीय गौरवगाथा का भी साक्षी बन रहा है। शताब्दी वर्ष में प्रवेश करते हुए स्वयंसेवक केवल अतीत का स्मरण नहीं कर रहे, बल्कि भविष्य की राह भी तय कर रहे हैं। उनका संकल्प स्पष्ट है–राष्ट्र को सशक्त, संगठित और समरस बनाना। आज पूरे देश में और विशेषकर गाँव-गाँव, नगर-नगर में संघ की शाखाओं से जो स्वर उठ रहा है, वह है–निज स्वार्थ से ऊपर उठकर राष्ट्र के लिए जियो, राष्ट्र के लिए त्याग करो और राष्ट्र के लिए समर्पित रहो। संघ की सौ साल की यह यात्रा भारतीय इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है, जो आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और सेवा की राह दिखाती रहेगी।

# मिशन शक्ति के तहत छेड़खानी करने वाले अभियुक्तों महिलाओं के सम्मान करने की दिलाई शपथ

- मिशन शक्ति में महिलाओं के अधिकारियों के बारे मे बताया

**समाज जागरण**



चांदीनगर। शासन द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत चांदीनगर थानें मे एक शपथ समारोह का आयोजन किया गया जिसमे महिलाओं के साथ छेड़खानी करने व अन्य मामलो मे आरोपी रहे लोगो को थानें बुलाकर महिलाओं के सम्मान करने की शपथ दिलाई गई। शासन द्वारा महिलाओं के अधिकारों और सम्मान के लिए मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमे महिलाओं और छात्राओं को उनके अधिकारों की जानकारी दी जा रही है रविवार को थाना चांदीनगर में भी मिशन शक्ति के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे थानें में महिलाओं के छेड़खानी करने या अन्य मामलो में आरोपियों को थानें बुलाया गया जहा उन्हें महिलाओं के सम्मान करने की शपथ दिलाई गई। वही महिलाओं के सम्मान को दूसरे लोगों को भी जागरूकता करने को कहा गया थाना प्रभारी अतर सिंह ने शपथ के बाद महिलाओं के अधिकारों की भी जानकारी दी।

# मिशन शक्ति अभियान में नाबालिग बालिका की पढ़ाई सुनिश्चित कर पुलिस ने जीता विश्वास

**समाज जागरण**



बागपत। मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर थाना खेकड़ा पुलिस ने सराहनीय कार्य किया। 26 सितंबर को एक 17 वर्षीय नाबालिग बालिका ने थाना खेकड़ा पर शिकायत दर्ज कराई कि उसके परिजन उसे 12वीं के बाद आगे पढ़ाई करने से रोक रहे हैं और इस विषय पर डांट-फटकार करते हैं। बालिका ने साफ कहा कि वह पढ़ाई जारी रखना चाहती है लेकिन घरवाले उसे रोक रहे हैं, इसलिए वह अब घर नहीं जाना चाहती। शिकायत मिलते ही मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी उपनिरीक्षक शीतल ने तत्काल संज्ञान लिया। उन्होंने पीड़िता और उसके परिजनों को केंद्र पर बुलाकर आमने-सामने बैठाया और काउंसलिंग की। इस दौरान परिजनों को उच्च शिक्षा के महत्व और इसके भविष्यगत लाभों से अवगत कराया गया। काउंसलिंग का सकारात्मक असर हुआ और पिता ने बेटी को आगे पढ़ाने पर सहमति जता दी। इसके बाद पीड़िता को उसके परिजनों के साथ हंसी-खुशी विदा किया गया। पुलिस अधीक्षक सूरज राय ने इस सराहनीय कार्य के लिए मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी उपनिरीक्षक शीतल को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। इस कदम ने न केवल बालिका का आत्मविश्वास बढ़ाया बल्कि समाज में यह संदेश भी दिया कि बेटियों की शिक्षा में रुकावट नहीं बल्कि प्रोत्साहन होना चाहिए।

# नगर में निकला आरएसएस का पथ संचलन, स्वयंसेवकों ने दिया राष्ट्रभक्ति व समरसता का संदेश

**समाज जागरण**



बागपत। शहर में स्थित जैन धर्मशाला में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। पथ संचलन का शुभारंभ जैन धर्मशाला से हुआ। नगर संचालक राजकुमार ने बताया कि पथ संचलन नगर के प्रमुख मार्गों–यमुना रोड, मुख्य बाजार, गांधी बाजार, शौकत मार्केट, होली चौक, राष्ट्र वंदना चौक और बड़ौत रोड से होते हुए पुनः जैन धर्मशाला पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संघ के स्वयंसेवकों ने अनुशासित पंक्तियों में परंपरागत गणवेश धारण कर भागीदारी निभाई। स्वयंसेवकों के कदम से कदम मिलाकर चलने का दृश्य नगरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना। पथ संचलन में प्रांत करवा शिवकुमार, जिला संचालक गजेंद्र, नगर संचालक प्रकाश राणा, जिला प्रचारक अनुज व बागपत विधायक योगेश धामा सहित अनेक प्रमुख लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और संगठन की शक्ति का परिचय देते हुए नगरवासियों को सामाजिक समरसता, राष्ट्र निर्माण और नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि संघ का उद्देश्य समाज में भाईचारे की भावना को प्रबल करना और देशहित में हर वर्ग को जोड़ना है। पथ संचलन के दौरान जगह-जगह नगरवासियों ने स्वयंसेवकों का पुष्प वर्षा कर गर्मजोशी से स्वागत किया। नगर का वातावरण राष्ट्रभक्ति के नारों और अनुशासित पंक्तियों से गूंज उठा। संचलन के समापन पर स्वयंसेवकों ने राष्ट्र के प्रति समर्पण और सेवा भाव को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# श्री नेहरू इंटर कॉलेज पिलाना में शुरू हुआ 'हॉबी पीरियड', विद्यार्थियों की रचनात्मकता को मिला नया मंच

**समाज जागरण**



बागपत। श्री नेहरू इंटर कॉलेज, पिलाना ने शिक्षा में नया प्रयोग करते हुए अपनी समय सारिणी में आठवाँ पीरियड "हॉबी पीरियड" जोड़ा है। सत्र 2024-25 से शुरू की गई इस पहल ने विद्यार्थियों के जीवन में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार किया है। इस प्रयोग की प्रेरणा गूगल के "20 प्रतिशत टाइम मॉडल" से ली गई है, जिसमें कर्मचारियों को रचनात्मक कार्यों का अवसर दिया जाता है। इसी तर्ज पर प्रधानाचार्य डॉ. सत्यवीर सिंह ने विद्यार्थियों को पढ़ाई और अंकों की दौड़ से आगे बढ़कर अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर दिया है। हर दिन अंतिम पीरियड में बच्चे खेल, संगीत, नृत्य, पेंटिंग, शिल्पकला, कविता और कहानियों जैसी गतिविधियों में हिस्सा लेते हैं। इस दौरान शिक्षक भी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हैं। छात्रों का कहना है कि यह पीरियड उन्हें परीक्षा और पढ़ाई के तनाव से मुक्ति दिलाता है और वे अधिक खुश व आत्मविश्वासी महसूस करते हैं। अभिभावकों और प्रबंधन समिति ने भी इस पहल की सराहना की है। वहीं फिनलैंड स्थित हंड्रेड संस्थान के नवाचार विशेषज्ञ अमन कुमार ने बताया कि इस प्रयोग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नवाचारों की सूची में शामिल किए जाने की संभावना है। निस्संदेह, पिलाना कॉलेज की यह पहल शिक्षा जगत के लिए प्रेरणादायी उदाहरण बन रही है।

# श्री बालाजी रामलीला में रावण ने किया सीता माता का हरण

**समाज जागरण**



बागपत। श्री बालाजी रामलीला कमेटी खेकड़ा के तत्वाधान में चल रही भव्य रामलीला का शुभारंभ श्री भूपेश गुप्ता और प्रशांत गुप्ता ने संयुक्त रूप से भगवान श्रीराम जी की आरती कर किया। रामलीला के मंचन में दिखाया गया कि लंकापति रावण मामा मारीच को सोने का हिरण बनकर पंचवटी जाने को कहता है, जहां जानती सीता सोने के हिरण को देखकर मोहित हो जाती है और श्रीराम जी को उसको पकड़कर लाने को कहती है राम जंगलों में हिरण को ढूंढते हुए दूर चले जाते हैं तो मारीच राम की आवाज निकाल कर मुझे बचाओ मुझे बचाओ चिल्लाता है जानकी सीता को आभास होता है कि श्रीराम संकट में है तो वो लक्ष्मण को उनकी रक्षा करने के लिए कहती है लक्ष्मण रेखा खींचकर लक्ष्मण श्रीराम को ढूंढने के लिए निकल जाते हैं तभी लंकापति रावण भिक्षुक का भेष भरकर भिक्षा मांगने के लिए सीताजी के पास जाता हैं। लंकापति रावण जानकी सीता को लक्ष्मण रेखा पार करके भिक्षा देने को कहते हैं लंकापति रावण अपने छल से सीता का हरण कर लेता है सीता की रक्षा करने के लिए जटायू रावण से युद्ध करता है और घायल हो जाता है राम लक्ष्मण सीता को ढूंढते हुए जंगलों में विहार करते हैं वही किष्किंधा पर्वत पर सुग्रीव बाली के भेजे हुए दूत समझकर वीर हनुमानजी को उन्हें देखने के लिए भेजता है। हनुमान जी ब्राह्मण का भेष बदलकर उनका परिचय लेने के लिए जाते हैं जहां उन्हें साक्षात नारायण के दर्शन होते हैं हनुमान जी अपने कंधों पर श्रीराम लक्ष्मण को लेकर सुग्रीव जी के पास जाते हैं वहां सुग्रीव जी और श्रीराम जी की मित्रता होती है तक की लीला का सुन्दर चित्रण के साथ मंचन किया गया। कलाकारों में मुख्य रूप से खर दूषण ,सुपर्णखा रावण,का रोल ने दर्शकों के मन को मोह लिया । मंच पर मनोज धामा और सुनील रूहेला की कॉमेडी ने भी दर्शकों को खूब हंसाकर लौट पॉट किया। रामलीला का मंचन डायरेक्टर मुकेश गौड़,अतुल रूहेला,के सहयोग से संपन्न हुआ। रामलीला में उपस्थित आनंद यादव, धर्मवीर यादव,नितिन जैन,अनंत यादव,सुनील रूहेला, राजेंद्र यादव,मनोज धामा चार्ली, संजीव जैन,विकास जैन, मनोज जैन,अनिल कुमार, अंकित जैन, अरुण जैन, अनिल गोनियाल ,दीपक द्वितीय ,बिट्टू शर्मा, राकेश, विनोद कुमार,सतेंद्र , जयसिंह ,नरेश कुमार, गौतम ,अनुभव मेकअपमैन, रोहित साउंड वाले, शेखर रूहेला, प्रशांत रूहेला,निखिल धामा,दीपक यादव, संजू शर्मा,दीपक पांचाल,गौरव वर्मा,अरुण यादव,मोहन वेदी,मोनू, सोनू,अनुज कश्यप, सूरज, मनोज, अम्बे प्रसाद,भूरे,रोहित आदि सभी कलाकारों का मुख्य सहयोग रहा।

# हलालपुर गांव में रालोद सदस्यता अभियान, ग्रामीणों ने दिखाया उत्साह

**समाज जागरण**



छपरौली। राष्ट्रीय लोकदल द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के तहत रविवार को छपरौली विधानसभा क्षेत्र के हलालपुर गांव में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान का नेतृत्व विधानसभा प्रभारी डॉ. अनिल आर्य ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और उन्होंने लोकदल की विचारधारा से जुड़ने का संकल्प लिया। ग्रामीणों ने कहा कि रालोद हमेशा किसानों, मजदूरों और आम जनता की आवाज उठाने वाला दल रहा है। पार्टी की नीतियों और जयंत चौधरी के नेतृत्व में जिस तरह किसानों और युवाओं की समस्याओं को प्राथमिकता दी जा रही है, उससे ग्रामीणों में भरोसा और उत्साह दोनों देखने को मिला। डॉ. अनिल आर्य ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन को मजबूत करना ही लोकदल का लक्ष्य है। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि वे घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों को लोगों तक पहुंचाएं और अधिक से अधिक लोगों को सदस्यता से जोड़ें। इस मौके पर पूर्व विधायक वीरपाल राठी ने कहा कि लोकदल हमेशा किसानों के संघर्ष का साथी रहा है और आज भी पार्टी उसी परंपरा को आगे बढ़ा रही है। प्रदेश सचिव महिला प्रकोष्ठ सोनिका चौधरी ने महिला कार्यकताओं को सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में हरपाल सिंह, वीरेंद्र सिंह, देवेंद्र, ब्रह्मपाल, अफसाना सहित कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

# मन की बात कार्यक्रम में कार्यकताओं ने सुनी प्रधानमंत्री की प्रेरणादायक बातें

**समाज जागरण**



बागपत। विधानसभा बड़ौत-51 के ग्राम जवाहरपुर मेवला स्थित बूथ संख्या 301 पर रविवार को भाजपा कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 126वां एपिसोड बड़े उत्साह के साथ सुना। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा किसान मोर्चा बागपत देहात मंडल अध्यक्ष सुनील मेवला के आवास पर किया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि मन की बात प्रत्येक महीने के अंतिम रविवार को प्रसारित होता है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सीधे देशवासियों से संवाद करते हैं। प्रधानमंत्री अपने विचारों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन, राष्ट्र निर्माण और युवाओं को प्रेरित करने का संदेश देते हैं। कार्यकताओं ने कहा कि यह कार्यक्रम देश की एकता और जनजागरण का सशक्त माध्यम बन चुका है, जिसे सभी लोगों को सुनना चाहिए। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा बागपत देहात मंडल अध्यक्ष सुनील मेवला, बूथ अध्यक्ष राकेश आर्य, प्रवेश मेवला, करतार सिंह, राहुल मुंडेल, संदीप मुंडेल, वरुण मुंडेल, रोहित मास्टर, गुड्डू, अमन गुर्जर, कपिल कुमार, अंशुल मुंडेल, अनुज चौधरी, हैप्पी गुर्जर, अक्की गुर्जर सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सम्मान समारोह: रालोद ने वीर नारियों और पूर्व सैनिकों को किया गया सम्मानित

**समाज जागरण**



बागपत। रालोद कार्यालय बड़ौत में रविवार को राष्ट्रीय लोक दल के पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ की ओर से एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल ब्रह्मपाल सिंह तोमर ने की। इस अवसर पर वीर नारियों, वरिष्ठ पूर्व सैनिकों और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। साथ ही संगठन विस्तार और सदस्यता अभियान को भी नई गति मिली। समारोह का मुख्य आकर्षण देश के लिए शहादत देने वाले वीर सपूतों की नारियों का सम्मान रहा। रालोद नेताओं ने उन्हें शॉल, प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिह्न भेंट कर नमन किया। वहीं सेना, वायुसेना और नौसेना से सेवानिवृत्त वरिष्ठ सैनिकों को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न गांवों के जिला पंचायत सदस्यों, पूर्व सदस्यों, ग्राम प्रधानों और पूर्व प्रधानों को भी प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान संगठन का विस्तार करते हुए फौजी विकास तोमर ढिकाना को बागपत जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उपस्थित लोगों ने उन्हें पटका पहनाकर स्वागत किया और जयंत चौधरी के नेतृत्व को मजबूत करने का संकल्प लिया। समारोह के साथ ही सदस्यता अभियान को भी नई ऊर्जा मिली। बड़ी संख्या में ग्रामीणों, युवाओं, किसानों और पूर्व सैनिकों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष सूबेदार मेजर संदेश कुमार, कैप्टन कृष्णपाल सिंह मुलसम, चेयरमैन वीरेंद्र राणा, विश्वास चौधरी, जिला पंचायत सदस्य विनय मास्टर, डॉ. इरफान मलिक सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। समारोह में "जय रालोद, जय जयंत चौधरी" के नारों से गूंजता माहौल उत्साहपूर्ण रहा।

# समाजसेवी युगल किशोर गर्ग के प्रतिष्ठान पर हुआ सम्मान समारोह

**समाज जागरण**



महाराजा अग्रेसन जयंती के मौके पर अतिथियो को संम्मानित करते कार्यक्रम के आयोजक

बागपत। महाराजा अग्रसेन जयंती के मौके पर सुप्रसिद्ध समाजसेवी सेवी युगल किशोर गर्ग के बडौत-अमीनगर सराय मार्ग स्थित संजय एग्रीकल्चर इंजीनियर्स वर्क्स पर एक समान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मेरठ के विधायक अमित अग्रवाल तथा जिंदल पब्लिक स्कूल गाजियाबाद के चेयरमैन रामअवतार जिंदल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इसके अलावा बडौत नगर पालिका के चेयरमैन अश्वनी तोमर, पूर्व चेयरमैन डॉक्टर दुष्यंत तोमर, वरिष्ठ भाजपा नेता सुधीर मान व डॉ अनिल जैन ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सभी अतिथियो का यहां पहुंचने पर युगल किशोर गर्ग व उनके बेटे संजय गर्ग ने फूल माला व पगड़ी पहनाकर बैंड बाजो के साथ जोरदार स्वागत किया और उन्हें मोमेंटो भेंट कर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन मुदित जैन व एडवोकेट आकाश बंसल ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर बिट्टू प्रधान जी, सुनील मित्तल, संदीप गर्ग उर्फ टीटू प्रधान, नीरज गुप्ता, सचिन गुप्ता एलआईसी, सचिन गुप्ता प्रवक्ता, कपिल गुप्ता उर्फ कन्हैया, आशुतोष अग्रवाल, विपिन गुप्ता, सुशीला सिंघल, सचिन गुप्ता उर्फ सन्नी खेकड़ा, राकेश गुप्ता, आकाश कंसल विवेक गर्ग, मनीष गुप्ता, डॉक्टर मयंक गोयल आदि समेत काफी लोग मौजूद रहे।

# रघुवर रामलीला समिति ने प्रस्तुत की 'सीता हरण और जटायु वध' की लीला

**समाज जागरण**



बागपत। ठाकुर दुआरा स्थित श्री रघुवर रामलीला समिति के मंच पर रविवार को ह्यसीता हरण और जटायु वधह्न की महावली लीला का मंचन हुआ। इस लीला में दर्शकों ने भगवान राम के जीवन के महत्वपूर्ण प्रसंगों को जीवंत रूप में देखा। लीला की शुरूआत तब हुई जब लंका के धिपति रावण ने धरती पर भगवान के अवतार होने का ज्ञान प्राप्त किया और सम्पूर्ण राक्षस जाति के उद्धार के लिए मारीच से योजना बनाई। मारीच को सोने का हिरण बनने के लिए छल-कपट के सहारे तैयार कर, रावण साधु का वेष धारण कर मां सीता का हरण कर वायु मार्ग से लंका की ओर चल पड़ा। सीता रोते बिलखते हुए अपने आभूषण जमीन पर गिराती हैं, तभी जटायु रावण से भिसंत होता है। रावण जटायु के दोनों पंख काट कर उसे घायल कर देता है। बाद में राम-लक्ष्मण जंगल में सीता की खोज करते हुए घायल जटायु के पास पहुँचते हैं। जटायु अपने अंतिम शब्दों में राम-लक्ष्मण को पूरी जानकारी देता है और अपने प्राण त्याग देता है। लीला के मंचन में संजय रुहेला, सुभाष लखेरा, आलोक जैन, जुली रुहेला, प्रेम चंद गुप्ता, मोंटी चौहान, सुजीत लखेरा, दीपक गुप्ता, बिजेंद्र गोतम, महेश जोनती, पवन तिवारी, नीरज भवरिया, नंदिनी, दीपक सिंधी, नंदलाल डोगरा, लवि आदि मौजूद रहे।

# बेटियों के लिए कार्य करने वाला व्यक्ति निश्चित भाग्यशाली होता है

**समाज जागरण**

चांदीनगर। चौधरी हरलाल मैमोरियल ट्रस्ट के द्वारा खट्टा प्रहलाद पुर में निशुल्क प्रशिक्षण शिविर का समापन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एडवोकेट सुमित शर्मा व सभी अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर तीन माह में




करायी गई। विभिन्न प्रतियोगिताओं की विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। केंद्र पर समरीन ने पहला, खुशी ने दूसरा और मुस्कान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया । खट्टा प्रहलादपुर के चौधरी हरपाल मेमोरियल ट्रस्ट के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एडवोकेट सुमित शर्मा ने कहा कि बेटियों के लिए कार्य करने वाला व्यक्ति निश्चित भाग्यशाली होता है और ये सौभाग्य एडवोकेट रणवीर चौधरी को ईश्वर ने दिया है वो बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे मां अम्बा बालिका डिग्री कालेज ग्वालीखेडा के प्राचार्य शिक्षा रत्न से सम्मानित डॉ राजीव गुप्ता ने कहा कि सीखने की की उम्र नहीं होती, हर पल पर बिन्दु पर सीखने को मिलता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ सत्तार अहमद, एडवोकेट प्रमोद चौधरी, एडवोकेट आकाश त्यागी, एडवोकेट हरीश गुर्जर, विपुल जैन आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर जिला संयोजिका टीना चौधरी ने सभी प्रशिक्षिकाओं को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर टीना चौधरी, तरूणा, जाहिदा, शयमा, काजल, पिंकी, मीनू, आयुषी, सोनिया, सानिया, अन्नू, हिना, खुशी, सोनू, पलक, कशिश, मयंक जैन, नव्या और अंकित चौहान आदि उपस्थित रहें।

# मिशन शक्ति: 1199 आरोपियों को दिलाई गई महिलाओं का सम्मान करने की शपथ

**समाज जागरण**

बागपत। बागपत पुलिस ने मिशन शक्ति के तहत एक अनूठी पहल की है। पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय के निर्देश पर जिले के सभी 11 थानों में बीते 10 वर्षों में दुष्कर्म और छेड़छाड़ से जुड़े मामलों में आरोपित रहे 1199 लोगों को थानों पर बुलाकर शपथ दिलाई गई। एसपी सूरज कुमार राय ने बताया कि इन आरोपियों में बुजुर्गों से लेकर नौजवानों तक शामिल रहे। सभी को थानों पर बुलाकर यह शपथ दिलाई गई कि वे भविष्य में कभी भी महिलाओं के साथ



अनुचित व्यवहार नहीं करेंगे और समाज में उनकी गरिमा का सम्मान करेंगे। पुलिस अधिकारियों ने इस दौरान आरोपियों को सख्त चेतावनी भी दी कि अगर भविष्य में दोबारा किसी तरह की घटना में शामिल पाए गए, तो उनके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान पुलिस ने सभी उपस्थित लोगों से महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने की अपील की। अधिकारियों का कहना है कि यह पहल जिले में महिलाओं से जुड़े अपराधों पर अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एक साथ 1199 आरोपियों द्वारा महिलाओं का सम्मान करने और अपराधों से दूर रहने की शपथ लेने से यह संदेश गया कि समाज में सकारात्मक बदलाव संभव है।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को ड्राइविंग और ई-रिक्शा प्रशिक्षण, 17 नए लाइसेंस जारी

**समाज जागरण**

बागपत। कार्यालय सहायक सम्भागीय परिवहन की ओर से सोमवार को मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यालय में महिलाओं को विशेष प्रशिक्षण और जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) नीतू शर्मा ने महिलाओं को मिशन शक्ति के उद्देश्यों के बारे में अवगत कराया और उन्हें सड़क सुरक्षा, ड्राइविंग नियमों और महिलाओं की सुरक्षा के महत्व पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को ड्राइविंग स्कूल के माध्यम से ई-रिक्शा चलाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। आज कुल 17 महिलाओं को नए ड्राइविंग लाइसेंस जारी किए गए। इस प्रकार अब तक बागपत जिले में महिलाओं को कुल 6811 ड्राइविंग लाइसेंस जारी किए जा चुके हैं, जिनमें से 18 ई-रिक्शा चलाने के लिए विशेष लाइसेंस हैं। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें सुरक्षित, सक्षम और रोजगार के अवसर प्रदान करना है। मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए नियमित प्रशिक्षण और जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इस पहल से न केवल महिलाओं को वाहन चलाने का कौशल मिला है, बल्कि उन्हें रोजगार और आर्थिक स्वतंत्रता की दिशा में भी सशक्त बनाया गया है। अधिकारियों का कहना है कि भविष्य में इस कार्यक्रम को और विस्तारित कर और अधिक महिलाओं को प्रशिक्षण और लाइसेंस प्रदान किए जाएंगे।

# स्कंदमाता की विधि-विधान के साथ की गई पूजा-अर्चना

बागपत। नगर के सिसाना रोड स्थित शिव भूमिया मंदिर के पास नवरात्र को लेकर माता रानी की चौकी लगाई गई है। यहां पर पांचवें दिन मां भगवती के पांचवे स्वरुप देवी स्कंदमाता की विधि-विधान के साथ पूजा- अर्चना की गई। काफी संख्या में यहां श्रद्धालु पहुंचे और उन्होंने स्कंदमाता की सामूहिक रूप से आरती उतारकर घर-परिवार की सुख, शांति व समृद्धि के लिए प्रार्थना



की। पंडित मनीष भारद्वाज, शोभित भारद्वाज व वंश भारद्वाज ने देवी की विधि- विधान के साथ पूजा कराई। अंत में सभी को पंच मेवा व केले के प्रसाद का वितरण किया गया। समाजसेवी राजू चौहान ने बताया कि यहां पर एक अक्टूबर को विशाल भंडारा लगाया जाएगा। उन्होंने इस मौके पर अधिक से अधिक लोगों से पहुंचने की अपील की। इस मौके पर राजू चौहान, बबली चौहान, नगेश शर्मा एडवोकेट, राकेश चौहान, बिट्टू वर्मा, सौराज मणि, डॉक्टर नरेंद्र सिंह, बॉबी आर्य आदि थे।

# रामलीला मंचन दौरान प्रभु राम के शक्ति बान लगने से बाली का हुआ वध,

## आज होगा अंगद संवाद व सुक सारंग का मंचन

**(मन्नू शर्मा पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख)**




जैतो,28 सितंबर : क्षेत्र की प्राचीन धार्मिक संस्था श्री रामा कृष्णा ड्रामाटिक क्लब रजि जैतो द्वारा गत 19 सितम्बर से लगातार मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी के जीवन पर आधारित लीलाओं का शानदार संगीतमय मंचन बाखूबी से किया जा रहा है।श्री रामा कृष्णा ड्रामाटिक क्लब में चल रही श्री रामलीला के मंच पर आज रात्रि सुग्रीव मित्रता एवं बाली वध नाइट का मंचन किया गया जिसमें प्रभु श्री राम का हनुमान से मधुर मिलन ,बाली और सुग्रीव का युद्ध एवं प्रभु श्री राम द्वारा बाली का उद्धार करना देखने के काबिल था हनुमानजी की भूमिका में पंकज जिन्दल और बाली-आशीष गर्ग बरगाडी, सुग्रीव-विपन अरोडा ने बेहतरीन प्रदर्शन किया ।इसके अलावा अम्बर डांस अकादमी द्वारा तैयार हनुमान जी की एंट्री के दृश्य को विशाल डी.जे. गोनियाना मंडी से विशेष तौर पर आकर चार चांद लगाए जिसे देखकर पंडाल में बैठे हुजूम लोगों ने खूब आनंद लिया और तालियां बजाई ।बाली वध के बाद बाली का स्यापा देखकर लोग मारे हंसी के लोटपोट हो गए ।इस नाइट का शुभारंभ समाज सेवी दिवंगत धनी राम मितल के पुत्र श्री संदीप मित्तल एडवोकेट ,श्री कृष्ण मित्तल, श्री नरेश मित्तल एवं सुरेंद्र माहेश्वरी बीजों वालों ने अपने कर कमलों से किया और इस उपरांत श्री गणेश जी व माता सरस्वती जी की अपने परिवार के साथ विशेष पूजा अर्चना और आरती की। इस अवसर पर श्री रामा कृष्णा ड्रामाटिक क्लब जैतो की प्रबंधक कमेटी की तरह से मुख्य अतिथियों को विशेष स्मृति चिन्ह और दौशाला देकर सम्मानित किया गया। यह जानकारी क्लब के लोक संपर्क अधिकारी व जाने -माने समाज सेवी पंकज जिंदल ने दी। इस मौके पर क्लब के चेयरमैन ईश्वर जिंदल , प्रधान मानक शाह शर्मा,संगीत डायरैक्टर सोनू वर्मा,राम अवतार वर्मा, मास्टर सुरेंद्र लूंबा, महासचिव सोनू फैटी,मीडिया इंचार्ज संदीप लूंबा सोनू,जनक लहरी,दर्शन चौधरी, जीवन सिंह, नरेश शिवा,मोनू लूंबा ,टिंकू ढला,टोनी डोड,नवल जैन, लवयम शर्मा, दीप्तांशु गोयल, सतविंदर सिंह सत्ती, राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित रघुनंदन पराशर,लविश जिंदल ,भारत भूषण जिंदल,निंदी शर्मा सहित अन्य बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। मंच संचालक टोनी पाटिल ने बाखूबी से निभाया।इस अवसर पर स्थानीय पुलिस का व्यापक प्रबंध रहा। इस बीच डी.एस.पी.मनोज कुमार शर्मा ने कहा कि शहर में अमन शांति कायम रखने के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं और दिन रात पुलिस फोर्स शहर में गश्त कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि रामलीला मंचन के दौरान किसी भी शरारती तत्व व्यक्ति को अमन शांति भंग नहीं करने दी जाएगी। श्री रामा कृष्णा ड्रामाटिक क्लब जैतो के कलाकारों द्वारा पेश विभिन्न दृश्य।

# लायन आई केयर सैंटर जैतो ने लगाया आई चैकअप कैंप

## 358 मरीजों ने उठाया लाभ

**(मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख)**



जैतो,28 सितंबर :लायन आई केयर सैंटर जैतो ने आज लायन क्लब मोगा विशाल के सहयोग से मां चिंतपूर्णी धर्मशाला में विशाल आई चैकअप कैंप लगाया। लायन आई केयर सैंटर जैतो के चेयरमैन लायन राकेश रोमाना और कैम्प चेयरमैन लायन नरेश मित्तल ने बताया कि इस कैम्प में डा. अकरीती सिंगला और उनकी टीम प्रियंका यादव, सिमरन कौर, सुखबीर सिंह, अंजना कुमारी ने 358 मरीजों की आंखों को चैक किया और मामूली बीमारी वाले 314 मरीजों को मुफ्त दवाइयां दी गई। 44 आप्रेशन वाले मरीजों को लायन आई केयर सैंटर जैतो की बस से जैतो लाया जाएगा और आप्रेशन के बाद वहीं छोड़कर आया जाये जाएगा। इस दौरान सभी के आप्रेशन मुफ्त किए जाएंगे, और लंगर, चाय पानी, रहने की व्यवस्था, दवाईयां, चश्मे मुफ्त दिए जाएंगे। हस्पताल के डायरैक्टर लायन प्रदीप सिंगला ने बताया कि हर रविवार को किसी शहर या गांव में निशुल्क आई चैकअप कैंप लगाया जाता है। इस कैम्प में प्रधान लायन कुलभूषण महेश्वरी,मनू गोयल,आशू मित्तल,टिनू शर्मा, शक्ति मित्तल के इलावा मोगा से प्रधान गुरप्रीत जसल, विकास सिंगल, प्रेमदीप बांसल का विशेष सहयोग रहा।लायन आई केयर सैंटर जैतो द्वारा आयोजित आंखों का चैकअप कैंप का दृश्य।

# रेल मंडल में विशेष चेकिंग दौरान 62 यात्री बिना टिकट सफर करते पकड़े गए ,32 000 जुमार्ना वसूला

**रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब**




जैतो,28 सितंबर : फिरोजपुर रेल मंडल के एक अधिकारी ने एतवार को बताया कि मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार के मार्गदर्शन में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री परमदीप सिंह सैनी के अगुआई में आज 28 सितंबर, 2025 को ट्रेन संख्या 19611 (अजमेर-अमृतसर एक्सप्रेस) तथा ट्रेन संख्या 14618 (अमृतसर-पूर्णिया कोर्ट जन सेवा एक्सप्रेस) में सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस टिकट चेकिंग अभियान में उनके साथ वाणिज्य निरीक्षक श्री नितेश सहित टिकट चेकिंग स्टाफ और आरपीएफ के दो जवान थे। बिना टिकट और अनियमित यात्रा करते हुए 62 यात्रियों से लगभग 32 हजार जुमार्ना वसूला गया। सीनियर मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने गाड़ी संख्या 19611 के साइड पैंट्री कार में औचक निरीक्षण के दौरान कुछ डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ ऐसे पाए जो निषिद्ध (अनएप्रूव्ड ब्रांड) है। इसके अलावा तीन वेंडर्स अनाधिकृत पाए गए, उन्हें आरपीएफ को सुपुर्द कर दिया गया। आईआरसीटीसी के नियमों के तहत पैंट्रीकार लाइसेंसी के विरुद्ध आईआरसीटीसी द्वारा विभागीय कार्यवाही हेतु आईआरसीटीसी के अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। रेलवे बोर्ड ने निर्देश जारी किया है कि रेल अधिकारी जनरल कोच में यात्रा करेंगे और यात्रियों के साथ वातालार्प कर उनसे यात्री सुविधाओं का फीडबैक प्राप्त करेंगे। इस निर्देश के अनुरूप, वरि० मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने ट्रेन संख्या 14618 (अमृतसर-पूर्णिया कोर्ट जन सेवा एक्सप्रेस) जिसमें सभी अनारक्षित कोच (जनरल श्रेणी) है। उन्होंने सभी अनारक्षित कोचों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेल यात्रियों से वातालार्प कर यात्री सुविधाओं संबंधी फीडबैक लिया। आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए यांत्रिक विभाग और आईआरसीटीसी को सूचित किया गया, ताकि जन शिकायत कम हो।ब्यास में आज राधा स्वामी सत्संग के भण्डारा के कारण उन्होंने ब्यास रेलवे स्टेशन पर उपलब्ध सभी यात्री सुविधाओं का जायजा लिया कराधा स्वामी सत्संग ब्यास भण्डारा को ध्यान में रखते हुए, यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष ट्रेन संख्या 04612 ब्यास से लुधियाना तक तथा विशेष ट्रेन संख्या 04680 ब्यास से फिरोजपुर कैंट तक चलाई गई, जो पूर्ण रूप से यात्रियों से भरी हुई चली।फिरोजपुर रेल मंडल द्वारा विशेष चेकिंग अभियान का दृश्य।

# केरला के किसानों को धान की सरकारी खरीद के भुगतान की बजाय सीपीआई (एम) सरकार खरीद रसीद पर बैंकों से लोन लेने को करती है मजबूरः लखविंदर सिंह औलख

**रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब**




जैतो ,28 सितंबर :बीकेई प्रदेशाध्यक्ष लखविंदर सिंह औलख ने जानकारी देते हुए बताया कि केरला के कन्नूर जिले के तालुका ईरिट्टी में राष्ट्रीय किसान कन्वेंशन रखी गई, जिसमें संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीतिक से सुखजीत सिंह हरदोझंडे, केवी बीजू, लखविंदर सिंह औलख और अंग्रेज सिंह बूटेवाला ने शिरकत की। केरल के किसानों ने उन्हें बताया कि वन्य प्राणियों द्वारा उनकी फसलें उजाड़ दी जाती है और जंगली जानवरों के आतंक से कई किसानों की जान गई, सैंकड़ों किसान जख्मी हुए हैं। केरल के किसानों, मजदूरों में सीपीआई (एम) सरकार के प्रति भारी नाराजगी देखने को मिली। उन्होंने बताया कि सब्जियों पर एमएसपी देने का दावा करने वाली सरकार पिछले पांच महीने से हमें सरकार द्वारा खरीदे हुए धान की पेमेंट नहीं कर पा रही है। सरकार किसानों से धान खरीद कर उन्हें पी आर एस (धान प्राप्ति रसीद) देती है, उस रसीद की एवज में किसान बैंकों से लोन लेते हैं। 9-10 महीने बाद सरकार खरीदे हुए धान की पेमेंट बैंकों में किसानों के लोन खातों में सीधा भुगतान करती है। इससे किसान को अपनी फसल की पेमेंट पर ही ब्याज देना पड़ता है। एक तरफ तो सरकार फसल लेकर उसकी पेमेंट नहीं करती है और किसानों को अपनी ही पेमेंट का बैंकों को ब्याज भरना पड़ता है। औलख ने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी देश के दूसरे हिस्सों में किसानों, मजदूरों की बात करती है, लेकिन केरल में उनकी सरकार होने के बावजूद भी किसानों-मजदूरों को अत्यधिक मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। कोई भी राजनीतिक पार्टी हो, सत्ता मिलते ही जनता से किए सारे वादे भूल जाती है। .के.ई.के प्रदेश अध्यक्ष लखविंदर सिंह औलख व अन्य किसान नेता एक रैली के दौरान।

# 78वां निरंकारी संत समागम सेवाभाव, समर्पण और मानवता का दिव्य उत्सव

## आत्म मंथन से मन में व्याप्त कुरीतियों को दूर करेंः सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**




जैतो, 28 सितम्बर : इस विविधताओं से भरे संसार में जहाँ मानवता अनेक रूपों, भाषाओं, संस्कृतियों, जातियों और धर्मों में विभाजित दिखाई देती है, वहीं एक शाश्वत सत्य है जो हम सभी को एक अटूट सूत्र में पिरोता है। हम सभी एक ही परमात्मा की संतान हैं, जो हमें समय-समय पर अनके रूपों में आकर प्रेम, करुणा, समानता और मानवता का दिव्य संदेश देते है। हमारे भिन्न-भिन्न रूप और रहन-सहन होते हुए भी हमारे भीतर वही एक जैसी चेतना, जीवन-शक्ति प्रवाहित होती है, जो हमें एक-दूसरे से जोड़ती है।इसी भावना को आत्मसात करते हुए, संत निरंकारी मिशन पिछले 96 वर्षों से वसुधैव कुटुम्बकम॥ अर्थात ॥समस्त संसार एक परिवार॥ की दिव्य भावना को जीवन्त कर रहा है। निरंकारी मिशन न केवल प्रेम, शांति और समरसता का पावन संदेश देता है, बल्कि सत्संग, सेवा और विशाल संत समागमों के माध्यम से उसे व्यवहार में उतारता भी है।हर वर्ष की भांति, इस वर्ष भी वार्षिक निरंकारी संत समागम की सेवाओं की शुरूआत एक अत्यंत भावपूर्ण क्षण के साथ हुई, जब सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी ने अपने पावन कर-कमलों से सेवा स्थल का उद्घाटन किया। यह दृश्य न केवल एक परंपरा का निर्वहन था, बल्कि सेवा, श्रद्धा और मानवता के प्रति गहरी आस्था का जीवंत प्रतिबिंब बना। इस शुभ अवसर पर मिशन की कार्यकारिणी समिति, केंद्रीय सेवादल अधिकारीगण तथा हजारों श्रद्धालु, सेवा-भाव से ओतप्रोत होकर उपस्थित रहे। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी का हार्दिक अभिनन्दन संत निरंकारी मण्डल की प्रधान आदरणीय राजकुमारी एवं संत निरंकारी मण्डल के सचिव आदरणीय जोगिन्दर सुखीजा ने पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए शुभ आशीषों की कामना करी।

समागम सेवा के शुभारम्भ पर हजारों की संख्यां में उपस्थित दर्शनाभिलाषी श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने फरमाया कि आज समागम सेवा के पावन अवसर पर आकर अत्यंत खुशी हो रही है। हर एक के मन में जो उत्साह है उसकी सुंदर झलक अनुभव हो रही है। निसंदेह सत्संग सेवा करते हुए हर मन भक्तिमय हो रहा है। सभी में इस परमात्मा का ही रूप देखना है, किसी प्रकार का अभिमान न हो सबका सम्मान करते हुए सेवा को अपनाना है। निरंकार का सुमिरण करते हुए इस परमात्मा से जुड़े रहना है।समागम केवल समूह रूप में एकत्रित होने का नाम नही यह तो सेवा का प्रबल भाव है। हमें अपने अंतर्मन में झांककर, आत्म मंथन करते हुए यह देखना है कि हमारा जीवन वास्तविक रूप में किस दिशा मे जा रहा है। परमात्मा अंदर भी है और बाहर भी है। हमें अपने अंदर किसी प्रकार की दीवार नहीं बनानी अपितु अपने अंतर्मन में झांककर मन में व्याप्त कमियों का सुधार करना है।लगभग 600 एकड़ में फैला यह समागम स्थल सेवा, श्रद्धा और मानवता का प्रतीक है। यहाँ लाखों भक्तों के निवास, भोजन, स्वास्थ्य, आवागमन और सुरक्षा जैसी सभी व्यवस्थाएँ पूर्ण श्रद्धा और निःस्वार्थ भाव से सम्पन्न की जाती है। देश-विदेश से आए संतजन, सेवा में रत महात्मा और हर वर्ग के श्रद्धालु इस महा उत्सव में सम्मिलित होकर एकत्व, समर्पण और आत्मिक आनंद का अनुभव करते हैं।इस वर्ष समागम का शीर्षक आत्म मंथन है जो हमें अपने भीतर झाँकने, विचारों और कर्मों को आत्मज्ञान से शुद्ध करने की प्रेरणा देता है। यह यात्रा सतगुरु द्वारा प्रदत्त ब्रह्मज्ञान से आरंभ होती है, जो आत्मिक शांति, आनंद और मोक्ष का द्वार खोलती है।मानवता का यह दिव्य उत्सव न केवल मिशन के अनुयायियों के लिए अपितु हर धर्म, जाति, भाषा और देश के मानव प्रेमियों के लिए है जो खुले हृदय से सभी संतों का स्वागत करता है। यह वह भूमि है जहाँ इंसानियत, आध्यात्मिकता और सेवा भाव का अनुपम संगम दृश्यमान होता है। एक ऐसी अलौकिक अनुभूति जो शब्दों से परे है।78 वां निरंकारी संत समागम का दृश्य।

# श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की शहादत की 350वीं शताब्दीः

## असम से शुरू हुआ शहीदी नगर कीर्तन, चेन्नई, तमिलनाडु, बेंगलुरु, कर्नाटक के लिए रवाना

**(रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**



अमृतसर/जैतो, 28 सितंबर :नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहीदी शताब्दी के उपलक्ष्य में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा गुरुद्वारा धोबडी साहिब, असम से शुरू हुआ शहीद नगर कीर्तन आज गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार, चेन्नई, तमिलनाडु से अपने अगले पड़ाव बेंगलुरु, कर्नाटक के लिए रवाना हुआ।नगर कीर्तन के रवाना होने से पहले गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार में धार्मिक दीवान का आयोजन किया गया, जिसमें श्री दरबार साहिब के हजूरी रागी जत्था ने गुरबानी कीर्तन किया. इस दौरान सचखंड श्री हरमंदिर साहिब के ग्रंथी सिंह साहिब ज्ञानी सुल्तान सिंह ने कथा वाचन करते हुए नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी का जीवन परिचय संगत के साथ साझा किया। उन्होंने संगत से गुरु साहिब के जीवन से प्रेरणा लेने और बाणी बाणा का अनुयायी बनने की अपील की और शताब्दी समारोह में परिवारों सहित शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। नगर कीर्तन के रवाना होने के समय गुरुद्वारा साहिब के आयोजकों ने पंज प्यारे साहिबों और उपस्थित प्रमुख हस्तियों को सिरोपा भेंट किया। रास्ते में विभिन्न धर्मों के लोगों ने नगर कीर्तन का बड़ी श्रद्धा के साथ स्वागत किया। संगत ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पालकी पर पुष्प वर्षा की और गुरु साहिब को श्रद्धांजलि अर्पित की। रास्ते में, सरदार प्रितपाल सिंह भाटिया और परिवार ने वेल्लोर तमिलनाडु में संगत के लिए लंगर की व्यवस्था की थी। इस अवसर पर शिरोमणि कमेटी के जूनियर सदस्य बलदेव सिंह कल्याण, सदस्य सचिव गुरप्रताप आनंद, परमजीत सिंह, कुलविन्दर सिंह, स. मनमीत सिंह चड्ढा, इंदरजीत सिंह, गुरप्रीत सिंह कलसी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।असम से शुरू हुआ शहीदी नगर कीर्तन कर्नाटक के लिए रवाना।

# टोरंटो का यह इलाका दुनिया के सबसे ' कूल ' इलाकों में से एक है। क्या यह आपका भी है ?

**("रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख*)**



नई दिल्ली,28 सितंबर :टोरंटो के पश्चिमी छोर पर स्थित इस इलाके को दुनिया भर में सबसे अच्छे इलाकों में से एक माना गया है।बाथर्स्ट स्ट्रीट और लैंसडाउन एवेन्यू के बीच फैला डेवनपोर्ट, टाइमआउट के वर्ष के 39 सबसे अच्छे पड़ोसों में 26वें स्थान पर है ।टाइमआउट का कहना है कि यह तय करने के लिए कि कौन से इलाके इतनी प्रशंसा के पात्र हैं, उन्होंने दुनिया भर के लेखकों और संपादकों का सर्वेक्षण किया और उनके कस्बों के "सबसे जीवंत ज़िले" को नामित किया। ब्रिटेन स्थित इस मीडिया कंपनी ने कहा कि इसके आधार पर उसने हर इलाके को उसकी संस्कृति, समुदाय, खान-पान, रहने की सुविधा, नाइटलाइफ और "उस 'वर्तमान' की भावना जिसे परिभाषित करना मुश्किल है" के आधार पर रैंकिंग दी।यात्रा गाइड ने जीवंत आँगन, कैफे और "सांस्कृतिक गोदाम स्थानों" की प्रशंसा की, तथा इस क्षेत्र को रचनात्मक लोगों और संभावित रूप से भोजन प्रेमियों के लिए एक "चुंबक" कहा, क्योंकि इसने जनरल पब्लिक को इस क्षेत्र का "लंगर" बताया।टाइमआउट ने डेवनपोर्ट की ब्रुअरीज–ब्लड ब्रदर्स और द ग्रेटर गुड, दोनों ही गीरी एवेन्यू पर स्थित हैं–के साथ-साथ अंडरग्राउंड नाइटलाइफ को भी उन कारणों में से एक बताया जिनकी वजह से "कूल भीड़ इस इलाके में उमड़ पड़ती है।" इसने यह भी बताया कि कैसे डेवनपोर्ट कला और डिजाइन का एक स्थानीय केंद्र है, जो गीरी आर्ट क्रॉल के साथ-साथ अश्वेतों के स्वामित्व वाले क्रिएटिव स्टूडियो, ऑल ऑर्स स्टूडियो के लिए भी जाना जाता है।टाइमआउट के अनुसार, यहां "एक आदर्श दिन" बिताने की शुरूआत बाल्जाक पावरहाउस में मैचा लट्टे के साथ होती है, और उसके बाद फोटोग्राफी देखने के लिए कार्डिनल गैलरी में जाया जाता है।सूची में लिखा है, "दोपहर के भोजन में अमेलिया मार्केट में मसालेदार बैंगन सैंडविच का आनंद लें, या पैरालल ब्रदर्स में स्वादिष्ट फलाफेल का आनंद लें, तथा उसके बाद पैराडाइज ग्रेपवाइन के स्पेस काउबॉय 'डार्टी' (एक फ्रोस स्लशी मशीन और मैकेनिकल बुल डे पार्टी) में भाग लें।"टाइमआउट के अनुसार, इसके बाद रात को नॉर्थ ऑफ ब्रुकलिन पिज्जा के एक स्लाइस के साथ समाप्त किया जा सकता है और मानक समय पर संगीत सुना जा सकता है।कनाडा का एक अन्य पड़ोस भी इस सूची में शामिल है, मॉन्ट्रियल का प्लेटो-मोंट-रॉयल 22वें स्थान पर है।टाइमआउट के अनुसार, दुनिया भर के सभी "सबसे अच्छे" पड़ोसों की सूची यहां दी गई है:जिम्बोचो, टोक्यो , जापान बोर्गरहाउट, एंटवर्प, बेल्जियम बर्रा फंडा, साओ पाउलो, ब्राजील कैम्बरवेल, लंदन, इंग्लैंड एवोंडेल, शिकागो, अमेरिका मुल्लाए-डोंग, सियोल, कोरिया मेनिलमोंटेंट, पेरिस, फ्रांस नाकात्सु, ओसाका, जापान वल्लीला, हेलसिंकी, फि नलैंड लैबोन, अकरा, घाना गुयेन थाई बिन्ह, हो ची मिन्ह, वियतनाम अंजोस, लिस्बन, पुर्तगाल डिगबेथ, बर्मिंघम, इंग्लैंड रेड हुक, न्यूयॉर्क, अमेरिका पेरपेटुओ सोकोरो, मेडेलिन, कोलंबिया बरवुड, सिडनी, ऑस्ट्रेलिया लिंडेन, जोहान्सबर्ग, दक्षिण अफ्रीका पूर्व फ्रांसीसी रियायत, शंघाई, चीन क्वार्टिएरी स्पैगनोली, नेपल्स, इटली बेनकूलेन, सिंगापुर, सिंगापुर एन्डूमे, मार्सिले, फ्रांस पठार-मोंट-रॉयल, मॉन्ट्रियल, कनाडा द लिबर्टीज, डबलिन, आयरलैंड नॉर्थ मेलबर्न, मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया पोर्टल्स, मेक्सिको सिटी, मेक्सिको डेवनपोर्ट, टोरंटो, कनाडा लिटिल रिवर, मियामी, अमेरिका केमांग, जकार्ता, इंडोनेशिया बोटाफोगो, रियो डी जनेरियो, ब्राजील शेउंग वान, हांगकांग बारान्को, लीमा, पेरू मोंट कियारा, कुआलालंपुर, मलेशिया क्लार्क्सविले, ऑस्टिन, अमेरिका मार्गिट-नेगीड, बुडापेस्ट, हंगरी ग्लेन पार्क, सैन फ्रांसिस्को, अमेरिका मिजा, अबू धाबी, संयुक्त अरब अमीरात विला डेवोटो, ब्यूनस आयर्स, अर्जेंटीना महरौली, दिल्ली, भारत पोब्लासिओन

# वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 के दौरान 1.02 लाख करोड़ रुपये की निवेश संबंधी प्रतिबद्धताएं हासिल हुईं

**(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख)**

नई दिल्ली,28 सितंबर :खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) द्वारा आयोजित वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 अभूतपूर्व पैमाने के निवेश संबंधी प्रतिबद्धताओं के साथ ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ। इस चार-दिवसीय आयोजन के दौरान, 26 प्रमुख घरेलू एवं वैश्विक कंपनियों ने कुल 1,02,046.89 करोड़ रुपये मूल्य के समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए, जोकि भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश की सबसे बड़ी घोषणाओं में से एक है। इन समझौता ज्ञापनों से 64,000 से अधिक लोगों के लिए रोजगार के प्रत्यक्ष और 10 लाख से अधिक व्यक्तियों के लिए अप्रत्यक्ष अवसर सृजित होने का अनुमान है। यह कदम भारत को खाद्य प्रसंस्करण के एक वैश्विक केन्द्र के रूप में स्थापित करने के सरकार के दृष्टिकोण को पुष्ट करता है।इस क्षेत्र के कुछ सबसे प्रमुख कंपनियों द्वारा समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वाली कंपनियों में रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड, भारत में कोका-कोला सिस्टम, गुजरात सहकारी दूध विपणन संघ (अमूल), फेयर एक्सपोर्ट्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड (लुलु समूह), नेस्ले इंडिया लिमिटेड, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड, कार्ल्सबर्ग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, बी.एल. एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड, एबीआईएस फूड्स एंड प्रोटीन्स प्राइवेट लिमिटेड, एसीई इंटरनेशनल लिमिटेड, पतंजलि फूड्स लिमिटेड, गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड, एग्रिस्टो मासा प्राइवेट लिमिटेड, तिवाना न्यूट्रिशन ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड, हल्दीराम स्नैक्स फूड प्राइवेट लिमिटेड, इंडियन पोल्ट्री अलायंस प्राइवेट लिमिटेड, मिसेज बेक्टर्स फूड स्पेशियलिटीज लिमिटेड, डाबर इंडिया लिमिटेड, अल्लाना कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड, ओलाम फूड इंग्रीडिएंट्स, एबी इनबेव, क्रेमिका फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड, डेयरी क्राफ्ट, सनडेक्स बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड, नासो इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड और ब्लूपाइन फूड्स शामिल हैं। ये प्रतिबद्धताएं डेयरी, मांस एवं पोल्ट्री, डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ, मादक एवं गैर-मादक पेय पदार्थ, मसाले एवं चटनी, कन्फेक्शनरी, खाद्य तेल, फल एवं सब्जियां, और खाने के लिए तैयार (रेडी-टू-ईट) उत्पादों जैसे विविध क्षेत्रों से संबंधित हैं।

इन साझेदारियों का एक महत्वपूर्ण पहलू इनका अखिल भारतीय स्तर पर विस्तार है, जिसमें गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, पंजाब, बिहार, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, असम, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, जम्मू एवं कश्मीर और पूर्वोत्तर क्षेत्र सहित कई राज्यों में निवेश फैला हुआ है। इस व्यापक भौगोलिक विस्तार से इन निवेशों का लाभ समान रूप से साझा किया जाना सुनिश्चित होगा, जिससे देश के विभिन्न क्षेत्रों के किसानों, उद्यमियों और स्थानीय समुदायों के लिए अवसर पैदा होंगे।

राष्ट्रीय निवेश संवर्धन एवं सुविधा साझेदार इन्वेस्ट इंडिया ने इन समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करने में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की सहायता की।वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 ने न केवल रिकॉर्ड स्तर पर निवेश संबंधी प्रतिबद्धताएं हासिल की हैं, बल्कि खाद्य प्रसंस्करण के एक विश्वसनीय वैश्विक गंतव्य के रूप में भारत की स्थिति को भी मजबूत किया है।

इस आयोजन ने सतत विकास, नवाचार और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की एक ठोस नींव रखी है, जिससे वैश्विक खाद्य प्रणालियों के भविष्य को आकार देने में भारत का नेतृत्व और अधिक सबल हुआ है। इन्वेस्ट इंडिया के साथ साझेदारी में, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) इन निवेशों को सुगम बनाने और उनके प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने हेतु खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के हितधारकों के साथ मिलकर काम करना जारी रखेगा।

# श्री बालाजी धाम डोभ पर भव्य संकीर्तन एवं पहुँची 55 वीं पैदल ध्वजा यात्रा

## हर रविवार को भिवानी स्टैंड से सुबह 9 बजे श्री बालाजी धाम डोभ के लिये चलती है पैदल ध्वजा यात्रा

**दैनिक समाज जागरण, ( महेन्द्र जावला बहल )**





रोहतक 28 सितंबर। भिवानी रोड स्थित श्री बालाजी धाम गांव डोभ के संस्थापक प्रधान श्री पुरुषोत्तम दास बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक रविवार को शनि देव मित्र मण्डल तेज कॉलोनी रोहतक एवं भक्तजनों द्वारा श्री दुर्गा भवन मंदिर भिवानी स्टैंड से सुबह 9 बजे पैदल ध्वजा यात्रा श्री बालाजी धाम डोभ के लिये चलती हैं धाम पर संकीर्तन, स्वास्थ्य जांच शिविर व पूरी सब्जी हलवा का भंडारा हर्षित कोचर द्वारा लगाया गया श्री दुर्गा भवन मंदिर से प्रधान जी ने ज्योत प्रचण्ड कर के यात्रा कि शुरूआत की सभी हाथ में ध्वजा लिये जय श्री राम के जयकारे लगाते हुये श्री बालाजी धाम डोभ पहुँचे रास्ते में जगदम्बा ट्रेक्टर हाउस द्वारा चाय नास्ता, फ्रूट का प्रबन्ध किया जाता हैं मन्दिर से भक्तों की वापसी के लिये निःशुल्क ऑटो उपलब्ध करवाई जाती हैं प्रत्येक रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया जाता हैं जिसमे आंख जाँच, दांत जाँच, फिजियोथेरेपिस्ट, मेडिसिन और देशी वैध द्वारा इलाज किया जाता हैं सभी दवाईयां और चश्मे निशुल्क दिये जाते हैं और साथ में आज डिस्पेंसरी का शुभारंभ श्रीमति किरन लता धर्मपत्नी मास्टर राधेश्याम जी २ स्र हाई स्कूल श्याम कॉलोनी ने किया साथ ही बालाजी महाराज का सुन्दर संकीर्तन हुआ जिसमे पूनम सेन आशा रोहतक द्वारा सुन्दर सुन्दर भजनों का गुणगान किया साथ ही रिंकू महादेव द्वारा सुन्दर सुन्दर झाकियों प्रस्तुत की गई

इस अवसर पर मुख्य रूप से नवीन तनेजा, हर्षित कोचर,हरिओम मित्तल ,राकेश सैनी,रमेश गुप्ता, विनोद गुप्ता,बलदेव राज कात्याल ,बिट्टू दुआ, वंश, सैंटी,राजेश गोयल,पंडित नरेश कौशिक अमित कौशिक एवं अन्य भक्तजन उपस्थित रहे

## पुलिस अधीक्षक अनूपपुर द्वारा अवैध कबाड़ के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई

### रेड कार्यबाही में 05 ट्रको में लोड अवैध कबाड़ सामाग्री कुल कीमती 1,01,02,625 रुपए की जप्तः 05 आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण अनूपपुर**

पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान को विश्वस्त सूत्रो से ज्ञात हुआ कि शहडोल - कोतमा नेशनल हाईवे - 43 के किनारे ग्राम पोड़ी के नजदीक मोहम्मद सादिक मंसूरी उर्फ जानू कबाड़ी के सांई धर्मकांटा के पास ट्रकों में बड़ी मात्रा में लोहे का अवैध कबाड़ व्यापार हेतु लोड कराया गया है । जो पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री मोती उर रहमान द्वारा टी. आई. कोतवाली अरविन्द जैन, उपनिरीक्षक अजय तेकाम एवं सहायक उपनिरीक्षक संतोष वर्मा की टीम का गठन किया गया एवं शनिवार की देर रात रेड कार्यवाही कराई गई। कोतवाली पुलिस की रेड कार्यवाही में ट्रक क्रमांक CG0 6HC8719 के चालक जीवन बैगा पिता छंगा बैगा उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम बेलिया थाना अमलाई जिला शहडोल, ट्रक क्रमांक CG31B 6872 के चालक रमेश प्रसाद पिता ज्ञानी दास महरा उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम सेमरिया टोला के पास ग्राम जमगाँव तहसील जेतपुर जिला शहडोल, ट्रक क्रमांक MP6 5H0179 के चालक दुर्गेश बैगा पिता बिहारी लाल बैगा उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम अमिलिहा थाना चचाई, ट्रक क्रमांक MP18GA 2640 के चालक पुष्पराज सिंह मार्को पिता लल्लू सिंह मार्को उम्र 35 वर्ष निवासी चांपा थाना सोहागपुर जिला शहडोल एवं ट्रक क्रमांक UP14ET1603 के चालक नोहर सिंह उड़के पिता बब्बू सिंह उईके उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम पोड़ी थाना कोतवाली अनूपपुर के द्वारा ट्रकों में लोड अवैध लोहे के कबाड़ के बारे में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये गये एवं ट्रको में लोड लोहे का कबाड़ जानू कबाड़ी उर्फ मोहम्मद सादिक पिता मोहम्मद मंसूर निवासी अनूपपुर का होना बताया गया । कोतवाली पुलिस द्वारा उक्त 05 ट्रक एवं ट्रको में लोड लोहे के पाईप, एंगल, पुराना कबाड़, गाटर, लोहे का पुराना कबाड़, चादर, पुरानी साईकिले एवं अन्य कबाड़ कुल कीमती 25,02,625 रुपए का एवं 05 ट्रक कुल कीमती 76,00,000 रुपए कुल कीमती 1,01,02,625 रुपए की संपत्ति प्रकरण क्रमांक 05/25, 06/25, 07/ 25,08/25 एवं 09/25 धारा 35 (1)ड़ बी.एन .एस.एस. /303(2) बी.एन.एस. में जप्त कर उक्त आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों से जप्तशुदा लोहे के कबाड़ एवं सामाग्री के बारे में पूछताछ जारी है। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री मोती उर रहमान जी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री जगन्नाथ मरकाम व एसडीओपी अनूपपुर श्री सुमित केरकेट्टा के मार्गदर्शन में टी.आई. कोतवाली अरविन्द जैन के साथ उपनिरीक्षक अजय तेकाम, सहायक उपनिरीक्षक संतोष वर्मा, प्रधान आरक्षक राजकुमार साहू, आरक्षक प्रकाश तिवारी, आरक्षक अब्दुल कलीम, आरक्षक दीपक बुन्देला की टीम के द्वारा अवैध लोहे की कबाड़ के 05 ट्रको को अवैध कबाड़ सहित जप्त किया जाकर कार्यवाही की गई है।

## क्या प्रभारी के सामने बौना साबित हो गया मुख्यालय का आदेश?

**समाज जागरण उमरिया**

क्या अब संबंध और संपर्क कानून और व्यवस्था से ऊपर हो गए हैं? क्या नियम-कायदे सिर्फ छोटे कर्मचारियों पर लागू होते हैं, जबकि अधिकारी अपनी मर्जी से पद पर बने रहते हैं? यह सवाल तब और प्रासंगिक हो जाता है जब उमरिया जिले के एक प्रभारी तीन वर्षों की सेवा अवधि पूरी करने के बावजूद, मुख्यालय से जारी स्थानांतरण आदेश को धत्ता बताते हुए अब भी उसी कुर्सी पर विराजमान हैं। और तो और वह सब इंस्पेक्टर के पद पर हैं लेकिन दो से तीन वर्षों में थाने के प्रभारी बने हुए हैं। सूत्रों की मानें तो जिले में दो थानों में एसआई को प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपना, जब पुलिस लाइन में निरीक्षक स्तर के अधिकारी उपलब्ध हैं, सिर्फ विभागीय असंतुलन नहीं, बल्कि राजनीतिक दबाव और प्रशासनिक संलिप्तता का जीता-जागता उदाहरण है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि इस अधिकारी की शिक्षा, सेवा और पारिवारिक जड़ें इसी जिले में गहराई से जुड़ी हैं—क्या यह महज संयोग है, या सोची-समझी रणनीति? सूत्र बताते हैं कि उमरिया जिले के मानपुर थाने में भी सब इंस्पेक्टर थाना प्रभारी के पद पर पदस्थ हैं।

शराब माफिया का नेटवर्क झ प्रशासनिक संरक्षण के साथ फलता-फूलता व्यापार जिले में चल रहे शराब ठेकों में जनप्रतिनिधियों की कथित हिस्सेदारी बताई जाती है। सूत्र बताते हैं कि ये निवेशक अब खुद ही जिले में अवैध शराब के नेटवर्क के संचालनकर्ता बन बैठे हैं, और इन्हें संरक्षण देने वाला वही अधिकारी हैं जो की सब इंस्पेक्टर के पद पर पदस्थ रहते हुए थाना प्रभारी की जिम्मेदारी संभाल हैं।

**क्या रक्षक ही भक्षक बन गए हैं?**

शहर के मोहल्लों से लेकर गांवों तक में धड़ल्ले से बिक रही अवैध शराब, और उस पर कोई कार्रवाई न होना इस बात का प्रमाण है कि जिले में अब कानून नहीं, लेन-देन का बोलबाला है। पुलिस की चुप्पी और माफियाओं की खुलेआम गतिविधियां यह बताने के लिए काफी हैं कि प्रभारी का प्रभाव किस हद तक फैला हुआ है।

**कप्तान की चुप्पी लापरवाही या राजनीतिक दबाव का परिणाम?**

जिले के कप्तान के पास मुख्यालय का स्थानांतरण आदेश मौजूद है, फिर भी उस पर अमल न होना कई सवाल खड़े करता है।क्या यह केवल एक प्रशासनिक चूक है?

या फिर राजनीतिक दबाव और अंदरूनी गठजोड़ का परिणाम?

यदि अधिकारी कानून से ऊपर रहेंगे, तो फिर चपरासी और आरक्षक से नियम पालन की उम्मीद कैसे की जा सकती है? शराब माफिया में जुन्नु की यारी किसकी छत्रछाया में फल-फूल रहा है धंधा? कथित तौर पर जुन्नु नाम के व्यक्ति के माध्यम से शराब के अवैध धंधे का संचालन हो रहा है। कहा जा रहा है कि इस व्यक्ति के कई अधिकारियों से घनिष्ठ संबंध हैं, और यह संबंध ही उसकी ढाल बन चुके हैं। शराब ठेके से लेकर अवैध निर्माण और वितरण तक, पूरा नेटवर्क बिना पुलिस की सहमति के कैसे चल सकता है?

**जिले में रेत का अवैध कारोबार**

जिले के अंतर्गत चंदिया, मानपुर, घुनघुटी एवं नौरोजाबाद क्षेत्र में रेत का अवैध कारोबार भी चरम पर है। मानपुर क्षेत्र जो की बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से लगा हुआ है वहां के आसपास नदी एवं नालों से पुलिसिया संरक्षण में रेत चोर द्वारा डंके की चोट पर रेत का खनन किया जा रहा है और सप्लाई की जा रही है। यही हाल नवरोजाबाद चंदिया एवं पाली क्षेत्र का भी है।

## ग्रामीण आजीविका परियोजना के माध्यम से विधायक नें स्व सहायता समूह की दो दीदियों को सौंपी आजीविका एक्सप्रेस की चाबी

**समाज जागरण**



शहडोल 28 सितम्बर 2025-दूर-दराज ओर वंचित क्षेत्रों में सुरक्षित, किफायती और समुदाय निगरानी वाले परिवहन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विधायक जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र श्रीमती मनीषा सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सौम्या आनन्द ने स्व सहायता समूह की दीदियों को ग्रामीणा आजीविका परियोजना के माध्यम से आजीविका एक्सप्रेस की चाबी सौंपी। लाभान्वित होने वाली दीदियों क्रमशः ब्यौहारी जनपद पंचायत के स्वदेश सीएलएफ की दीदी सीमा कोल ग्राम तिखवा तथा गोहपारू जनपद पंचायत के जागृति सीएलएफ की दीदी राधा सिंह ग्राम बरेली हैं। ग्रामीण आजीविका परियोजना की उप योजना एजीईवाई का संचालन ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा सामुदायिक लामबंदी के माध्यम से गरीबी का उन्मूलन करना है। योजना की अवधारणा है कि स्व सहायता समूह के सदस्यों के लिए आजीविका के अवसर के रूप में ग्रामीण परिवहन सेवाओं को बढ़ावा देना है, जिससे ग्रामीण सम्पर्क और समाजिक, आर्थिक विकास में वृद्धि हो सके। ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन सेवाएं संचालित कर वैकल्पिक आजीविका प्रदान करना जिससे बाजार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में सुधार हो सके। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री मुद्रिका सिंह, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री विवेक पाण्डेय, गोपाल शर्मा, आजीविका परियोजना के जिला परियोजना प्रबंधक श्री अजय सिंह, श्रीमती शैलजा सिंह, संदीप दीक्षित, विनोद सिंह सहित स्व सहायता समूह की दीदियां उपस्थित रहीं।

## केशवाही क्षेत्र में बालू का अवैध खनन

**समाज जागरण विजय तिवारी**

केशवाही। केशवाही क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हरी के कसेढ नाले से अवैध रूप से रेत का खनन कई महीनो से किया जा रहा है किंतु पुलिस प्रशासन राजस्व विभाग एवं खनिज विभाग द्वारा किसी भी प्रकार की कार्यवाही रेत माफिया पर नहीं की जा रही है प्रतिदिन दर्जन भर ट्रैक्टर घाट पर पहुंचते हैं और अवैध रूप से रेत का खनन कर केशवही सहित आसपास के ग्रामीण अंचल में बिक्री कर दिया जाता है। सूत्र बताते हैं कि राहुल, अर्जुन ,सौरभ सोनी बंधु के अलावा अलावा अनेक ऐसे चर्चित लोग हैं जिन्हें की राजनीतिक संरक्षण भी प्राप्त है इन लोगों के द्वारा लंबे समय से यह अवैध कारोबार किया जा रहा है।

## बिहार और झारखंड से बुलाए गए थे सटोरिए और एक सोसायटी के मकान में लगवा रहे थे दांव, कई बड़े नामों तक पहुंची पुलिस, 6 गिरफ्तार

**समाज जागरण**

रीवा। एशिया कप का मैच चल रहा है। भारत और श्रीलंका के बीच मैच खेला गया। मैच कहीं और स्टेडियम में चल रहा था लेकिन सतना में कुछ और ही गेम चालू था। क्रिकेट पर सट्टा लगाया जा रहा था। पुलिस को इसकी भनक लगी तो दबिश दे दी। 6 सटोरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मौके से लैपटॉप, मोबाइल और अन्य समान जब्त किए गए हैं। सिविल लाइन पुलिस ने क्रिकेट मैच में आनलाइन सट्टा खिलाने के बड़े रैकेट का भांडाफोड़ किया है। एशिया कप में चल रहे मैचों में हार जीत का दांव लगाया जा रहा था। भारत और श्रीलंका मैच में लाखों रुपए के दांव लगाए गए थे। इसकी भनक सिविल लाइन पुलिस को हुई तो ठिकाने पर दबिश दे दी गई। पुलिस ने मौके से 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से अधिकांश झारखंड और बिहार के रहने वाले हैं। सतना में आनलाइन सट्टा लगा रहे थे।

**सोसायटी के एक कमरे में चल रहा था अवैध कारोबार-ः**

थाना प्रभारी सिविल लाइन निरीक्षक योगेन्द्र सिंह परिहार ने बताया कि मुखबिर से उन्हें सूचना मिली थी कि उमा विला सोसायटी के मकान नंबर 1 में अवैध गतिविधियां चलरही हैं। यह मकान पुष्पेन्द्र द्विवेदी का है। जब पुलिस ने मौके पर दबिश दी तो वहां आनलाइन सट्टा लगाया जा रहा था। पुलिस ने मौके से 6 लोगों के पास से 14 मोबाइल फोन और लैपटॉप जब्त किए हैं।

**लाखों का मिला ट्रांजेक्शन-ः**

पुलिस ने आरोपियों के मोबाइल और लैपटॉप की जांच की। आनलाइन गेम रेड्डी अन्ना के नाम से चल रहा था। इसी में भारत श्रीलंका एशिया कप के मैच का सट्टा लगाया जा रहा था। लैपटॉप की जांच की गई तो करीब 7 लाख रुपए के आनलाइन ट्रांजेक्शन का पता चला है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। और भी बड़े खुलासे होने की संभावना है।

**इन आरोपियों को किया गया गिरफ्तार-ः**

पुलिस ने जिन आरोपियों में पकड़ा है उनमें सचिन मंडल, बंटी कुमार, कुलदीप केसरी जिला धनबाद झारखंड के हैं। वहीं नितेश सिंह जिला भोजपुर बिहार, संजीव कुमार जिला मधुबनी बिहार, और पुष्पेन्द्र द्विवेदी निवासी सतना का है। सभी को गिरफ्तार किया गया है।

## मैहर में बाणसागर जलाशय में 12 श्रद्धालुओं की नाव फंसी, प्रशासन ने तुरंत रेस्क्यू किया

**समाज जागरण**

मैहर। शनिवार की शाम बाणसागर जलाशय में बड़ा हादसा टल गया। चंडी माता मंदिर दर्शन के लिए नाव से निकले 12 श्रद्धालु तेज हवा और बढ़ते जलस्तर के कारण रास्ता भटक गए और नाव करीब 15 किलोमीटर दूर एक टापू के पास जाकर बीच जलाशय में फँस गई। सूचना मिलते ही प्रशासन अलर्ट हो गया और तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। घंटों चली इस जद्दोजहद के बाद सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। ऐसे बिगड़ी थी व्यवस्था-ः ग्राम पुरैना, रामनगर के रहने वाले 12 आदिवासी श्रद्धालु शनिवार को सिंहपुर घाट से नाव के जरिए चंडी माता मंदिर बन्नेह दर्शन के लिए रवाना हुए थे। दोपहर बाद मौसम में अचानक बदलाव आया और जलाशय में तेज हवाएँ चलने लगीं। नाव संतुलन खो बैठी और हवा के दबाव में बहते-बहते लगभग 10 से 15 किलोमीटर दूर टापू की ओर चली गई। इस दौरान श्रद्धालु नाव में फँसे रहे और उनकी चिंता बढ़ती गई। प्रशासन ने संभाला मोर्चाः घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम रामनगर एस.पी. मिश्रा, जनपद सीईओ मुन्नीलाल प्रजापति, थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी, तहसीलदार अनामिका सिंह, नायब तहसीलदार ललित धार्वे और रोशन रावत मौके पर पहुँचे। तत्काल जिला प्रशासन को सूचना देकर रेस्क्यू टीम तैयार की गई। प्रशासनिक टीम ने सटीक प्लानिंग कर स्टीमर के जरिए टापू तक पहुँच बनाई और श्रद्धालुओं को सकुशल बचा लिया। ये है श्रद्धालुओं की सूची-ः रेस्क्यू किए गए श्रद्धालुओं में सागर कोल (24), रामरहीश रावत (23), प्रेमलाल रावत (40), मिजाजी शक्त (36), नेपाल कोल (25), अमित कोल (18), सौखीलाल कोल (31), राजू सोडत (50), फूलचंद डोल (48), गोकुल कोल (48), बल्लू कोल (30) और धर्मेन्द्र रावत (20) शामिल हैं। सभी श्रद्धालु ग्राम पुरैना, रामनगर के निवासी हैं। सुरक्षित बचे-ः सभी 12 श्रद्धालुओं को स्टीमर के जरिए बाणसागर के बालाघाट सेमरिया घाट तक लाया गया। यहाँ रेस्क्यू टीम ने उन्हें चाय-नाश्ता करवाया और फिर वाहनों से 20झ25 किलोमीटर दूर उनके गाँव पुरैना तक सुरक्षित पहुँचाया। प्रशासन की तत्परता और सूझबूझ से एक बड़ा हादसा टल गया। सुरक्षा को लेकर उठे सवाल-ः इस घटना के बाद बाणसागर जलाशय में सुरक्षा व्यवस्थाओं पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि श्रद्धालुओं और मछुआरों की नावों पर निगरानी बढ़ाई जानी चाहिए और बिना सुरक्षा इंतजाम नाव संचालन पर रोक लगनी चाहिए। प्रशासन ने भी संकेत दिए हैं कि अब जलाशय क्षेत्र में सख्त नियम बनाए जाएँगे, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएँ न हों।

## सकोला ग्राम में गहराया जल संकट

**समाज जागरण**









अनूपपुर नगर परिषद बरगवा अमलाई के वार्ड क्रमांक 11 सकोला ग्राम में वार्ड वासियों को जल संकट से गुजरना पड़ रहा है और शिक्षा के मंदिर में आने वाले नौनिहालों को भी शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है किंतु नगर परिषद द्वारा पेयजल समस्या के निजात के लिए अभी तक किसी भी प्रकार की पहल नहीं की गई है। बताया जाता है कि प्राथमिक पाठशाला में लगभग 6 माह से पानी का संकट व्याप्त है जिसके कारण यहां अध्यनरत बच्चे एवं शिक्षक शिक्षिकाएं पानी की संकट से जूझ रहे हैं इस वार्ड में लगभग 25 से 30 घर बैगा परिवार के रहते हैं और उन्हें भी एक से डेढ़ किलोमीटर पीने के पानी के लिए विवश होना पड़ रहा है। स्कूल प्रबंधन ने नगर परिषद के अधिकारियों का ध्यान में इस संबंध में आकर्षित कराया था लेकिन अभी भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। इसके अलावा वार्ड में अनेक स्थानों में विद्युत के पल में बिजली भी नहीं लगाई गई है जिसके कारण वार्ड में अंधेरा छाया रहता है।

## इटौरा में महिला की हत्या का पुलिस ने खोला राज

### विवि थाना अंतर्गत इटौरा में दयालू नगर में हुई थी नेहा सिंह की हत्या ग्राम अटर्रा थाना नरैनी जिला बांदा उप्र निवासी 36 वर्षीय पुष्पेन्द्र सिंह निकला आरोपी



**समाज जागरण**

रीवा। विवि थाना अंतर्गत दलालू नगर में हुई महिला की हत्या का पुलिस ने 24 घंटे के अंदर ही खुलासा कर दिया। हालांकि इस खुलासे में कई राज अभी अधूरे ही हैं। महिला की हत्या उनके रिश्तेदार ने की। रिश्ते मे देवर ने रुपयों को लेकर महिला की हत्या कर दी। लकड़ी के बैट से सिर पर इतनी बुरी तरह से वार किए कि महिला की मौत हो गई। इसके बाद आरोपी ने घर की आलमारी से नगदी और जेवरात भी चुराए और चंपत हो गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आपको बता दें कि शुक्रवार को विवि थाना को सूचना मिली कि इटौराक दयालू नगर में रहने वाली नेहा सिंह पति चवेन्द्र ङ्क्षसह उम्र 35 वष्ज्ञ की खून से लथपथ लाश उनके कमरे में बिस्तर पर पड़ी हुई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी। शव को पीएम के लिए भेजा गया। पीएम में सिर पर भारी चीज से हमले से मौत की पुष्टि की गई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की। बच्चों से भी पूछताछ की गई। सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए। आसपास के लोगों से भी पूछताछ की गई। पुलिस को पूछताछ में एक नाम मिला। यह नाम पुष्पेन्द्र सिंह पिता कमल सिंह उम्र 36 वर्ष का सामने आया। पुष्पेन्द्र ङ्क्षसह का नेहा सिंह केघर पर काफी आना जाना था। पुलिस ने पुष्पेन्द्र सिंह को उठाया। कड़ाई से पूछताछ की गई तो सारा मामला उजागर हो गया। पुष्पेन्द्र ने हत्या करना कबूल कर लिया।

**हत्या के बार चोरी की और फरार हो गया-ः**

पुष्पेन्द्र सिंह ने पुलिस को बताया कि उसने नेहा सिंह से रुपयों की मांग की थी। रुपए देने में नेहा सिंह ने आनाकानी की। ऐन मौके पर उन्होंने मना कर दिया था। इसी बात पर उनका शुक्रवार को विवाद हो गया। पुष्पेन्द्र ने बताया कि वह 26 सितंबर को नेहा के घर पहुंचा था। जहां दोनों के बीच विवाद हुआ था। पुष्पेन्द्र ने ताव में आकर घर पर रखे लकड़ी के बैट से हमला कर दिया। नेहा के सिर पर कई वार किए गए। इसमें वह अचेत होकर बिस्तर पर गिर गई। इसके बाद पुष्पेन्द्र ने घर में रखी आलमारी से सोने चांदी के आभूषण और 1 लाख 10 हजार रुपए नगद चोरी किए और भाग खड़ा हुआ। पकड़े जाने के बाद पुलिस ने आभूषण और रुपए बरामद कर लिए हैं।

**कई राज अभी खुलने बांकी है-ः**

पुलिस ने प्रेस कान्फ्रेंस कर खुलासा तो कर दिया लेकिन कई बातें अभी सामने आनी शेष है। महिला और पुष्पेन्द्र सिंह के बीच किस बात को लेकर रुपए का लेन देन होता था। महिला पुष्पेन्द्र को हर बार क्यों रुपए देती थी। इस बार उसने मना क्यों कर दिया। दूर का देवर होने के बाद भी इतना आना जाना क्यों था। जिस दौरान हत्या हुई उस दौरान बच्चे कहां थे।

## संगीता उईके के प्राचार्य बनते ही, सुधर रही शा. महाविद्यालय जैतहरी की व्यवस्थाएं

**समाज जागरण जितेंद्र शर्मा**

अनूपपुर,/अनूपपुर जिले के जैतहरी शासकीय महाविद्यालय में जब से संगीता उईके ने प्राचार्य का कार्यभार संभाला है,उनके कार्यभार संभालते ही शासकीय जैतहरी महाविद्यालय की सभी सुविधाओं में सुधार देखने को मिल रहा है,विद्यार्थियों द्वारा बताया जा रहा है कि पूर्व में पदस्थ प्राचार्य की मनमानी से जैतहरी महाविद्यालय में कई अनियमिताएं हो रही थी लेकिन जब से संगीता उईके मैडम ने महाविद्यालय का कार्यभार संभाला है उनके प्राचार्य बनते ही जैतहरी में विद्यार्थियों को सर्व सुविधायुक्त क्लासेस एवं सभी तरह की संयुक्त व्यवस्था जैतहरी महाविद्यालय प्रदान कर रहा है हम बता दें कि अध्यनरत छात्र जो पूर्व में कम संख्या में निरंतर कक्षाएं लेने आते थे वह छात्र की संख्या में बढ़ोतरी होकर प्रतिदिन महाविद्यालय में अध्यनरत छात्र महाविद्यालय पहुंचकर अच्छी सुविधा एवं शिक्षा का लाभ ले रहे हैं, सुश्री संगीता उईके के कार्यकाल में सभी स्टाफ एवं महाविद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थी खुद को एक अच्छे महाविद्यालय का हिस्सा मान रहे हैं! पूर्व प्राचार्य एवं पूर्व में कई तरह के अनियमिताएं हो रहे थे अगर हम बात करें पूर्व में अध्यनरत छात्र चाहे वह रेगुलर हूं अथवा भोज के विद्यार्थी हो उनको खुल्लम-खुल्ला नकल कराए जाने की व्यवस्था महा विद्यालय प्रशासन द्वारा की जाती थी एवं नकल प्रकरण के कोई केस नहीं बनते थे। जिससे विद्यार्थी बेखौफ होकर नकल की छूट में रहते थे लेकिन जब से महाविद्यालय का प्राचार्य बदलते ही समस्त परीक्षाओं में विद्यार्थियों को नकल में पूर्णता रोक लगाने का कार्य महाविद्यालय की प्राचार्य संगीता उईके ने किया है जो काफी सराहनीय है एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य का एक आधार है। कुछ समाचार पत्रों में महाविद्यालय की प्रिंसिपल मैडम को बदनाम करने की साजिश के कारण अपवाह जैसी खबरें चलाई जा रही है जो पूर्णत गलत है, पूर्व में आउटसोर्स में भर्ती कर्मचारी जो महाविद्यालय में अपने कार्यों को सही तरीके से ना करके अपनी मनमानी अपनाते थे उनको आउटसोर्स भर्ती नियम अनुसार मैडम ने उनके पद से मुक्त कराया जो विद्यालय महाविद्यालय के लिए सही साबित होता दिखाई दे रहा है।

संगीता उईके के प्रिंसिपल बनते ही बदल रही जैतहरी महाविद्यालय की तस्वीरें जैतहरी महाविद्यालय में व्याप्त समस्याओं का निदान जैसे ही हो रहा है,जैतहरी महाविद्यालय में अध्यनरत छात्रों के लिए काफी मददगार साबित हो रहा है एवं महाविद्यालय की सर्वव्यवस्थाओं में सुधार हो रहा है निश्चित ही इस महाविद्यालय में अध्यनरत छात्रों को अच्छी शिक्षा के साथ एक अच्छा दिशा निर्देश और एक अच्छा महाविद्यालय कैंपस बनाने का लक्ष्य लेकर महाविद्यालय की प्राचार्य काम कर रही हैं,जो कि बहुत ही सराहनीय है।

## *बुढार में करोड़ों की जमीन सौदे में धोखाधड़ी का आरोप, व्यापारी ने 13 लोगों पर न्यायालय में दायर किया परिवारवाद

**समाज जागरण राजीव रावत बुढार (शहडोल)।** करोड़ों रुपये के जमीन सौदे में धोखाधड़ी और षड्यंत्र का मामला बुढार में उजागर हुआ है। शहर के वार्ड क्रमांक-9 निवासी व्यापारी संजय डोडवानी (48) ने न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, बुढार के न्यायालय में 13 लोगों के खिलाफ परिवाद पेश किया है। आरोप है कि आरोपियों ने मिलकर साजिश रचते हुए न केवल 61 लाख रुपये का सौदा हड़प लिया, बल्कि बाद में अवैध रजिस्ट्री करा ली और दबंगई कर जमीन पर कब्जे की कोशिश भी की। 61 लाख में हुआ था सौदा, 41 लाख से ज्यादा की अदायगी परिवादी संजय डोडवानी ने बताया कि वर्ष 2021 में भरतलाल प्रजापति और प्रेमनारायण प्रजापति से 61 लाख रुपये में वार्ड क्रमांक-18 बुढार स्थित 2376 वर्गफीट जमीन का सौदा हुआ था। डोडवानी का कहना है कि अब तक वे करीब 41 लाख रुपये (35 लाख लिखित समझौते और 6 लाख नगद/सामान) का भुगतान कर चुके थे। रकम लेने के बाद भी टालमटोल आरोप है कि शेष 20 लाख रुपये का भुगतान करने के बाद रजिस्ट्री कराने का वादा किया गया, लेकिन आरोपी पक्ष ने टालमटोल शुरू कर दिया। बाद में भरतलाल प्रजापति की मृत्यु हो गई। इसके बाद जितेन्द्र चांदवानी और उसके सहयोगियों ने जमीन पर कब्जा करने की योजना बनाई और कथित तौर पर राजनीतिक रसूख का इस्तेमाल किया। बैंक ट्रांसफर के बाद फोन बंद डोडवानी के मुताबिक, 13 फरवरी 2025 को आरोपियों की मांग पर उन्होंने 15 लाख रुपये बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिए और 5 लाख रुपये नकद देने की तैयारी कर ली। लेकिन रकम मिलते ही सभी आरोपियों ने मोबाइल बंद कर लिए और संपर्क से बचने लगे। इसके दो दिन बाद पता चला कि आरोपी पक्ष ने जमीन की रजिस्ट्री अपने नाम करा ली है। दबंगई और गुंडागर्दी का भी आरोप व्यापारी का आरोप है कि आरोपी जितेन्द्र चांदवानी ने 14 फरवरी की शाम जमीन की रजिस्ट्री कराई और फिर 60-70 गुंडे बुलाकर डोडवानी परिवार को धमकाया। पूरी रात उनके घर के सामने उत्पात मचाया गया। शिकायत के बाद भी पुलिस ने कोई सख्त कार्रवाई नहीं की। पुलिस-प्रशासन तक पहुंचा मामला परिवादी ने इस संबंध में थाना बुढार, एसडीओपी, एसपी शहडोल, यहां तक कि आईजी, डीजीपी भोपाल, मानवाधिकार आयोग और महिला आयोग तक शिकायत पहुंचाई। महिला आयोग व आईजी कार्यालय ने जांच के आदेश भी दिए, मगर आरोपियों के दबाव के कारण कार्रवाई नहीं हो सकी। न्यायालय की शरण में पहुंचे व्यापारी पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने से क्षुब्ध होकर व्यापारी संजय डोडवानी ने अब 13 आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में परिवाद दायर किया है। इसमें प्रेमनारायण प्रजापति, रिंकी प्रजापति, मनोरमा प्रजापति, जितेन्द्र चांदवानी, दौलत मनवानी, कैलाश विशनानी समेत 13 लोगों को आरोपी बनाया गया है डोडवानी का कहना है कि यदि आरोपियों पर अंकुश नहीं लगाया गया तो वे किसी अप्रिय वारदात को अंजाम दे सकते हैं। उन्होंने न्यायालय से न केवल आरोपियों को दंडित करने बल्कि अपने परिवार की जान-माल की सुरक्षा की भी मांग की है।

## मानपुर ,ताला ,नौरोजाबाद में खाकी के सह पर खुलेआम शराब की पैकारी , पुलिस और अधिकारी विभाग की मौन स्वीकृति

**समाज जागरण विजय तिवारी**

उमरिया। जिले के मानपुर ,ताला और नौरोजाबाद कालरी में संचालित कंपोजिट शराब दुकान जिन्हें अपने दुकान से शराब की बिक्री करने का अधिकार है लेकिन ज्यादा आमदनी की फिराक में ठेकेदार गांव-गांव शराब की पैकारी कर गांव की जनता को नशे की लत लगाकर उनका और उनके परिवार का जीवन बर्बाद करने में लगे हुये है। जिसे देखने और सुनने वाला कोई नहीं है प्रशासन की मूक दर्शन बन कर बस देखती रहती है। पुलिस प्रशासन की खुली छूट की वजह से शासन प्रशासन का भय नहीं है, खुले आम चल रहे अवैध शराब बिक्री को देखकर प्रशासन की कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान खडा होता है।

**गांव गांव बेची जा रही अवैध शराब**

मानपुर ताला एवं नवरोजाबाद कालरी में संचालित कंपोजिट शराब दुकान के ठेकेदार के द्वारा गांव गांव में अवैध शराब बेचने का ठीहा बनाकर खुले तौर पर शराब की बिक्री की जा रही है जिसकी जानकारी चैकी से लेकर उपर तक होने पर भी न तो कोई सही ढंग से कार्यवाही होती है न ही जांच पडताल होती है। पुलिस कार्यवाही क्यों नहीं कर रही है यह तो पता नहीं लेकिन हां शराब बिक्री कर ठेकेदार कई घरों को बर्बाद जरूर कर रहे हैं। कार्यवाही के नाम पर केस बनाकर छोड दिया जाता है अवैध करोबार की बिक्री जस का तस चलता रहता है। आसपास के गांव में अब तरीके से शराब की तस्करी कर युवा पीढ़ी को बर्बाद करने का कार्य कर रहे हैं वहीं अच्छी खासी जिला को राजस्व की हानि भी हो रही है।

**किसकी शह पर बिक रही शराब**

ग्राम पंचायतों में ठेकेदार के द्वारा वैध शराब बेचने का कोई प्रावधान नहीं है इसके बावजूद भी गांव गांव में खुले तौर पर शराब बिक्री पुलिस प्रशासन की शह पाकर खुले तौर पर बेचा जा रहा है। सबसे बडा सवालिया निशान है कि आखिर किसकी शह पर अवैध शराब की बिक्री खुले तौर पर हो रही है। ठेकेदार पुलिस को कमीशन देकर खुले आम शराब की पाइकारी करवाता है पर ना तो आबकारी विभाग और ना ही पुलिस विभाग किसी तरह की पैकरी पर कार्यवाही करती है,

**शराब पीकर लूट पाट और मारपीट में उतारू शराबी**

अवैध रूप से हाईवे के समीप स्थित ढाबा और गांव गांव में खुले अवैध रूप से शराब अहाते में आये दिन मार पीट जैसी घटना देखने की मिलती रहती है, जिसे देखने और सुनने वाला काई नहीं है। कई गांव ऐसे है जो संवेदनशील क्षेत्र होने की वजह से वहां शासन के द्वारा चैकी स्थापित की गई है उसके बाद भी यहां संवेदनशीलता पर प्रश्न चिन्ह लगा हुआ है क्योंकि यहां आये दिन आपराधिक गतिविधियां कानों में सुनने को मिलती है। ऐसा ही एक नजारा शराब की अवैध बिक्री की वजह से हो रहा है। ताला क्षेत्र जहां बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के आसपास दो से तीन दर्जन रिजॉर्ट भी संचालित हैं सूत्र बताते हैं कि रिसोर्ट में भी ठेकेदार द्वारा अवैध रूप से शराब पहुंचाई जा रही है ।अवैध ठीहे से शराब खरीदकर आसपास के ग्रामीण पूरे ग्राम पंचायत में गंदा माहौल बना कर रखे हुये हैं एवं आये दिन किसी न किसी से बेवजह मारपीट कर ग्राम पंचायत के माहौल को गंदा कर रहे हैं। आये दिन की मारपीट से यहां की आवाम परेशान होकर अब उच्च अधिकारियों के पास जाने की मंशा रखी हुई है।

**सार्वजनिक स्थल बन चुका है मयखाना**

उमरिया शहडोल मार्ग में नेशनल हाईवे के समीप शराब दुकान हो जाने अवैध रूप से ढाबा में अहाता के साथ-साथ खुले में शराब खेत व खुले मैदाने में पी जा रही है इसके बाद हाईवे में चलने वाले ट्रैकों से लूटपाट को अंजाम दिया जा रहा है। साथ ही गांव गांव शराब की बिक्री की वजह से जिस गांव में अवैध शराब की बिक्री हो रही है वहां के सार्वजनिक स्थल मयखाने में तबदील हो चुके हैं, चाहे वह खेल मैदान या फिर बाजार परिसर शराबियों का मयखाना बना हुआ है। शाम ढलते ही बाजार एवं खेल मैदान परिसर में शराबी अवैध शराब अहाते से शराब खरीदकर अपने मन पंसदीदा जगहों पर ठिकाना बनाकर शराब पीते हैं जिससे यहां का माहौल खराब कर रहे हैं।

## * गरबा नाइट्स महोत्सव का भव्य आयोजन 30 सितंबर को

**समाज जागरण**

अमलाई ।गत वर्षो की तरह इस वर्ष भी नगर में शारदेय नवरात्रि के पावन पर्व पर वार्ड क्रमांक 6 दुर्गा मंदिर चौक में गरबा महोत्सव का आयोजन दिनांक 30/9/2025 को शाम 7 बजे संपन्न होने जा रहा है। इस लोकप्रिय महोत्सव में बहुरंगी परिधानों में सजे प्रतिभागियों संग पारंपरिक गरबा रास और आधुनिक डांडिया रास का अनोखा संगम दर्शकों को देखने को मिलेगा आपको बता दे की गरबा नाइट्स महोत्सव में सभी महिला प्रतिभागियों को एक हफ्ते की कड़ी ट्रेनिग दी गई है और सभी महिला प्रतिभागियों इस वर्ष दोगुनी उत्साह से नवरात्रि के अष्टमी पर्व पर 30 सितंबर को आयोजित गरबा आयोजन के लिए तैयार है । जानकारी देते हुए मयंक सिंह सिंगर ने बताया कि यह महोत्सव बीते 4 वर्षो से पवन कुमार चीनी मित्र मंडली के तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है। दर्शकों को भव्य गरबा कार्यक्रम को ने सभी नगरवासियों से अपील की है की ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंच कर प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाएं और कार्यक्रम का आनंद लें।

# नदियों की अविरलता और निर्मलता के भाव का समावेश जन-जन में होना आवश्यक : दिवाकर द्विवेदी

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**



रामेश्वर वाराणसी।अनियोजित नगरीय विकास, औद्योगिकरण और विकृत आस्था का सर्वाधिक दुष्प्रभाव संपूर्ण विश्व में नदियों की निर्मलता एवं अविरलता पर पड़ा है। इसलिए न केवल नदियों की अविरलता और निर्मलता अपितु संपूर्ण जल स्रोतों कुंण्डों तालाबों में सर्वकालिक रूप से निर्मल जल की उपलब्धता का भाव जब तक जन-जन के मन में स्थाई रूप से समाविष्ट नहीं हो जाता, तब तक संपूर्ण रूप से भारत और विश्व की नदियों सहित जल क्षेत्रों(जल तीर्थों) की सुरक्षा संभव नहीं हो पाएगी।

उक्त विचार आज विश्व नदी दिवस के अवसर पर रामेश्वर में मां वरुणा के तट पर आयोजित कार्यक्रम में गंगा समग्र के सह प्रांत संयोजक दिवाकर द्विवेदी ने व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि विश्व की संपूर्ण सभ्यता नदी घाटी के किनारे ही विकसित हुई है। अपने संबोधन में गंगा समग्र के गंगा भाग संयोजक चंद्र प्रकाश ने नदियों की अविरलता और निर्मलता के लिए गंगा समग्र द्वारा अपने 15 आयामों के माध्यम से सामाजिक जागरूकता के लिए किये जा रहे कार्यों की जानकारी दिया और कार्यकताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि नदियों की अबिरलता, निर्बलता और जल संरक्षण के लिए कार्यकताओं को अपने नित्य के कार्यों के साथ इस कार्य को भी जोड़ कर चलना पड़ेगा।

कार्यकताओं द्वारा सर्वप्रथम मां वरुणा के घाट की संपूर्ण सफाई किया गया। तदुपरांत मां वरुणा के पूजन,आरती और संगोष्ठी का कार्यक्रम संपन्न हुआ। पूजन कार्य पंडित चंदन पांडेय द्वारा विधि विधान से संपन्न कराया। कार्यक्रम का आयोजन गंगा समग्र के जिला संयोजक धर्मेंद्र पांडेय द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में रणदीप सिंह, राज नारायण पटेल एवं अमरीश उपाध्याय,भगत यादव, जयप्रकाश दुबे ,अशोक सिंह, आशीष राजभर, वंशराज यादव,विनोद मिश्रा, सत्येंद्र उपाध्याय,अनीश सिंह, धनंजय त्रिपाठी,आदित्य पांडेय गिरिजेश चौबे,जय हिंद पाल,राम आसरे आदि अनेकों लोग उपस्थित रहे।

# समूहों में लेखांकन का कार्य करेगी प्रशिक्षित बुक कीपर दीदियां : विमल कुमार

**समाज जागरण अनिल कुमार**




हरहुआ वाराणसी। समूहों में लेखांकन का कार्य करेगी प्रशिक्षित बुक कीपर दीदियां तभी बनेगी आत्मनिर्भर।

उक्त बातें जिला ग्राम्य विकास संस्थान परमानंदपुर में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों से चयनित लेखपाल (बुक कीपर) का स्वयं सहायता समूह की अवधारणा एवं प्रबंधन विषयक तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सत्र के समापन अवसर पर प्रशिक्षुओं को सम्बोधित करते हुए जिला प्रशिक्षण अधिकारी विमल कुमार सिंह ने कही।

उन्होंने कहा कि अभिलेखों के सही रखरखाव पर ही निर्भर होती है समूहों की सफलता।

स्वयं सहायता समूहों के अभिलेखों का रख रखाव करने में प्रशिक्षित बुक कीपर दीदियों की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीन दिवसों में डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स पर्सन निर्मल व नीलू श्रीवास्तव द्वारा प्रतिभागियों को स्वयं सहायता समूह की अवधारणा तथा उसके प्रबंधन के बारे में और लेखांकन क्या होता है एवं लेखांकन की प्रक्रिया तथा समूहों में तैयार की जाने वाली पुस्तकों मुख्य रूप से कार्यवाही पुस्तिका, बचत पुस्तिका व ऋण पुस्तिका के बारे में जानकारी देते हुए अभ्यास कराया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दो सत्रों में जनपद वाराणसी के विकास चोलापुर से चयनित 96 बुक कीपर दीदियों ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर सत्र प्रभारी संजय कुमार, सुरेश तिवारी, नीरज कुमार, पूजा निषाद, रेखा, संध्या, प्रेमशिला, रीना, पूनम, सुनीता, रेनू, चन्दा, शोभा, मंजू, उर्मिला, गीता, सोनल, सुमन, माला देवी, संजू, गजाला, राजिया, शबनम बानो, राधिका, छाया, उमा देवी, गुंजा, डिम्पल, सोनी, आंचल, सीमा, किरन आदि की उपस्थिति रही। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्त में सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट व ग्रुप फोटो देकर जिला प्रशिक्षण अधिकारी द्वारा सत्र का समापन किया गया।

# डी एम ने एयरपोर्ट विस्तार के संबंध में की बैठक

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**



वाराणसी।। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, वाराणसी में हवाई अड्डे का विस्तार, नए टर्मिनल भवन का निर्माण और संबद्ध कार्यों के संबंध में एयरपोर्ट स्थित कक्ष में बैठक कर अब तक हुए कार्यो के प्रगति की जानकारी ली और संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

एयरपोर्ट के निदेशक ने पीपीटी के माध्यम से जिलाधिकारी को निर्माण कार्यों सहित अन्य जरूरी बिंदुओं से अवगत कराया।बताया गया कि टर्मिनल भवन के निर्माण के लिए भूमि साफ कर दी गई है।चारदीवारी के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य प्रगति पर है।

रनवे विस्तार क्षेत्र/एप्रन क्षेत्र के पेड़ काटे जाने का कार्य भी जारी है।नए टर्मिनल भवन का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को संबंधित विभागों से समन्वय बनाकर विस्तारीकरण सहित अन्य कार्यों मे तेजी लाने के निर्देश दिए।कहा कि विवादित जमीनी का शीघ्र निस्तारण कराया जाए और जिन किसानों को अभी किसी कारण से मुआवजा नहीं मिला है उन्हें मुआवजा वितरण कराकर मुक्त भूमि पर भौतिक कब्जा सुनिश्चित कराया जाए।उन्होंने सड़क संबंधी निर्माण कार्यों की प्रगति के लिए अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय और निर्माण खंड को निर्देशित किया।विद्युत पोलो की शिफि्टंग संबंधी कार्यों को अधिशासी अभियंता हाइडिल और ड्रेनेज निर्माण के मामलों के निस्तारण के लिए सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया।इसके अलावा जिलाधिकारी द्वारा एयरपोर्ट के विभिन्न स्थानों का स्थलीय निरीक्षण भी किया गया।इस दौरान एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा, अधिशासी अभियंता के के सिंह व आशुतोष, एयरपोर्ट निदेशक,पीडी एनएचआई सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# अन्तरमहाविद्यालयी कबड्डी प्रतियोगिता में शिएट पीजी कालेज 26-13 से विजेता बनी।

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी। सरस्वती उच्च शिक्षा एवं तकनीकी स्नातकोत्तर महाविद्यालय गहनी आयर वाराणसी में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ द्वारा आयोजित अन्तर महाविद्यालयीय कबड्डी प्रतियोगिता (पुरूष) का आयोजन किया गया ' प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि राजेश यादव, सचिव, उत्तर प्रदेश कबड्डी संघ ने किया ' इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में दशरथ पाल, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि के रूप में डॉ. अमरेंद्र कुमार सिंह, और चयनकर्ता डॉ. अमित कुमार और डॉ. बीना सिंह उपस्थित थीं ' महाविद्यालय के उप- प्रबंधक नवीन कुमार सिंह और प्राचार्य डॉ. संतोष कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न देकर किया ' अतिथियों का स्वागत करते हुए नवीन कुमार सिंह ने कहा कि खेल हमें अनुशासित करते हैं ' जीवन में खेलों का अत्यधिक महत्त्व है ' इसके माध्यम से ही हम टीम वर्क और सहयोग, नेतृत्त्व और निर्णय क्षमता, अनुशासन और समय प्रबंधन, धैर्य और आत्मविश्वास आदि सीखते हैं ' प्रतियोगिता में शीएट पीजी कॉलेज, जगत पुर पीजी कॉलेज, हरिश्चंद्र पीजी कॉलेज, बलदेव पीजी कॉलेज, ओबरा पीजी कॉलेज, संत अतुलानन्द पीजी कॉलेज, जीवन दीप पीजी कॉलेज, महादेव पीजी कॉलेज, बी आई टी ई कॉलेज, माँ खंडवारी पीजी कॉलेज, अशोका इंस्टीट्यूट और जी डी विनानी पीजी कॉलेज की टीमों ने हिस्सा लिया ' सेमीफाइनल में शीएट पीजी कॉलेज का मुकाबला बीआईटीई कॉलेज से और महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की टीम का मुकाबला महादेव पीजी कॉलेज से हुआ ' फाइनल मुकाबला शीएट पीजी कॉलेज गहनी आयर वाराणसी और महादेव पीजी कॉलेज की टीमों के बीच हुआ जिसमें शीएट पीजी कॉलेज की टीम 26-13 से विजेता बनी ' विजेता और उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को मेडल, ट्रॉफी और निर्णायक मंडल के सदस्यों तथा महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ से उपस्थित डॉ. दिनेश सिंह, महादेव पीजी कॉलेज के टीम मैनेजर डॉ. धर्मेन्द्र, शीएट पीजी कॉलेज से डॉ. संजीव सिंह, डॉ. अरविन्द सिंह और डॉ. सुजीत कुमार सिंह को मुख्य अतिथि राजेश यादव ने स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया ' साथ ही प्रतियोगिता में भाग ले रही टीमों के प्रतिनिधियों को नवीन सिंह ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया ' कार्यक्रम में बीपीएड विभाग से डॉ. दिनेश चंद्र अरोड़ा, डॉ. अमित कुमार सोनकर, डॉ. दिग्विजय नारायण वर्मा, डॉ. सुजीत कुमार सिंह, मनीष कुमार सिंह सहित महाविद्यालय की प्राध्यापक प्राध्यापिका और छात्र/ छात्राएं उपस्थित थीं ' कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुरभि श्रीवास्तव ने और धन्यवाद ज्ञापन नवीन कुमार सिंह ने किया '

# खादी सामान खरीदें,गर्व से कहें स्वदेशी हैं, सुनी पीएम मोदी के मन की बात

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी। हरहुआ मण्डल भाजपा के बूथ संख्या 103 प्रतापपट्टी मे मंडल प्रभारी जिला महामंत्री संजय सोनकर के नेतृत्व मे मण्डल पदाधिकारीयों ने प्रधानमंत्री जी के मन की बात 'मन की बात' का 126वां एपिसोड सुनी। पीएम ने स्वदेशी अपनाने पर दिया जोर दिया वहीं लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि दी।

उन्होंने आगे कहा, साथियों, आज लता मंगेशकर की भी जयंती है। भारतीय संस्कृति और संगीत में रुचि रखने वाला कोई भी उनके गीतों को सुनकर अभिभूत हुए बिना नहीं रह सकता। उनके गीतों में वह सबकुछ है, जो मानवीय संवेदनाओं को झकझोरता है। उन्होंने देशभक्ति के जो गीत गाए, उन गीतों ने लोगों को बहुत प्रेरित किया। भारत की संस्कृति से भी उनका गहरा जुड़ाव था। मैं लता दीदी के लिए हृदय से अपनी श्रद्धांजलि प्रकट करता हूं

'2 अक्टूबर को खादी सामान जरूर खरीदें, गर्व से कहें स्वदेशी हैं', मन की बात में पीएम मोदी ने की अपील

प्रधानमंत्री ने कहा, मेरे प्यारे देशवासियों, नवरात्रि के इस समय में हम शक्ति की उपासना करते हैं। हम नारी शक्ति का उत्सव मनाते हैं। बिजनेस से लेकर स्पोर्ट्स तक, एजुकेशन से लेकर साइंस तक.. आप किसी भी क्षेत्र को लीजिए देश की बेटियां हर जगह अपना परचम लहरा रही हैं। आज वह ऐसी चुनौतियों को भी पार कर रही हैं, जिनकी कल्पना तक मुश्किल है।

कार्यक्रम मे मण्डल अध्यक्ष आशुतोष मिश्रा 'अजय' महामंत्री अनिल पाण्डेय, सर्वजीत यादव गोविन्द नारायण राय, राजीव त्रिपाठी,बिहारी पटेल सहित अन्य शामिल रहे।

# आत्मनिर्भर भारत कार्यशाला का हुआ शुभारम्भ, स्वदेशी अभियान को बढ़ाना है।

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी। हरहुआ मण्डल भाजपा के बेरवा ग्राम स्थित सनबीम बाबतपुर मे हुआ कार्यशाला आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान का भारतीय जनता पार्टी (इखढ) द्वारा शुरू किया गया एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य देश को आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी रूप से सशक्त बनाना है। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी अभियान को आगे बढ़ाने के लिए शुरू किया गया है, जिसमें लोगों को स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने और विदेशी उत्पादों का बहिष्कार करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

आत्मनिर्भर भारत अभियान के मुख्य बिंदु में स्वदेशी उत्पादों का उपयोग लोगों को स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सके।

विदेशी उत्पादों का बहिष्कार करके देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है।आर्थिक विकास आत्मनिर्भर भारत अभियान का उद्देश्य देश के आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो सके।

रोजगार के अवसर आत्मनिर्भर भारत अभियान से रोजगार के नए अवसर पैदा होने की उम्मीद है, जिससे देश के युवाओं को लाभ होगा।

आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाने के लिए, भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को स्वदेशी उत्पादों के बारे में जागरूक कर रहे हैं और उन्हें स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। यह अभियान 25 सितंबर से 25 दिसंबर तक चलेगा, जिसमें देश भर के लोगों को आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

कार्यक्रम मे मुख्य वक्ता जिला महामंत्री संजय सोनकर, अवधेश सिंह सारथी मंडल अध्यक्ष आशुतोष मिश्रा'अजय' प्रदीप शर्मा,महामंत्री अनिल पाण्डेय अपरवल सिंह अरुणेद्र सिंह, प्रमोद पाण्डेय, संजीव सिंह बृजेश सिंह, अखिलेश पटेल, जय कुशवाहा धर्मेंद्र सिंह, उत्सव सिंह सर्वजीत यादव, प्रिया सिंह सहित मंडल पदाधिकारी, शक्तिकेंद्र संयोजक बूथ अध्यक्ष वरिष्ठ कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

# डीह बाबा को ग्रामीणों ने धूमधाम चढ़ाया गया झंडा

**समाज जागरण आशीष कुमार गुप्ता**



बाबतपुर,वाराणसी। पिंडरा के नेशनल इंटर कॉलेज के सामने राजभर बस्ती में अभिषेक उर्फ साधु बाबा के दरवाजे पर स्थापित मां शीतला मंदिर पर रविवार को सुबह विधिवत पूजा पाठ के बाद साधु बाबा के साथ दोपहर लगभग 12 बजे कृष्ण कुमार गुप्ता रामू ने 3 किलोमीटर पैदल मार्च करते हुए रमईपुर स्थित डीह बाबा के मंदिर पर पूजा पाठ के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

इसके उपरांत प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी डीह बाबा को झंडा चढ़ाया गया। इस मौके पर भारी संख्या में लोगों की भीड़ रहीं पैदल यात्रा में साधु बाबा आगे आगे चल रहे थे बगल में रामू गुप्ता के साथ बाजार व गांव के लोगों के साथ गोलू गुप्ता, आर्यन सोनकर, अनूप जायसवाल, तुषार साहू, करन राजभर, आर्यन सोनकर, बादल बादशाह, अभिषेक सोनकर, गौरव कुमार गुप्ता छात्र नेता, आशु गुप्ता सहित भारी संख्या में पुरुषों महिलाएं पैदल जयकारा लगाते हुए चल रही थी।

# काशी में जल्द आयुर्वेद का एम्स बनेगा - दयाशंकर मिश्रा

## पिंडरा के गड़खरा में होमियोपैथिक कॉलेज का शिलान्यास समारोह हुआ सम्पन्न।

**समाज जागरण धनंजय मोदनवाल**

पिंडरा। आयुष राज्यमंत्री दयाशंकर दयालु ने कहाकि प्रदेश सरकार हर नागरिक को बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उसी क्रम में आज इस मेडिकल कालेज के स्थापना की नींव रखी जा रही है। आने वाले दिनों में यह क्षेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में अग्रणी होने के साथ रोजगारपरक होगा। हजारों लोगो को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे।

उक्त बातें पिंडरा विकास खण्ड के गड़खरा में स्वीकृत राजकीय होमियोपैथिक मेडिकल कालेज के शिलान्यास समारोह के दौरान बतौर मुख्यातिथि कही। उन्होंने कहाकि इस मेडिकल कालेज बनने से 30 किमी दूर जाकर इलाज कराने की जरूरत नही पड़ेगी। इस कॉलेज के बनने से वाराणसी जिले के सुदूर गांवों के अलावा जौनपुर जिले के लोगों को भी लाभ मिलेगा। राज्यमन्त्री ने कहाकि भाजपा सरकार प्रत्येक नागरिक को बेहतर चिकित्सा मुहैया कराने के लिए प्रयासरत है। अब तक प्रदेश में 19 नए मेडिकल कालेज बन चुके है। 10 हजार मेडिकल की सीटें बढ़ चुकी है।जिससे आने वाले दिनों में प्रदेश चिकित्सा क्षेत्र में तमाम कीर्तिमान स्थापित करेगा। वाराणसी में जल्द ही आयुर्वेद का एम्स मेडिकल कालेज बनेगा।

यह होमियोपैथिक कॉलेज डेढ़ साल में गुणवत्ता पूर्ण ढंग से बनकर तैयार होगा। धन की कमी आड़े नही आएगी।

वही शिलान्यास समारोह में स्वागत भाषण देते हुए क्षेत्रीय विधायक डॉ अवधेश सिंह ने कहाकि पिंडरा क्षेत्र में योगी सरकार की देन है कि दर्जनो कार्यो की स्थापना होने जा रही है। जिसमे गड़खरा का मेडिकल कालेज, करखियाव में अमूल डेयरी, महगाव में राजकीय आईटीआई कॉलेज, कुड़ी में पालीटेक्निक कॉलेज की जीर्णोद्धार, बाबतपुर व खालिसपुर में आरओबी तमाम ऐसे बड़े प्रोजेक्ट व नागरिकों के जुड़े कार्य हुए है और आगे आने वालों दिनों में होगा। जो समाज के सभी वर्गों के लिए होगा।

इस दौरान विशिष्ट अतिथि एमएलसी व जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, सैयदराजा विधायक सुशील सिंह, पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह रहे। संचालन आशुतोष पांडेय ने किया।

### इन अधिकारियों की रही उपस्थिति---

डीसीपी मनोज पटेल, सीएमओ डॉ संदीप चौरसिया, राजकीय आयुर्वेद कॉलेज व चिकित्सालय की प्राचार्या नीलम गुप्ता, नायब तहसीलदार राधेश्याम यादव, पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता यूपी सिंह, सहायक अभियंता कुणाल राय, करुणेश, देश दीपक गंगवार, जिला होमियोपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ रचना श्रीवास्तव, डॉ वरुण कुमार समेत अनेक अधिकारी रहे।

# मां दुर्गा के पांडाल सजे भक्तों की रही भारी भीड़ पुलिस रही मुस्तैद

**समाज जागरण**



राजगढ़ मीरजापुर / विकासखंड राजगढ़ के ग्रामीण इलाकों में मां दुर्गा की प्रतिमा पंडाल में सजा दी गई है जिसे देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ हो रही है। नव दुर्गा पूजा समिति नौडिहवा के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने कहां की मां दुर्गा के पंडाल में आए सभी भक्तगण मां की आरती और प्रसाद जरूर ग्रहण करें। इसके अलावा गांव के ही बाबू नंदन सिंह, गणेश सिंह, विनय सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, छोटु, शुभम, और पुजारी राजकुमार सिंह रहे। राजगढ़ क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों के नौडिहवा, धनसीरिया, सतौहा, निकरिका, सेमरा बरहो, रामपुर बरहो, खोराडीह, नदिहार, राजगढ़, कुड़ी, बड़वा महादेव मंदिर, रामपुर शकतेशगढ़, भावा, लगभग 83 ग्राम पंचायत की गांव में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित हो गई है ग्रामीणों के भीड़ ज्यादा होने और पुलिस भी ग्रामीण इलाकों में ग्रस्त लगा रही है। इसके अलावा कोई अप्रिय घटना ना घटे पुलिस ग्रामीणों से सहयोग भी ले रही है। नदिहार धनसीरिया की मां दुर्गा की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

# आबादी की जमीन के विवाद को लेकर मारपीट में 3 गिरफ्तार

**समाज जागरण धनंजय मोदनवाल**

पिंडरा। सिंधोरा पुलिस ने रविवार को मुखबिर की सूचना पर गरथमा पुल के पास से आबादी की जमीन पर कब्जा करने व मारपीट में लिप्त तीन आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि धारा 191(2) /115 (2) /352/ 351(2)/118(2)/3(5) बीएनएस में वांछित अभियुक्तगण जगदीश, चंद्रमोहन, संजय राजभर, अरुण कुमार सभी निवासी सराय सेखलार्ड को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

थाना प्रभारी ने बताया किदिनांक 26 सितंबर को अभियुक्तगण व इनके परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा जमीन के विवाद को लेकर वादी के घर पर चढ़कर अपशब्दों का प्रयोग करते हुए धमकी दी थी।

# भक्तों ने रामेश्वर दुर्गा पंडाल में किया पूजन अर्चन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी ।। ग्रामीण क्षेत्रों में नवरात्र में देवी पंडालों में स्थापित मां के दर्शन के लिये रोजाना भक्तों की भीड़ उमड़ी रही । रविवार को देवी पंडालों में पूजा अर्चना करने के लिये सैकड़ों भक्तों ने मां की आरती उतारी। रविवार को सप्तमी के दिन रामेश्वर बाजार स्थित श्री नव दुर्गा पूजन समिति द्वारा मां



दुर्गा के नव रूपों वाली पंडाल में देवी पंडालों के पट खुलते ही क्षेत्र के भक्त उमड़ पड़े। भक्तों ने विधि विधान के साथ मां की पूजा अर्चना की। इस दौरान भक्तों ने मां को लाल चुनरी तो किसी ने चूड़ी चढ़ाई। वहीं कुछ लोगों ने मां को फूलों की माला चढ़ाकर अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना की।वही बताते चले इस बार श्री दुर्गा पूजन समिति रामेश्वर बरेमा द्वारा द्वारा पंडाल को एक गुफा का आकृति दिया गया है जो लोगों का आकर्षक का केंद्र बना हुआ हैं।वही अंदर प्रवेश के लिए महिला और पुरुष के लिए अलग अलग द्वार बनाए गए है।अंदर पहुंचने पर भक्त दर्शन का भगवान का प्रसाद और आशीर्वाद प्राप्त कर रहे है।पूजन समिति के। अध्यक्ष बबलू गुप्ता और कोषाध्यक्ष सचिन तिवारी ने बताया भक्तों को इस बार प्रसाद में केवल फल और मीठा की व्यवस्था किया गया है।

राहुल सिंह,ललित गुरु, पंडित शशि त्रिपाठी,गुड्डू रसिया,सूरज गुप्ता,मनीष पांडेय,विशाल गुप्ता,अमन,अजीत,राहुल त्रिपाठी बाबा,त्रिभुवन मौर्य ने भक्तों को दर्शन पूजन कराने का कार्य देर रात तक करते रहे।

# मिशन शक्ति -पुलिस द्वारा नशा मुक्ति एवं महिलाओं की सुरक्षा, हेतु चला जागरुकता अभियान

**समाज जागरण आशीष कुमार गुप्ता**

बाबतपुर,वाराणसी। पिंडरा : फूलपुर थाना क्षेत्र के फूलपुर करवल बस्ती में मिशन शक्ति टीम नशा मुक्ति टीम द्वारा पुरुषों , महिलाओं में नशा मुक्ति व नारी स्वावलंबन एवं नारी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया । महिलाओं को हेल्पलाइन नम्बर 1090, 181, 112, 1076, 1098, 102 एवं 108 आदि की जानकारियां दी गई ।

समाज को नशा मुक्त करने , नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन, सशक्त नारी शक्ति की ताकत, साहस और दृढ़ता को बनाए रखने जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला संबंधी योजनाओं तथा महिला सुरक्षा से जुड़े हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया गया।महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान किसी भी तरह की असुरक्षित महसूस होने पर उपरोक्त नम्बर पर तुरंत सूचना देने की अपील की। अभियान में प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक मुनिराम वर्मा , रवि प्रकाश , महिला उपनिरीक्षक अनुराधा मौर्य,कांस्टेबल इन्द्रकला व कॉन्स्टेबल ओमप्रकाश यादव रहे।

# आधा दर्जन स्थानों पर राज्यमंत्री का हुआ भव्य स्वागत

राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्रा दयालु व विशिष्ट अतिथि का गड़खरा जाते समय पिंडरा विस क्षेत्र के आधा दर्जन स्थानों पर भव्य स्वागत करते हुए जुलूस के रूप में कार्यक्रम स्थल पर पहुचे।

इसके पूर्व पलहिपट्टी जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह, गरथमा में अनिल चौबे, अवधेश सिंह गोलू, महगाव में पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुरेंद्र सिंह, मरुई में रामप्रवेश मिश्रा झगडू सिंधोरा में व्यापार मंडल अध्यक्ष धनंजय मोदनवाल व सुभाष गुप्ता, सिंधोरा में ही संत सिंह, गुलाम मोहम्मद व गड़खरा में बसंत उपाध्याय, मनोज उपाध्याय के नेतृत्व में कार्यकताओं व ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया।

# टैबलेट का शिक्षण क्षेत्र में प्रयोग कर युवा ऊंचाइया हासिल करें

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। युवाओं को आधुनिक दौर से जोड़ने और स्वावलंबी बनाने को लेकर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की महात्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत





सरस्वती हायर एजुकेशन एण्ड टेक्निकल कॉलेज ऑफ फामेर्सी (शीएट ) गहनी आयर , वाराणसी के छात्रों को डीजी शक्ति योजना के अंतर्गत 90 टैबलेट वितरण किया गया।

वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि चंदौली नवीन कुमार सिंह व पर्यवेक्षक बीडीओ हरहुआ बद्री प्रसाद वर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि युवा शिक्षण क्षेत्र में उपयोग कर ऊंचाइया हासिल करें।

संस्थान के निदेशक प्रो० राजीव शुक्ला व डीन डॉ० प्रणव उपाध्याय ने मुख्य अतिथि व पर्यवेक्षक को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन विवेक सेठ द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समस्त प्राध्यापक, प्राध्यापिकाएं एवं कर्मचारियों ने सहयोग किया।

# सोनम वांगचुक की गिरफ़्तारी, तानाशाही की पराकाष्ठा – पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनिल यादव

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनिल यादव ने सोनम वांगचुक की गिरफ़्तारी की निंदा करते हुए, इसे तानाशाही की पराकाष्ठा बताया है। उन्होंने कहा कि, सोनम वांगचुक लगातार लेह-लद्दाख की बेरोजगारी और स्थानीय मुद्दों को उठा रहे थे। उन्होंने कई बार शांतिपूर्ण अनशन भी किया, लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार ने उनके साथ अपराधियों जैसा व्यवहार किया है। लद्दाख के शांतिप्रिय और पर्यावरण योद्धा सोनम वांगचुक पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्यवाही करना इस सरकार की दूषित मानसिकता को उजागर करता है। भाजपा सरकार 'जब सवाल उठे तो बुलडोजर, जब हक की बात हो तो जेल' के नारे के साथ अंग्रजों की दमनकारी नीतियों से प्रभावित होकर जन - जन का उत्पीड़न कर रही है। क्या आजकल देशभक्ति का अर्थ केवल भाजपा सरकार का गुणगान ही रह गया है ? वांगचुक की गिरफ्तारी जनता की आवाज दबाने का प्रयास है, लेकिन भाजपा यह याद रखे जनसरोकारी मुद्दों से दूर होकर कोई भी ज्यादा दिन तक सरकार में नही रह सकती। आज पूरे भारत के लोग सोनम वांगचुक और लद्दाख की जनता के साथ खड़े हैं और इसका जवाब भाजपाई सत्ता को वोट की चोट से देंगे।



# शहीद भगत सिंह की मनाई गई जयंती, वक्ताओं ने उनके आदर्शों और सपनों को साकार करने पर दिया जोर

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**

चोपन/ सोनभद्र। स्थानीय विकास खंड चोपन के अंतर्गत कोटा ग्राम पंचायत के कोटा खास में रविवार को शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन दीपू विजय शर्मा ने किया, जबकि संचालन आतिश चंद्रवंशी ने किया। इस अवसर पर श्री संजय कुमार अकेला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रवक्ताओं की कड़ी में संजय कुमार अकेला और दीपू विजय शर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि भारत के महान क्रांतिकारी और राष्ट्रीय पुत्र शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने बताया कि भारत भूमि शहीद भगत सिंह की मां की ऋणी है, जिन्होंने ऐसे वीर पुत्र को जन्म दिया जिसने भारत की



आजादी में अमिट छाप छोड़ी। अंकित राव ने भगत सिंह के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि आजादी सिर्फ उनका मकसद नहीं था। भगत सिंह का मानना था कि आजादी के बाद देश में व्याप्त कुरीतियों, पाखंड और उच्च-नीच के भेदभाव से भी मुक्ति पाना आवश्यक है। उन्होंने चेतावनी दी थी कि यदि ऐसा नहीं हुआ, तो अंग्रेज चले जाएंगे लेकिन देश कुछ नेताओं की गुलामी में जीएगा। क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि आतिश चंद्रवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि भगत सिंह का आजाद भारत का सपना आज हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने युवा पीढ़ी से आह्वान किया कि वे सामाजिक और वैश्विक स्तर पर देश को मजबूत बनाने के लिए आगे आएं। इस कार्यक्रम में अजीत कुमार, पारस कुमार, अजय कुमार, रितेश शर्मा, कुंदन शर्मा, शिव शर्मा, अमित राय, अमन कनौजिया, दिनेश गौड़, कामेश्वर प्रसाद प्रजापति, विश्वा शर्मा, रवि शर्मा, कन्हैया कनौजिया, प्रभाकर पनिका, आशीष साहनी, अशोक राव, रामु राव और राजन राव सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# एम पैक्स केकराही, करमा में आयोजित हुआ विशेष सदस्यता अभियान

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। नवसृजित विकासखंड करमा के एम पैक्स केकराही मे विशेष सदस्यता अभियान आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक लि विंध्याचल मण्डल मिजार्पुर के अध्यक्ष, डॉ जगदीश पटेल, कहा कि सहकारी समावेशन तभी होगा सहकारिता से हर किसान जुड़ें। ग्रामीण परिवार को सहकारी समिति से जोड़ना हमारा कर्तव्य है। बिना एम०पैक्स से जुड़े किसान के समग्र विकास का स्वप्न पूरा होना कठिन है। जिला सहकारी बैंक लि० मिजार्पुर के सचिव राजकुमार यादव ने विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी तथा कहा कि सहकारी समिति की सदस्यता लेने पर किसान को वे सभी लाभ प्राप्त होंगे जिनके वे हकदार है। कार्यक्रम मे सहायक आयुक्त सहकारिता सोनभद्र देवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि सहकारी समिति की सदस्यता लेने पर किसानो को यूरिया, डीएपी व अन्य खाद प्राथमिकता से मिलेगी।धान व गेंहू क्रय मे समिति



के सदस्यो को ही प्राथमिकता दी जाएगी। इफको के मैनेजर डॉ अभिजीत मौर्य ने कहा कि एमपैक्स की सदस्य संख्या बढ़ाने से समितियो को मिलने वाले उर्वरक की मात्रा भी बढ़ेगी। नवसृजित विकासखंड करमा का विकास सहकारी समितियो के सशक्त होने से तीव्र गति से होगा। कार्यक्रम मे मौके पर 25 कृषको ने एमपैक्स की सदस्यता ग्रहण की।

मुख्य अतिथि द्वारा सदस्यो को प्रमाणपत्र तथा कृषक पंजिका भी वितरित की गई। सचिव धीरज त्रिपाठी द्वारा बताया कि अभियान मे अब तक कुल 62 नये सदस्य बने है जल्द ही समिति के कार्य क्षेत्र में अवशेष बचे कृषक को शामिल कर लिया जाएगा।

समिति के सभापति रामसेवक आगंतुक अतिथियो एवं अधिकारियो को धन्यवाद ज्ञापन किया और कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की। कैम्प मे बैंक डायरेक्टर संतोष सिंह वैश्यवार, बलदेव सिंह एडीसीओ घोरावल डॉ सुरेश कुमार, ए०डी०ओ० अनिल कुमार एवं शाखा प्रबंधक शाहगंज अरुण कुमार समेत सैकड़ो किसान उपस्थित रहे।

# राम वनवास लीला का मंचन, राम, लक्ष्मण, सीता के वनवास पर दर्शक हुए भावुक

**सुभाष चंद्र यादव/ समाज जागरण**

म्योरपुर/ सोनभद्र। म्योरपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत पड़री कमरीडांड़ में चल रहे रामलीला मंचन के दौरान शनिवार को राम वनवास लीला का मंचन किया गया। इस मार्मिक दृश्य को देखकर दर्शक भावुक हो गए। मंचन में दिखाया गया कि दशरथ राम के राजतिलक की तैयारी कर रहे थे तभी मंथरा ने कैकयी



को भड़का दिया, जिसके बाद कैकयी कोप भवन चली गई। राजा दशरथ जब कैकेयी को मनाने गए तो उन्होंने उनसे दो वरदान मांगे। इनमें भरत के लिए राजगद्दी और राम के लिए 14 वर्ष का वनवास शामिल था। राम के वनवास की बात सुनकर राजा दशरथ अचेत होकर गिर पड़े। प्रभु राम सहर्ष बनवास जाने को तैयार हो गए, उनके साथ लक्ष्मण और सीता भी वन को चल दिए। यह दृश्य देखकर उपस्थित सभी दर्शकों की आंखें नम हो गई। वनवास लीला के बाद मध्य रात्रि तक केवट लीला और निषाद राज मिलन लीला का भी मंचन हुआ। वहीं गांव की युवा कलाकारों ने अपने बेहतरीन अदाकारी से उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। देर रात तक बड़ी संख्या में दर्शक रामलीला स्थल पर डटे रहे।

# अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत डाला बाजार पर लगाये गए आरोप बेबुनियाद

**अनिल कुमार अग्रहरि/ समाज जागरण**

डाला/ सोनभद्र। लगातार नगर पंचायत डाला बाजार में विकास को लेकर चर्चा सुर्खियों में है। अधिशासी अधिकारी अखिलेश सिंह पटेल की नियुक्ति से जहां नगरवासी प्रसन्न है, वही नगर पंचायत के भितरघात करने वाले तरह तरह की चाल चलन में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे।

**नगरवासियों को अध्यक्षा ने दिया भ्रामक जबाब**

नगर के विकास कार्य में लल्ला लाइन में के घर से मुकेश जैन के घर होते हुए दिनेश कनौजिया के घर तक सीसी सड़क निर्माण होना है जिसका कार्य ठेकेदार द्वारा चालू किया गया लेकिन टेंडर बिलो रेट पर डालने के कारण अध्यक्षा को अंदरूनी तकलीफें नजर आई। वही नगर अध्यक्षा ने कार्य को यह कह कर बन्द करा दिया किया कि कार्य गुणवक्ता विहीन है। देखा जाय तो यह जांच का कार्य सम्बन्धित जेई का है। अध्यक्षा ने यह भी बताया कि इस सम्बंध में हमने अधिशासी अधिकारी को लेटर दिया है। कार्य को चालू करने का कोई आदेश नहीं दिया गया।

**अधिशासी अधिकारी ने अध्यक्षा के जबाव को बताया निराधार**




नगरवासियों व सभासदों के बीच हुई बैठक में अध्यक्षा द्वारा बताए गए बयान को रक्खा गया तो ईओ ने लेटर दिखाते हुए बताया कि माह अगस्त में ही अध्यक्ष द्वारा कार्य कराने के आदेश दिए जा चुके है। और दूसरा लेटर आया कि कार्य का पूजा नही कराया गया जिसे वजह से हमने कार्य बंद कराया है। नगरवासियों से मनगढ़ंत कहावतों के अनुसार अपना उल्लू सीधा करने के लिए बेबुनियाद बातों को अध्यक्ष द्वारा घुमाया जा रहा।

**ठेकेदार की भूमिका पर सवाल निराधार**

नगर के विकास कार्यों में ठेकेदार को जो कार्य दिए जाते है ज्यादातर अध्यक्षा के शुभचिंतक ही कराते है। जिसका विरोध कई बार नगर के कई नगरवासियों में शिकायत की लेकिन अध्यक्षा के समझ के परे रहा। ऐसे में आस्तीन बने लोगों को रोटी नही सेंकाई तो ईओ के उपर आरोप लगाने शुरू कर दिए। नगर पंचायत डाला बाजार में जानबूझ कर नगर के विकास में जिम्मेदारों द्वारा गलत व भ्रामक तथ्य रख कर नगरवासियों को गुमराह किया जा रहा है। नगरपंचायत के सभी कार्य गुणवक्ता विहीन है जिस पर जिम्मेदार नजर अंदाज किये हुए है। नगरवाशियों ने बताया कि इसकी शिकायत जिलाधिकारी से की जाएगी। जिससे सभी कार्यों को गुनवक्ता की जांच कर जिम्मेदार पर कार्यवाही हो सके।

# गुरमा कालोनी की एक सप्ताह से बंद है वाटर सप्लाई, नगरवासियों में भारी आक्रोश

**नाली निर्माण के लिए खुदाई करते समय हुआ था मुख्य पाइप लाइन क्षतिग्रस्त**

**दूषित जल पीने के लिए हुए विवश, पानी टैंकर चलवाने की मांग**

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। नगर पंचायत चुर्क-गुरमा क्षेत्र के गुरमा कालोनी वार्ड नं 02 व 09 वाटर सप्लाई एक सप्ताह से बंद होने से नगरवासियों समेत आसपास के रहवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है तथा रहवासी दूषित जल पीने के लिए पूर्णतया विवश हैं।





लोगों ने अविलंब ही पानी टैंकर चलवाकर पानी की आपूर्ति किए जाने की मांग की है।

बताते हैं कि गुरमा मुख्य चौराहे से रामलीला मैदान तक बीते 22 सितम्बर को जेसीबी मशीन द्वारा नाली निर्माण के लिए खोदाई करते समय वाटर सप्लाई का मुख्य पाईप क्षतिग्रस्त हो जाने से वाटर सप्लाई का पानी बंद कर दिया गया है। इससे नगरवासी महिला पुरुष बच्चे सभी इस मौसम में सरकारी हैण्डपम्प का प्रदूषित जल पीने के लिए विवश हो गये जबकि इस सम्बंध में नगरवासी ने नगर पंचायत अध्यक्षा और अधिशासी अधिकारी को भी अवगत करवाया गया है। लेकिन आज तक टूटे पाईप का मरम्मत नहीं कराया जा रहा और न ही पानी टैंकर ही चलाया जा रहा है। जिससे नगरवासियों में आक्रोश व्याप्त है। इस सम्बंध में प्रधानाध्यापक एकलाख खां, इरशाद खान, मनोज कुमार, विजय कुमार, राजकुमार, इंदर पटेल, रवि शर्मा महेश प्रसादशर्मा, राहुल,पिंटू, इदरीश अली, असलम अली, झगरू भारती इत्यादि लोगों ने क्षतिग्रस्त पाईप लाईन को दुरुस्त कर कर अविलंब ही पानी सप्लाई दिए जाने की मांग किया है।इस सम्बंध में जब अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सरोज से मोबाइल सेलफोन से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने मोबाइल सेलफोन रिसीव करना मुनासिब नहीं समझा।इससे उनकी तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सका। नागरिकों की बातों को माने तो जब भी नगर पंचायत के नपाध्यक्ष तथा अधिशासी अधिकारी को किसी भी समस्या व जानकारी के लिए फोन से संपर्क करने की कोशिश की जाती है तो उनके द्वारा गुरमा कालो नीवासियों की उपेक्षा करते हुए फोन रिसीव करना मुनासिब नहीं समझा जाता है तथा दो टूक जवाब दे दिया जाता है कि अभी बजट नहीं है। नगर पंचायत के संबंधितों द्वारा गुरमावासियों के साथ उपेक्षात्मक पूर्ण मनमाना रवैया अपनाये जाने से काफी आक्रोश व्याप्त है।

# मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत मनचलों पर कार्रवाई 01 गिरफ्तार, 14 को दी गई सख्त हिदायत

**सुभाष चंद्र यादव/ समाज जागरण**

म्योरपुर/ सोनभद्र। उत्तर प्रदेश सरकार एवं पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा महिला सशक्तिकरण व सुरक्षा के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) त्रिभुवननाथ त्रिपाठी के पर्यवेक्षण, क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय के निर्देशन एवं थानाध्यक्ष म्योरपुर कमल नयन दूबे के नेतृत्व में गठित एण्टी रोमियो टीम द्वारा प्रभावी चेकिंग अभियान चलाया गया।



दिनांक 27.09.2025 को कस्बा म्योरपुर स्थित बिड़ला विद्या मंदिर स्कूल के पास एण्टी रोमियो टीम द्वारा चेकिंग के दौरान एक युवक संदीप कुमार पुत्र हरि प्रसाद (निवासी फाटपखना, थाना म्योरपुर, उम्र 21 वर्ष) को महिलाओं, बच्चियों एवं युवतियों के साथ अशोभनीय व्यवहार करते हुए पकड़ा गया। अभियुक्त द्वारा रास्ते से गुजरने वाली महिलाओं को देखकर गलत इशारे एवं अश्लील गीत गाने की शिकायत मिली थी, जिससे महिलाएं असहज महसूस कर रही थीं। अभियुक्त को समय लगभग 15:30 बजे पुलिस हिरासत में लेकर, मु0अ0सं0 125/2025, धारा 296 बीएनएसके तहत मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। इसके अतिरिक्त, थाना म्योरपुर क्षेत्र अंतर्गत चल रही रामलीला व दुर्गा पूजा पंडालों के दौरान हुड़दंग मचाते पाए गए कुल 14 युवकों को भी चिन्हित कर थाना लाया गया। उन्हें सख्त हिदायत देकर, परिजनों की सुपुर्दगी में छोड़ा गया।

# खोखा जंगल में मिली महिला की शव की नहीं हो सकी शिनाख्त, पुलिस ने किया अंतिम संस्कार

**उपेन्द्र कुमार तिवारी/ समाज जागरण**

हाथीनाला/ सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के खोखा जंगल मे तिराहा के पास बुधवार की सुबह लगभग 10 बजे एक अज्ञात महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास किए और मामले की सूचना आसपास के थानों के साथ ही ग्रामीणों तक पहुंचाई गई। 72 घंटे तक गहन प्रयास किए जाने के बावजूद शव की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्टों से भी जानकारी मिलाने का प्रयास किया और आमजन से अपील करते हुए सीयूजी नंबर पर संपर्क करने को कहा था। शव को शिनाख्त हेतु 72 घंटे तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी के पोस्टमार्टम हाउस में सुरक्षित रखा गया था। लेकिन जब पहचान नहीं हो पाई तो पुलिस की मौजूदगी में कनहर नदी संगम तट पर महिला के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि अभी तक मृतका की पहचान उजागर न हो पाना एक चुनौती बनी हुई है। मृतका की पहचान और मौत के कारणों की जांच में पुलिस टीम लगी हुई है।

# बगैर परमिट के बिल्ली रेलवे स्टेशन पर गिराई जा रही गिट्टी

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

डाला/ सोनभद्र। खनन विभाग की संलिप्तता और व्यवसायियों के मिलीभगत ने सरकार के वसूलों पर खड़ा किये सवालिया निशान। जहां सरकार पारदर्शिता की बात कर रही है भ्रष्टाचार को दूर करने की बात कर रही है वहीं जनपद सोनभद में खनन विभाग की मिलीभगत से अवैध कार्यों को जोर दिया जा रहा है। बिल्ली रेलवे स्टेशन इन दिनों सुर्खियों के चर्चे में चल रहा है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बिल्ली रेलवे स्टेशन पर 20 एमएम गिट्टी बिना परमिट के सैकड़ो गाड़ी गिराए जा चुके हैं जिसका परिवहन रेलवे द्वारा अन्यत्र जगह के लिए




किया जाएगा देखा जाए तो विभाग इन सवालों पर शांति बनाए हुए हैं। वगैर एम.एम. 11 के कार्य अवैध माना जाता है। लेकिन व्यवसायियों के हौसले बुलंद है । बताया जा रहा है कि बिल्ली मारकुंडी स्थित कई क्रेशर प्लांट से बिना परमिट के गिट्टी रेलवे स्टेशन पर गिराई जा रही है जनपद सोनभद्र के बिल्ली मारकुंडी को छोड़कर कहीं अनियंत्रित जगह से एम.एम.11 प्रपत्र लगाए जाने की सूचना प्राप्त हो रही है। जबकि बिल्लीमारकुंडी में परमिट का मूल्य अधिक होने के कारण व्यवसायियों द्वारा बिना परमिट से सामग्री गिरा कर अन्यत्र जगहों से सस्ते दर वाली परमिट का इस्तेमाल किया जाएगा। जिसकी जांच अति आवश्यक है।

# असनहर हरिशंकर मंदिर दुर्गा पूजा पंडाल में बच्चियों द्वारा डांडिया की हुई मोहक प्रस्तुति।

**उपेन्द्र कुमार तिवारी/ समाज जागरण**

दुद्धी/बभनी/ सोनभद्र। बभनी थाना क्षेत्र अंतर्गत दिन शनिवार को असनहर हरिशंकर मंदिर में चल रहे दुर्गा पूजा पंडाल में बच्चियों द्वारा डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस मनमोहक प्रस्तुति से माता दुर्गा को प्रसन्न किया गया। नव युवक दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा पंडाल में स्कूल की बच्चियों द्वारा दुर्गा माता के सम्मान में गरबा और डांडिया को आकषर्क रूप से बेहतरीन प्रदर्शन किया गया।यह नृत्य बच्चियों द्वारा स्वयं तैयार किया गया था। डांडिया नृत्य देवी मा दुर्गा के प्रति भक्ति और सम्मान का प्रतीक





है। मां स्कंद माता की विधि विधान से पूजन अर्चन किया गया। मान्यता है कि मां स्कंद माता की सच्ची आराधना भक्ति करने से मोक्ष का मार्ग आसान हो जाता है।इनकी उपासना से सारे विघ्न बाधा दूर हो जाते है नकारात्मक शक्तियां भाग जाती हैं और मनवांछित फल प्राप्ति होती हैं। और किसी भी कार्य में सफलता मिलती हैं। इस अवसर पर हरिशंकर मंदिर समिति के अध्यक्ष राम लल्लू दुबे, सतीश कुमार पांडेय, अमरेश चंद्र पांडेय, एडवोकेट उमेश चंद्र पांडेय, रविन्द्र नारायण पांडेय, नंदलाल पांडेय, सुजीत पांडेय, भोला कश्यप कमाल कश्यप अंगद कश्यप हीरालाल, पंकज तिवारी परमेंद्र कश्यप जयराम, एडवोकेट रामजी पांडे ,श्रवण पांडेय श्यामजी, मुन्ने, उपस्थित रहे।

# क्षेत्राधिकारी दुद्धी द्वारा "मिशन शक्ति" के तहत महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

**उपेन्द्र कुमार तिवारी/ समाज जागरण**

दुद्धी/ सोनभद्र। मिशन शक्ति केंद्र, थाना बभनी में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय द्वारा की गई, जिसमें मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी सहित महिला आरक्षीगण एवं अन्य संबद्ध कर्मियों ने प्रतिभाग किया। बैठक के दौरान सीओ दुद्धी द्वारा मिशन शक्ति अभियान की वर्तमान प्रगति, जनपद में महिला सुरक्षा की स्थिति तथा महिला संबंधित शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही, यह भी निर्देशित किया गया कि प्रत्येक महिला आरक्षी महिला हेल्प डेस्क पर संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। पीड़ित महिलाओं



की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर गंभीरता से सुना जाए और त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में मिशन शक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु नियमित अभियान एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर महिला सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी जाए। सीओ दुद्धी द्वारा यह भी कहा गया कि मिशन शक्ति सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने का संकल्प है। पुलिस विभाग का प्रत्येक सदस्य, विशेषकर महिला पुलिसकमी, इस अभियान के केंद्रबिंदु हैं, जिन्हें जन-जन तक इसका संदेश पहुँचाना है। बैठक के अंत में मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी द्वारा अब तक किए गए कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई और आगामी कार्ययोजना पर सुझाव लिए गए। यह बैठक महिला पुलिसकर्मियों के मनोबल को बढ़ाने के साथ-साथ मिशन शक्ति की दिशा में ठोस पहल करने हेतु एक प्रेरणास्त्रोत सिद्ध हुई।

# पिपरी की साइबर टीम ने आवेदिका की फ्राड हुई धनराशि कुल 35000/- रुपये मूल खाते मे कराया वापस

**दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। आवेदिका ज्योति मिश्रा पत्नी आशुतोष कुमार मिश्रा निवासी रेनूकूट पिपरी सोनभद्र के खाते से बिना उसकी जानकारी के अनजान व्यक्ति द्वारा आवेदक के बैंक से जुडे मोबाइल का कोड प्राप्त करके फोन पे यूपीआई आईडी बनाकर आवेदक के खाते मे मौजूद 35000/- रु को किसी अज्ञात खाते में ट्रांसफर कर लिया जिसके सम्बन्ध में आवेदक ने तत्काल साइबर पुलिस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा साइबर अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय ) अनिल कुमार के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी अमित कुमार के पर्यवेक्षण में एवं थाना प्रभारी पिपरी के कुशल नेतृत्व मे थाना पिपरी की साइबर टीम द्वारा एनसीआरपी पोर्टल का अवलोकन करके आवेदक की फ्राड हुई राशि को सम्बंधित खाते मे होल्ड कराया गया तथा ट्रान्जेक्शन के सम्बंध मे आवश्यक साक्ष्य एकत्रित कर सम्बंधित बैंक को पत्राचार कराया गया तथा आवेदक की फ्राड हुई धनराशि कुल 35000/- को उसके मूल खाते मे वापस कराया गया । आवेदिका द्वारा थाना पिपरी की साइबर टीम की भूरी-भूरी प्रशंसा की जा रही है।



# मिशन शक्ति 5.0 के तहत जन चौपाल लगा कर महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

**अभय कुमार पटेल/ समाज जागरण**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार के पर्यवेक्षण में महिला थाना प्रभारी रावटसगंज के नेतृत्व में रविवार को बुढ़हर खुर्द परिसर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को ध्यान में रखते हुए किया गया। कार्यक्रम में महिला थानाध्यक्ष रावटसगंज सविता सरोज ने उपस्थित छात्राओं ओर महिला को सुरक्षा संबंधी विभिन्न



पहलुओं की जानकारी दी। इस दौरान 1090 महिला हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 आपात कालीन सेवा तथा 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन जैसी सेवाओं की महत्ता को विस्तारपूर्वक बताते हुए लोगों को उपयोग संबंधी जागरूक किया गया। पुलिस टीम ने आत्मरक्षा के उपाय, साइबर अपराध से बचाव हेतु 1930 हेल्पलाइन की जानकारी, महिला संबंधी कानूनों की रूपरेखा और उत्पीड़न की स्थिति में उठाए जाने वाले आवश्यक कदमों पर भी विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम में छात्राओं ओर महिलाओं ने सक्रिय रूप से भाग लेते हुए महिला सुरक्षा पर अपने विचार साझा किए और जागरूकता बढ़ाने की शपथ ली।

# वाहन चेकिंग अभियान चलाकर काली फिल्म व हुटर लगे वाहनों पर पुलिस की कार्रवाई

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**

चोपन/ सोनभद्र। रविवार की सायं चोपन थाना प्रभारी निरीक्षक कुमुद शेखर सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल द्वारा वाराणसी-शक्तिनगर मुख्य मार्ग पर सोनपूल के समीप व्यापक वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान कई वाहनों पर नियम विरुद्ध काली फिल्म लगी पाई गई, जिसे मौके पर ही उतरवाया गया। वहीं कुछ प्राइवेट वाहनों पर अवैध तरीके से हुटर भी लगाए गए थे, जिन्हें तत्काल हटवाकर चालान की कार्रवाई की गई। पुलिस ने इस दौरान काली फिल्म लगे चार वाहनों तथा हुटर लगे दो वाहनों का चालान किया।थाना प्रभारी कुमुद शेखर सिंह ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा और कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है नवरात्रि।

सुनील कुमार श्रीवास्तव
समाज जागरण



सिद्धार्थनगर। जगत जननी माँ आदिशक्ति जगदम्बा को समर्पित नवरात्रि महापर्व के रूप में भारत ही नहीं बल्कि दूसरे देशों में भी जहाँ हिंदू समुदाय के लोग निवास करते हैं वहां भी बड़े धूमधाम के साथ सदियों से मनाने की परंपरा चली आ रही है। आगे जानिए नवरात्रि का व्रत क्यों किया जाता है और सबसे पहले नवरात्रि की शुरूआत किसने किया था, इन सवालों के संबंध में संवाददाता द्वारा हिंदू धर्म के कुछ महत्वपूर्ण धार्मिक ग्रंथो का अवलोकन किया गया- आगे देखिये संवाददाता सुनील कुमार श्रीवास्तव की एक विस्तृत रिपोर्ट- सबसे पहले नवरात्रि की शुरूआत भगवान राम ने किया था, जब उन्होंने लंका पर विजय प्राप्त करने से पहले ऋष्यमूक पर्वत परे माता दुर्गा की उपासना की थी। उन्होंने प्रतिपदा से नवमी तक चंडी देवी का पाठ किया, जिससे प्रसन्न होकर मां दुर्गा ने उन्हें विजय का आशीर्वाद दिया। मां दुर्गा के आशीर्वाद से ही भगवान श्री रामचंद्र जी ने लंका जीत कर रावण पर विजय प्राप्त किया था। बताते चलें कि भगवान श्री राम ने ब्रह्मा जी की सलाह पर नौ दिनों तक चंडी देवी का पाठ किया। जिसके परिणाम स्वरूप इस पूजा के बाद मां दुर्गा ने उन्हें विजय का वरदान दिया था। शक्ति की देवी भगवती मां दुर्गा की पूजा के उत्सव की क्षण को नवरात्रि कहा जाता है। यह 9 दिनों और 9 रातों तक चलता है, जो देवी दुर्गा और महिषासुर के बीच हुए युद्ध का भी प्रतीक है, जिसमें मान्यता है कि बुराई पर अच्छाई की जीत हुई थी। इस समय चारों ओर नवरात्रि की रौनक देखी जा रही है, नवरात्रि का यह पावन त्योहार इस वर्ष 22 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक मनाया जाएगा और इस त्योहार में लोग माता रानी के प्रति अपनी श्रद्धा और भक्ति प्रकट करने के लिए नवरात्रि का व्रत भी करते हैं, नवरात्रि के व्रत में लोग फलाहार कर सकते हैं। कई लोग नवरात्रि का व्रत करते तो हैं, लेकिन उन्हें इस व्रत के इतिहास के बारे में जानकारी कत्तई नहीं होती है। नवरात्रि का व्रत महिला और पुरुष दोनों कर सकते हैं, इस व्रत में नौ दिनों तक उपवास किया जाता है, इस व्रत के दौरान फलाहार किया जा सकता है. जिसमें लोग फल और मेवे खा सकते हैं, कई लोग ऐसे भी होते हैं जो व्रत तो नहीं करते हैं लेकिन नवरात्रि के नौ दिन सात्विक भोजन करते हैं और माता रानी की पूरे दिल से उपासना करते हैं,मान्यता के अनुसार जो लोग भी नवरात्रि का व्रत करते हैं, मां दुर्गा उनके ऊपर अपनी कृपा जरूर बरसाती है और उनकी मनोकामना भी पूरी करती हैं। धार्मिक ग्रंथ के अनुसार नवरात्रि का व्रत सबसे पहले भगवान राम ने रखा था, भगवान राम ने रावण का वध करने से पहले मां दुर्गा की नौ दिनों तक उपासना की थी। भगवान राम स्वयं भगवान विष्णु के अवतार माने जाते हैं, ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिर भगवान राम ने मां दुर्गा की पूजा के लिए नवरात्रि का व्रत क्यों रखा, दरअसल मान्यता यह है कि रावण शिव भगवान का बहुत बड़ा भक्त था और उसे शिव भगवान से अमरता का वरदान प्राप्त था, जब भगवान विष्णु, भगवान राम का रूप लेकर मनुष्य के रूप में पृथ्वी पर आए तो, उन्होंने रावण का वध करने से पहले मां दुर्गा की नौ दिनों तक पूजा की और उनसे शक्ति का आशीर्वाद माना था।

# कन्नौज: मिशन शक्ति अभियान के तहत विभिन्न क्षेत्रों की दिग्गजो को पुलिस ने किया सम्मानित

समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी

कन्नौज। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा दल द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक किया गया।

बालिकाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों, शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, मिशन शक्ति केन्द्र व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर किया जा रहा है महिलाओं का सशक्तिकरण।

आज रिजर्व पुलिस लाइन स्थित मनोरंजन हॉल में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित करने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात उन्होंने प्रदेश सरकार के ह्लमिशन शक्ति अभियान 5.0ह्व की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी और




उपस्थित महिलाओं तथा छात्राओं को महिला हेल्पलाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, महिला सहायता नंबर 181 समेत अन्य सेवाओं की उपयोगिता बताई। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं ने नृत्य, गीत एवं देशभक्ति प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया, जिससे समारोह का वातावरण और भी उत्साहपूर्ण बन गया। समारोह की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य रहीं। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सेवा, प्रशासनिक क्षेत्र और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर उनका सम्मान किया।

कोतवाली कन्नौज क्षेत्र में महिला थाना पुलिस द्वारा दुर्गा पांडालों में जाकर उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेस 5.0 अभियान नारी सुरक्षा नारी सम्मान एवं एंटी रोमियो के तहत मिशन शक्ति नारी सुरक्षा नारी सम्मान व साइबर संबंधित अपराध के बारे मे अवगत कराया। उन्हें किसी भी प्रकार की पुलिस सहायता हेतु वीमेन पावर लाइन 1090 व यूपी112 व ऑपरेशन कवच व 181 महिला हेल्पलाइन व 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन व 1098 चाइल्ड लाइन व 155260 व 1930 साइबर क्राइम अपराध के बारे में बताया गया व अन्य कानूनी जानकारी दी और उनको जागरूक किया गया।

गुरसहायगंज पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत रेलवे स्टेशन गुरसहायगंज, कस्बा, पीडब्लूडी तिराहा, आदि जगहों पर जाकर पंपलेट वितरित किए गए व महिला संबंधी हेल्पलाइन नंबरो आदि के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें किसी भी प्रकार की पुलिस सहायता हेतु वीमेन पावर लाइन 1090 व यूपी 112 व ऑपरेशन कवच व 181 महिला हेल्पलाइन व 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन व 1098 चाइल्ड लाइन व 155260 व 1930साइबर क्राइम अपराध के बारे में बताया गया व अन्य कानूनी जानकारी दी और बालिकाओं को जागरूक किया गया।

समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा दल द्वारा दुर्गा पांडालों, मंदिरों व बाजारों में में महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर- वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया गया।

साथ ही स्थानीय पर नवस्थापित मिशन शक्ति केन्द्र का कार्य, उददेश्य, उपलब्ध करायी जाने वाली सेवाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी।

# कन्नौज: दिल्ली पुलिस ने छापामार कर चार बंगला देशी नागरिक पकड़े

समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी

कन्नौज। जिले में बांग्लादेशी बसे होने का मामला सामने आया है। यहां दिल्ली पुलिस की बांग्लादेशी सेल ने छापेमारी कर 4 लोगों को हिरासत में लिया है।

बांग्लादेशियों को शरण देने के आरोप में पुलिस ने दो सगे भाइयों को भी पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। मामला सदर कोतवाली क्षेत्र के शेखपुरा मोहल्ले का है। यहां एक जिम के पास खाली पड़े प्लाट में काफी समय से कुछ बांग्लादेशी झोपड़ी डालकर रह रहे थे। ये लोग कबाड़ बीनने का काम करते थे। कन्नौज में बांग्लादेशियों के रहने की जानकारी होने पर दिल्ली पुलिस की बांग्लादेशी सेल ने कन्नौज के शेखपुरा मोहल्ले में पहुंच कर चार लोगों को अरेस्ट कर लिया। देर रात चली इस कार्यवाही के बाद पुलिस टीम उन्हें लेकर दिल्ली रवाना हो गई।

शेखपुरा मोहल्ले में बांग्लादेशियों को शरण देने वाले दो सगे भाइयों को पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। बताया गया कि शेखपुरा मोहल्ले में एक जिम संचालक के द्वारा बांग्लादेशियों को अवैध रूप से अपने खाली पड़े प्लाट पर बसाया गया था। लम्बे समय से वह लोग यहां निवास कर रहे थे। सूत्रों की मानें तो उनके फर्जी आधार कार्ड भी मोहल्ले के लोगों की मदद से बनवा दिए गए थे। जिसकी पुलिस पड़ताल कर रही है। कन्नौज के शेखपुरा और हम्मालीपुरा मोहल्ले में बांग्लादेशियों के रुके होने का प्रकरण पहले भी कई बार सुर्खियों में आ चुका है। हालांकि जांच पड़ताल के नाम पर मामला रफा दफा कर दिया गया और आरोपियों के खिलाफ न कोई ठोस कार्यवाही हो सकी और न ही ढंग से जांच पड़ताल हुई। इस बार दिल्ली पुलिस की टीम की छापेमारी से स्थानीय पुलिस सक्रिय हो गई।

# कन्नौज: पूर्व सांसद पर फिर हमलावर हुई जिला पँचायत सदस्य नेहा त्रिपाठी

## अपनी ही पार्टी के पूर्व सांसद पर छवि धूमिल करने का आरोप

समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी



कन्नौज। छिबरामऊ में जमीन कब्जा और मारपीट को लेकर सोशल मीडिया पर फैली खबरों ने राजनीतिक सरगर्मी तेज कर दी है। भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नेहा त्रिपाठी ने इन खबरों को पूरी तरह फर्जी बताते हुए इसे सुनियोजित साजिश करार दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक विरोधी उनकी छवि धूमिल करने में लगे हैं। त्रिपाठी ने प्रशासन को दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि 25 सितंबर को जिस जमीन विवाद का जिक्र किया जा रहा है, उससे उनका कोई संबंध नहीं है। उस समय वह लंबे समय से लखनऊ में रह रही थीं। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी उनके खिलाफ अफवाहें फैलाई जा चुकी हैं। इस बार भी फर्जी पोस्ट और कमेंट्स के स्क्रीनशॉट प्रशासन को सौंप दिए गए हैं। नेहा त्रिपाठी ने पूर्व सांसद पर भी उनके खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि पिछले विधानसभा चुनाव में जब उन्होंने टिकट की दावेदारी की थी, तभी उन्हें बदनाम करने की कोशिश की गई थी। अब फिर से टिकट की राजनीति के चलते ऐसी साजिशें हो रही हैं। उन्होंने कहा कि वह आगामी विधानसभा चुनाव में फिर से दावेदारी करेंगी। यदि पार्टी उन्हें टिकट देती है तो वह पार्टी के चुनाव चिन्ह से ही लड़ेंगी, अन्यथा वरिष्ठों की सलाह और बांके बिहारी जी के आदेश के अनुसार निर्णय लेंगी।

उन्होंने कहा, "पार्टी मेरे लिए माता समान है। "नेहा त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महिला सशक्तिकरण नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि मोदी जी महिलाओं का सम्मान करते हैं और उन्हें आगे बढ़ाना चाहते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि देश और प्रदेश स्तर पर उन्हें किसी नेता से शिकायत नहीं है, लेकिन लोकल स्तर पर कुछ नेता उनकी छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं।

# कन्नौज: दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ का चुनाव जीतकर लौटी स्वामिनी का भव्य स्वागत

समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी

कन्नौज। जिले की मूल निवासी स्वामिनी यादव का घर लौटने पर समाजवादी पार्टी (सपा) के नेताओं ने जोरदार स्वागत किया। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री अरविंदो कॉलेज में हुए छात्र संघ चुनावों में उपाध्यक्ष पद पर जीत हासिल की है।

स्वामिनी यादव ने इन चुनावों में शानदार प्रदर्शन करते हुए उपाध्यक्ष का पद जीता, जिससे पूरे जनपद में खुशी का माहौल है। उनकी इस उपलब्धि को ऐतिहासिक बताया जा रहा है।

स्वामिनी छिबरामऊ क्षेत्र के असालताबाद बहादुरपुर की मूल निवासी हैं। उनके पिता विनोद यादव पूर्व प्रधान रह चुके हैं।

इस अवसर पर सपा के पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने स्वामिनी यादव का सम्मान किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि स्वामिनी की यह सफलता न केवल छिबरामऊ बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगी।

स्वामिनी की इस उपलब्धि पर उनके परिजन, शिक्षक और नगरवासी गर्व महसूस कर रहे हैं और उन्हें शुभकामनाएं दे रहे हैं। इस मौके पर एडवोकेट चंदजीत सिंह, देवेंद्र सिंह, लाखन सिंह, रोविन सिंह, सचिन शाक्य, लालू ठाकुर, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष उमेश पाल, अंकुर सिंह यादव, अर्पित शुक्ला और सतेंद्र सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# पुराने आलू को नए आलू में बदलने का खेल, खाद्य विभाग की छापेमारी

समाज जागरण



शाहजहांपुर। मंडियों और कोल्ड स्टोरेज में पुराने आलू को कृत्रिम तरीके से नया बताकर बाजार में खपाने की सूचनाओं पर खाद्य विभाग ने सख्ती दिखाई। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर सहायक आयुक्त (खाद्य) चंद्रशेखर मिश्र के नेतृत्व में रविवार को खाद्य सुरक्षा टीम ने रौजा मंडी सहित विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। टीम ने 17 कोल्ड स्टोरेज की जांच की। इस दौरान केवल पुराना आलू ही मिला। पुराने आलू को नया बनाकर बेचने का कोई प्रमाण टीम को नहीं मिला। हालांकि संदेह के आधार पर एक आढ़ती से आलू का नमूना भरकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। रौजा, तिलहर, पुवायां और जलालाबाद मंडी के आढ़तियों को सख्त चेतावनी दी गई कि वह उपभोक्ताओं को धोखा देने की कोशिश न करें। यदि किसी प्रतिष्ठान पर पुराने आलू को नया बनाकर बेचने की शिकायत मिली तो लाइसेंस निलंबित कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा विभागीय टीम ने तिलहर और बरखेड़ा चौराहा शाहजहांपुर से खोया के नमूने भी एकत्र कर प्रयोगशाला भेजे। टीम की कार्रवाई से मंडियों और आढ़तियों में हड़कंप मच गया।

# दंगाइयों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

## एसपी राजेश द्विवेदी ने जवानों को सख्त हिदायत देते हुए कहा

समाज जागरण






शाहजहांपुर। संभावित उपद्रव और दंगाइयों से निपटने के लिए पुलिस ने अपनी तैयारी को परखा। पुलिस लाइन में रविवार को पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी की मौजूदगी में जवानों ने दंगा नियंत्रण का अभ्यास किया। अभ्यास के दौरान पुलिस बल ने असलाह संभाले और आंसू गैस के गोले दागे। साथ ही भीड़ को नियंत्रित करने की विभिन्न रणनीतियों को अमल में लाकर जवानों ने अपनी तत्परता का प्रदर्शन किया। एसपी राजेश द्विवेदी ने जवानों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि दंगाइयों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ पुलिस हर स्तर पर तैयार है।अभ्यास के दौरान पुलिस अधिकारियों ने जवानों को स्थिति के मुताबिक कार्रवाई के तौर-तरीके समझाए। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और दंगाइयों में खौफ पैदा करने के लिए इस मॉक ड्रिल को अहम माना जा रहा है।

# कन्नौज: तीन जगह लगा आरोग्य मेला 2955 रोगियों को मिला लाभ

समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी

कन्नौज। शासन के निर्देश के क्रम में जनपद के समस्त 33 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं 03 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया।

मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला में आज कुल 2955 मरीजों (1207 पुरूष, 1166 महिलायें एवं 582 बच्चे) को लाभान्वित किया गया। आयुष्मान योजना के तहत 21 गोल्डन कार्ड बनाकर वितरित किये गये, प्रत्येक केन्द्र पर चिकित्सकों के अतिरिक्त पैरामेडिकल कर्मी उपस्थित रहे।



नोडल अधिकारी आरोग्य स्वास्थ्य मेला डा० जितेन्द्र कुमार उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं समस्त अपर मुख्य चिकित्साधिकारियों द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का भ्रमण किया गया। मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में आने वाले रोगियों की निःशुल्क जॉच, उपचार, बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण परिवार कल्याण, हैपेटाईटिस "बी" एवं "सी" कार्ड टेस्ट, टी०बी० सम्भावित रोगियों की जॉच, नेत्र रोगियों का परीक्षण, गोल्डन कार्ड वनाये जाने आदि सेवायें प्रदान की गयी।

# नौ अक्टूबर से सजेगी साज और आवाज की महफिल

समाज जागरण




शाहजहांपुर। शहर में कला और संस्कृति का रंग बिखेरने को तैयार है क्रिएटिव आर्ट ग्रुप। 9 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम में भव्य शाहजहांपुर महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। ग्रुप के प्रबंध निदेशक नरेंद्र सक्सेना ने प्रेसवार्ता में बताया कि चार दिवसीय इस महोत्सव में शहरवासियों को मनोरंजन, कला और साहित्य का अनोखा संगम देखने को मिलेगा। अध्यक्ष सचिन बॉथम ने कहा कि इस बार महोत्सव में सेलिब्रिटी स्टार नाइट, कवि सम्मेलन, एक शाम आपके नाम, अटल रत्न सम्मान, शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल, समाज सेवा सम्मान, किशोर अवार्ड, प्रतिभा अलंकरण और रामायण नृत्य नाटिका जैसे मुख्य कार्यक्रम होंगे। इसके अलावा इंटर कॉलेज डांस चैंपियनशिप, मिस्टर एंड मिस यूपी, शाइनिंग स्टार मॉडलिंग कांटेस्ट, ओपन माइक, डांस मेनिया, किड्स मॉडलिंग, फैंसी ड्रेस, बेस्ट कपल शो और थिएटर प्ले जैसी प्रतियोगिताएं युवाओं और बच्चों के लिए खास आकर्षण रहेंगी। महासचिव निलय शुक्ला ने बताया कि संस्कृति मंत्रालय उत्तर प्रदेश और संगीत नाटक अकादमी की लोक कलाओं पर आधारित प्रस्तुतियां इस बार भी समारोह की शान बढ़ाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं को मंच देने के लिए ऑडिशन की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी। कार्यक्रम की घोषणा के दौरान प्रगतिशील किसान एवं समाजसेवी कौशल मिश्रा, कीर्तिकांत श्रीवास्तव, उस्मान सिद्दीकी समेत ग्रुप के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पंचायत भवन पर लगा गन्दगी का अंबार गंभीर बीमारियों को दे रहा दावतसचिव

## खंड विकास अधिकारी की मिली भगत से जमकर हो रहा भ्रष्टाचार

## रामपुर ग्राम पंचायत में तैनात सफाई कर्मी भी काट रहे मौज

समाज जागरण

शाहजहांपुर जिले के विकास खंड जैतीपुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत रामपुर बना पंचायत भवन के अंदर शौचालय में एवं अगल-बगल कचरे का अंबार लगा हुआ है लेकिन ग्राम प्रधान व सचिव को गंदगी को लेकर कोई चिन्ता नहीं है ।सूत्रों की माने तो पंचायत भवन ग्राम पंचायत में मिनी सचिवालय के नाम से जाना जाता है । पंचायत भवन पर लगे गंदगी का अंबार के आधार पर कहा जा सकता है कि कभी भी पंचायत भवन का ताला नहीं खुलता है और ना ही सचिव रोस्टर के हिसाब से पंचायत भवन पर ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण नहीं करते है '

पंचायत भवन का कभी न ताला खुलना जिम्मेदार अधिकारियों पर बड़ा सवाल खड़ा करता है यदि जिम्मेदार अधिकारी पंचायत भवन पर आते जाते तो पंचायत भवन की यह स्थिति न होती । ग्राम प्रधान व सचिव की लापरवाही का फायदा ग्राम पंचायत में तैनात सफाई कर्मी लेते हैं अर्थात सफाई कर्मचारी मन मौजी ड्यूटी करते हैं ।

जहां एक तरफ प्रदेश सरकार द्वारा संचारी रोग के बचाव हेतु ग्राम पंचायतों में साउथ सफाई कराई जा रही है वही दूसरी तरफ ग्राम प्रधान व सचिव एवं सफाई कर्मी की मनमानी से पंचायत भवन पर लगा गंदगी का अंबार गंभीर लोगों को दावत दे रहा है सूत्रों के अनुसार जब से पंचायत भवन बना तब से साफ सफाई नही हुआ है इतना ही नहीं यहां तक की अधिकारियों का नाम पंचायत भवन लिखा हुआ है और ब्लॉक और ग्राम पंचायत में तैनात कर्मचारियों का नाम नहीं लिखा है । इससे साफ स्पष्ट है कि दाल में कुछ काला है ।पंचायत भवन पर लगा हैंडपंप खराब है ग्राम प्रधान व सचिव एवं सफाई कर्मी पंचायत भवन कभी नहीं जाते है और न ही कभी जिम्मेदार अधिकारी पंचायत भवन का हाल-चाल लेते हैं ।योगी सरकार ने करोड़ों रुपया खर्च करके गांव-गांव में लोगों के समस्याओं के निस्तारण के लिए पंचायत भवन का निर्माण कराया है '

लेकिन रामपुर में पंचायत भवन में कभी कोई बैठक नही होती है बैठक सिर्फ कागजों में पूर्ण होती हैं सचिव और ग्राम पंचायत में तैनात सफाईकर्मी प्रदेश सरकार की मंशा पर पानी फेरने पर तुले हुए हैं सूत्रों की जानकारी के अनुसार महिला सफाई कर्मचारी की ड्यूटी है वहीं महिला सफाई कर्मचारी के पति भी ग्राम रोजगार सेवक है। पति-पत्नी दोनों सरकारी कर्मचारी हैं फिर भी गांव वालों की आंखों में धूल मैं कोई कसर नहीं छोड़ते हैं महिला सफाई कर्मचारी को मिले घर पर ही पंचायत चुनाव लड़ेंगी जब कोई शिकायत करता इनके पास शिकायत लेकर जाए बौखला जाती है,

### ग्राम रोजगार सहायक के पास करोड़ों रुपये की संपत्ति

मनरेगा और पंचायत स्तर पर योजनाओं की पारदर्शिता पर एक बार फिर सवाल उठ खड़े हुए हैं। सिसवा ब्लॉक के एक रोजगार सेवक पर भ्रष्टाचार कर करोड़ों की संपत्ति अर्जित करने का गंभीर आरोप लगा है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, रामपुर गांव की निवासी खुशीराम रोजगार सेवक के रूप में कार्यरत हैं। आरोप है कि इतने सीमित मानदेय के बावजूद संबंधित रोजगार सेवक ने रामपुर पृथ्वीपुर पूर्व खेड़ा घास पंचायत और अपने ग्राम पंचायत क्षेत्र में लाखों की जमीन खरीदी है। ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकताओं का कहना है कि यह संपत्ति केवल भ्रष्टाचार और योजनाओं में हेरफेर कर बनाई गई है।

### करोड़ों की संपत्ति का सवाल

लोगों का कहना है कि लगभग करोड़ लाख रुपये मानदेय पाने वाला सेवक करोड़ों की संपत्ति कैसे अर्जित कर सकता है जमीन वेश को देखकर स्पष्ट है कि अवैध ढंग से धन है। यह मामला केवल व्यक्तिगत भ्रष्टाचार नहीं की पारदर्शिता पर सवाल खड़ा करता है। सरकारी राशि के लूट का सिलसिला जारी है।

# कन्नौज: एक्सप्रेस वे पुलिस चौकी पर गेस्ट हाउस और कांफ्रेंस हाल का लोकार्पण

समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी

कन्नौज। पुलिस अधीक्षक ने थाना ठठिया क्षेत्र स्थित चौकी एक्सप्रेसवे पर गेस्ट हाउस का लोकार्पण व चौकी एक्प्रेसवे के कॉन्फ्रेंस रूम का सौंदर्यीकरण का उद्घाटन किया।




आज पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा थाना ठठिया क्षेत्र स्थित चौकी एक्सप्रेसवे पर निर्मित गेस्ट हाउस का लोकार्पण किया गया। इसी क्रम में चौकी एक्सप्रेसवे के कॉन्फ्रेंस रूम के सौंदर्यीकरण का उद्घाटन भी पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि चौकी एक्सप्रेसवे पर गेस्ट हाउस एवं सुसज्जित कॉन्फ्रेंस रूम की व्यवस्था से पुलिस कर्मियों को न केवल बेहतर कार्य वातावरण प्राप्त होगा बल्कि यातायात व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था के संबंध में त्वरित निर्णय लेने एवं आवश्यक बैठकें सम्पन्न कराने में भी सुविधा होगी।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, क्षेत्राधिकारी तिर्वा कुलवीर सिंह, प्रभारी निरीक्षक ठठिया सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भव्यता से मनाया जाएगा रुद्रपुर गुरुकुल महोत्सव वेदाचार्य

समाज जागरण




तिलहर/शाहजहांपुर के तिलहर विकास खंड के ग्राम रुद्रपुर स्थित श्री कन्या गुरुकुल का वार्षिक महोत्सव 30 सितंबर से 3 अक्टूबर तक भव्य रूप से मनाया जाएगा । महोत्सव में पवित्र सामवेद महायज्ञ का विशेष आयोजन किया जाएगा यह जानकारी गुरुकुल प्राचार्या अंजली ने जानकारी देते हुए बताया महोत्सव की शुरूआत गुरुकुल कुलपति विजेंद्र नाथ गुपा के सानिध्य में 30 सितम्बर को तिलहर नगर क्षेत्र में भव्य शोभायात्रा निकाल कर की जाएगी। एक से तीन अक्टूबर में बौद्धिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही पत्रकार सम्मान समारोह गौ रक्षक सम्मान समारोह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिजन सम्मान समारोह मैजिक कालीन युद्ध प्रदर्शन बच्चो के लिए झूले आदि का प्रदर्शन भी होगा। गुरुकुल के वरिष्ट आचार्य आर्येन्द्र कुमार वेदाचार्य ने बताया कि वैदिक गोष्ठी व सत्संग कार्यक्रम दर्शनीय होंगे। कार्यक्रम में अनेक वैदिक विद्वानो के साथ ही मंत्री कपिल देव अग्रवाल सर्वेश पाठक के अलावा बरेली माहौर वैश्य सभा महानगर अध्यक्ष जय नारायण गुप्ता जनपद के विशिष्ट राजनेता और अथिति गण पधार रहे है ।

# सीएम योगी के कहते ही, कार्यवाही करने के लिए किसका कर रहे इंतजार पुलिस प्रशासन हरकत में आया

बरेली। बरेली में हुए उपद्रव को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। सीएम ने अधिकारियों से सीधे सवाल किया, कार्यवाही के लिए किसका कर रहे हो इंतजार? इतना कहते ही पुलिस-प्रशासन हरकत में आया और बिलों में छिपे बैठे दंगाइयों पर टूट पड़ा। कई उपद्रवियों को पकड़कर थाने लाया गया। सीएम योगी ने साफ निर्देश दिए हैं कि उपद्रवियों को न केवल चिन्हित किया जाए, बल्कि उनकी संपत्ति की भी जांच की जाए। सरकार का मानना है कि आर्थिक चोट देकर दंगाइयों को कड़ा सबक सिखाया जा सकता है। पुलिस ने अब तक कई आरोपियों को हिरासत में लिया है और बाकी की तलाश तेज कर दी है। योगी सरकार का संदेश स्पष्ट है अराजकता फैलाने वालों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# कल्पना सोरेन ने किया पेट्रोल पंप का उद्घाटन।

**राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**

विष्णुगढ़ प्रखंड के चलनिया स्थित एनएच 522 मार्ग में रविवार को पटेल फ्यूल्स पेट्रोल पंप का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि गांडेय की विधायक कल्पना मुर्मु सोरेन के द्वारा फीता काटकर किया गया।वहीं विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री बेबी देवी,बरकट्ठा के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव,हजारीबाग जिलाध्यक्ष श्री संजीव कुमार बेदिया की गरिमामय उपस्थिति रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कल्पना मुर्मु सोरेन ने कहा कि दूरदराज के



क्षेत्रों में पेट्रोल पंप खुलने से स्थानीय निवासियों और वाहन चालकों को पेट्रोल और डीजल की सुविधा उनके गांव के पास ही उपलब्ध होगी। कार्यक्रम के दौरान माननीय विधायक श्रीमती कल्पना मुर्मु सोरेन ने पटेल फ्यूल्स के संचालक डॉ गीता मेहता, पुत्र गौरव पटेल जी को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# दो ट्रांसपोर्टिंग ट्रक द्वारा भारी सामग्री ले जाने के क्रम में पीछे का टेलर का चक्का खेत में घुसा।

**समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**

बड़कागांव : जुगरा में एनटीपीसी बिजली पावर ग्रिड बनाने के लिए दो ट्रांसपोर्टिंग ट्रक द्वारा भारी सामग्री ले जाने के क्रम में एक तरफ से पीछे का टेलर का चक्का खेत में घुस जाने से पूर्ण रूप से चेपाकला, जुगरा, बड़कागांव रोड जाम हो गया है ।हालांकि किसी को कोई दुर्घटना नहीं हुई ।सिर्फ लगा हुआ धान की क्षति हुई हैं ।जिससे आने-जाने में बाधित और काफी परेशानियां हो रही है ।इस क्षेत्र के सड़क के अलावा दूसरा रास्ता नहीं है।जो पूर्ण रूप से रास्ता बंद हो गया है और



अभी तक एनटीपीसी का पदाधिकारी लोग नहीं पहुंचे हैं' इसकी जानकारी मिलते ही सांसद सह प्रतिनिधि कृष्णा राम ने पहुंचा और अभिलंब रास्ता को हटाने के लिए बोला गया ।एक गाड़ी को हटा दिया गया दूसरा जो धान के खेत में गिरा हुआ उसमें काफी प्रयास किया जा रहा है।हाइड्रा आने पर ही कुछ उपाय हो सकता हैं ।साथ ही कृष्णा राम ने दुर्घटना स्थल पर पहुंच कर ट्रांसपोर्टिंग ट्रक मालिक को निर्देश दिया कि फिलहाल आने-जाने के लिए जेसीबी द्वारा मिट्टी भराव का कार्य करने के लिए ताकि मोटरसाइकिल गाड़ी और आना जाना सुरक्षित कर सके।

# अश्विनी दुर्गा पूजा समिति दैनिक बाजार के द्वारा कलश यात्रा निकाली गई।

**समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**

बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत अश्विनी दुर्गा पूजा समिति बड़कागांव दैनिक बाजार के द्वारा षष्ठी के अवसर पर कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा का नेतृत्व मुखिया संघ अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार, पूजा समिति के अध्यक्ष दीपक कुमार, सचिव राजू कुमार, कोषाध्यक्ष सनी कुमार, लालमणि महतो एवं शशि कुमार मेहता ने किया। कलश यात्रा अश्विनी दुर्गा पूजा समिति के प्रांगण से लेकर, कुशवाहा मोहल्ला, लोहार टोली, बसरिया टोला, अंबेडकर मोहल्ला, पंडित मोहल्ला, मुस्लिम मोहल्ला, ठाकुर मोहल्ला, प्रेम नगर, रेंज ऑफिस और गुरुचट्टी होते हुए सिरमा नदी से कलश में जल उठाव किया गया। इस दौरान पुरोहित रमनेश मिश्रा उर्फ गुड्डू के द्वारा नदी घाट पर पूजा - अर्चना कराई



गई। कलश यात्रा में रांची से आए कलाकारों के द्वारा नगाड़े एवं शहनाई की आवाज चर्चा का विषय बना रहा। मौके पर मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधित्व सह मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार, बड़कागांव मध्य पंसस रितेश ठाकुर, मुखिया मो तकरीमुल्लाह, पप्पू खान, मो रोहित, उप मुखिया सत्यदेव कुमार, पूजा समिति अध्यक्ष दीपक कुमार, सचिव राजू कुमार, कोषाध्यक्ष सनी कुमार, शशि कु मेहता, लालमणि महतो, जयराज महतो, सरोज मेहता, तुलसी राणा, रणधीर महतो, सदेव कुमार, प्रकाश कुमार, नीरज कुमार, हिमाचल कुमार, प्रकाश महतो, चित्र दयाल कुमार, सुबोध कुमार, पिंटू कुमार, कुलदीप कुमार, सुजीत कुमार, कृष्ण कुमार, राहुल कुमार, रोशन कुमार, दिलीप कुमार, विकास कुमार, जीतू कुमार, प्रवीण कुमार, विपिन कुमार, सहेश्वर कुमार के अलावा सैकड़ो बच्चियों ने भाग लिया।

# मईया सम्मान योजना की राशि से 1.5किलोमीटर सड़क बनकर तैयार:लंगड़ीतर कचनपुर

**समाज जागरण दीपक सरकार**

छत्तरपुर प्रखंड क्षेत्र के पंचायत कचनपुर टोला लंगड़ीतर पीछूलिया के ग्रामीणों ने श्रमदान कर हिरामन राम के घर से लेकर तपेशर राम के घर तक मिटी मोरम भरकर सड़क को आवा गमन एवं वाहनो को आने जाने लायक बनाया। लेकिन सड़क का कार्य पूर्ण नहीं हो सका इसके बाद महिलाओ के खाते मे पांच हजार आया हुआ था, लंगड़ीतर टोले के महिलाओ ने तुरंत निर्णय लिया और 25 महिलाओ ने अपने खाते से एक एक हजार निकालकर 25हजार रुपए की राशि जमा की और आज यह सड़क बनकर त्यार हो गया।महिलाओ को इस तरह की हौसला को देखते हुए निश्वार्थ भाव से पत्रकार डी के सरकार ने अपने ट्रैक्टर और सुरेन्द्र पासवान ने अपनी ट्रैक्टर देकर सड़क का कार्य को पूर्ण



किया। इस सड़क को त्यार करने मे लगातार तीन दिन लगा तब जाकर यह सड़क पूर्ण हुआ।आज तक इस सड़क को कोई भी प्रतिनिधि ने ध्यान तक नहीं दिया, यह सड़क आजदी के बाद पहली बार बनी है श्रमदान से इस सड़क को पूर्ण करने मे मईया सम्मान योजना की राशि कल्याणकारी बनी इस गाँव के ग्रामीणों मे बहुत खुशी का माहौल। मौके पर उपस्थित प्रेमशीला देवी, सोनी देवी,बसंती देवी,गीता देवी, प्रतिमा देवी,डॉ विनोद कुमार,प्रशांत राज, जीतेन्द्र कुमार, अभिषेक कुमार क्रेक, उदय कुमार बाली, मंजु राम ,ज्ञानप्रकाश, मदन राम,बीरेंद्र राम,राहुल, सहित सैकड़ो व्यक्ति उपस्थित रहे

# सीतामढ़ीः हरिनगर गाँव में 49 वर्षों से जारी दुर्गा पूजा, मां कात्यायनी की वैदिक विधि से पूजा

**समाज जागरण डेस्क, नोएडा/सीतामढ़ी।**

सीतामढ़ी जिला के खड़का पंचायत अंतर्गत हरिनगर गाँव में नवरात्र के अवसर पर दुर्गा पूजा बड़े हर्षोल्लास एवं धार्मिक आस्था के साथ मनाई जा रही है। सातवें दिन श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मां कात्यायनी की पूजा-अर्चना की गई। परंपरा के अनुसार दिन रविवार आश्विन शुक्ल षष्ठी संध्या काल में बड़े धूम-धाम गाजे बाजे के साथ बेलनती का आयोजन किया गया। जिसमे सैकड़ो के संख्या मे नवयुक्त दुर्गा पूजा समिति के सदस्य एवं ग्रामीण मौजूद रहे। "नवयुवक दुर्गा पूजा समिति के व्यवस्थापक महंत संत रामदास ने सभी क्षेत्रवासियों को दुर्गा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं।" समिति के अध्यक्ष सुरेश राउत ने व्यवस्था की जानकारी देते हुए कहा कि "इस बार मां जगदम्बा के स्वागत हेतु भव्य पंडाल का






निर्माण किया गया है।" पंडाल से लेकर सड़क तक आकर्षक लाइटिंग की गई है, ताकि माता के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर उपाध्यक्ष चन्द्र महतो, सचिव बेचन झा, कोषाध्यक्ष अंकित मिश्रा, उपकोषाध्यक्ष आशीष कश्यप, मौजूद रहे। बताते चलें कि हरिनगर ग्राम में पिछले 49 वर्षों से लगातार दुर्गा पूजा का आयोजन धूमधाम से किया जा रहा है। इस दौरान ग्रामीणों के साथ-साथ आसपास के गाँवों के लोग भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं और आयोजन में हर संभव सहयोग करते हैं। "लाइसेंसधारी अरुण साह ने कहा कि व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने के लिए दुर्गा पूजा समिति के स्वयंसेवकों को तैनात किया गया है। साथ ही, प्रशासन की मौजूदगी भी सुनिश्चित की गई है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके।"

# मेरा युवा भारत हजारीबाग के तत्वाधान में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का सम्पन्न ।

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ समाज जागरण हजारीबाग।**

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत मेरा भारत हजारीबाग की ओर से जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इसकी अध्यक्षता मेरा युवा भारत के जिला युवा अधिकारी रुद्रशेखर ने किया। सभी प्रखंडों के युवा क्लब के साथ जिला के विभिन्न विद्यालय एवं महाविद्यालय जैसे के.बी. महाविद्यालय, जी. एम. इवनिंग कॉलेज, संत रॉबर्ट बालिका विद्यालय आदि के छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के तौर पर हजारीबाग मे प्रशिक्षु आईएएस आनंद शर्मा का आगमन




हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व हजारीबाग फुटबॉल एसोसिएशन मुरारी सिन्हा, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी उमेश ठाकुर, फुटबॉल कोच शरीफ उल्ला उर्फ गुड्डू , राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक महेश कुमार,आकाश कुमार संदीप कुमार, छोटी लाल कुमार ने किया। जिला स्तर पर पुरुष वर्ग मे समूह खेल मे सर्वप्रथम फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमे विजेता टीम ओरिया तथा उपविजेता टीम डूकरा रहा। महिला वर्ग के लिए आयोजित समूह खेल मे विजेता टीम के.बी.महिला महाविद्यालय रहा तथा उपविजेता टीम आनंदा महाविद्यालय की टीम रही। पुरुष वर्ग मे एकल प्रतियोगिता मे ऊंची कूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रंजन कुमार रवि , द्वितीय स्थान अफरीदी , तथा तृतीय स्थान इजराइल अंसारी, ने हासिल किया। बालक वर्ग 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में नीरज कुमार ने प्राप्त किया द्वितीय स्थान सरुण यादव एवं तृतीय स्थान इजराइल अंसारी ने प्राप्त किया बालिका वर्ग मे एकल प्रतियोगिता मे 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मंजू कुमारी, द्वितीय स्थान कोमल सिन्हा तथा तृतीय स्थान अलीशा कुमारी ने प्राप्त किया। रस्सी कूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रखी कुमारी , तथा द्वितीय स्थान शिवानी मिंज ने किया एवं तृतीय स्थान रूबी कुमारी ने किया। अंत मे सभी रेफरी एवं सवेसेवकों को माइभारत के तरफ से सम्मानित किया गया एवं सभी विजेता खिलरी एवं टीम को स्पोर्ट्स किट प्रमाण पत्र एवं विभिन्न खेल सामग्री देकर सम्मानित किया गया और सभी को माइभारत पोर्टल पर पंजीयकरण के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन मे जिला खेल कार्यालय, फुटबॉल एसोसिएशन, मनोज कुमार तीरंदाजी संघ के प्रशिक्षक एवं एथलेटिक्स मे विकास डिफेन्स अकादेमी तथा मेरा युवा भारत और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयसेवक ने सराहनीय भूमिका निभाई।

# झारखंड अलग राज्य निर्माण में टेकलाल महतो की भूमिका अहम थे-कुमेश्वर महतो।

टेकलाल के संघर्षों से नयी पिढी को उर्जा मिलेगी - अजय वर्मा।
टेकलाल महतो ने मांडू विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा कि दीप जलाने का कार्य किए थे -गुलचंद महतो।

**समाज जागरण गुलचंद महतो डाड़ी प्रखंड।**

डाड़ी प्रखंड के झारखंड इंटर महाविद्यालय होसीर में झारखंड अलग राज्य निर्माण के अग्रणी नेता , मांडू विधानसभा क्षेत्र से पांच बार विधायक रहे, गिरीडीह लोकसभा क्षेत्र से एक बार सांसद रहे व मांडू विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा का ज्योतिष जलाकर गांव गांव में विद्यालय का स्थापना कर शिक्षा का दीप जलाने का कार्य किए थे।स्व.टेकलाल महतो की पुण्यतिथि पर सभी लोग पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस मौके पर कुमेश्वर महतो, सुरेश महतो, युगल किशोर महतो, राकेश सिंह,हुकुमनाथ महतो, सेवालाल महतो, प्रितलाल महतो, भुनेश्वर महतो, सुजीत कुमार महतो, अनिल अग्रवाल, गुलाब चंद्र प्रसाद, दिनेश्वर महतो,केतर मुंडा, महावीर महतो, प्राचार्य डॉ अजय वर्मा, जगतपाल टुंडवार, दीपचंद महतो,खेमनाथ महतो, महावीर स्वांसी, नरेश पाठक, कुमारी दानो महतो, देवेन्द्र कुमार, कैलाश राणा, रीता रानी, पुष्पा कुमारी, सुनिता कुमारी, मुरली धर महतो, मनीष महतो, और काफी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे, उधर रोयांग में गुलचंद महतो के नेतृत्व में स्व.टेकलाल महतो की पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन किये। गुलचंद महतो ने कहा कि आज अलग राज्य निर्माण में स्व.टेकलाल महतो का भूमिका अहम थे, और हम जैसे नौजवान साथियों को समाजिक कार्यों करने के लिए प्रेरणा स्त्रोत थे।
एवं टेकलाल महतो जी की जीवनशैली में पुरी तरह से सादगी एवं शांतिपूर्ण तरीके से कोई भी कार्य करते थे।और वे एक वक्ता के साथ -साथ वकील भी थे।

# सहायक अध्यापक सच्चिदानंद तिवारी हुए सेवानिवृत, दी गई विदाई

**समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**

बड़कागांव : प्रखंड संसाधन केंद्र बड़कागांव अंतर्गत संचालित राजकीय कन्या मध्य विद्यालय बड़कागांव के सहायक अध्यापक ( पारा शिक्षक ) सच्चिदानंद तिवारी सेवानिवृत हो गए। सेवानिवृत्ति होने पर विद्यालय के



प्रधानाध्यापक रवि शंकर पाठक के नेतृत्व में सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं एंव विद्यार्थियों के द्वारा विदाई सम्मान समारोह मनाकर विदाई दी गई। बताते चले कि सहायक अध्यापक सच्चिदानंद तिवारी 2002 से पारा शिक्षक पद पर कार्यरत थे, इन्होंने ईमानदारी पूर्वक 23 साल सेवा देने के पश्चात सेवानिवृत्ति हुए, उन्होंने कहा कि मै समाज एवं शिक्षा हित में अपना अनुभव को शेयर करने का प्रयास करता रहूंगा। विदाई देने वालों में मुख्य रूप से प्रभारी प्रधानाध्यापक रवि शंकर पाठक, चमेली देवी, नगीना देवी,सहित विद्यालय के सभी शिक्षक - शिक्षिकाएं,रसोईया एवं विद्यार्थी शामिल थे।

# शहीद-ए-आजम भगत सिंह को कांग्रेसियों नें किया याद

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**

हजारीबाग : जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में शहीद-ए-आजम भगत सिंह की 118 वीं जयंती उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई ।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला उपाध्यक्ष सह मीडिया अध्यक्ष निसार ने कहा कि क्रांतिकारियों के परिवार में जन्म पानेवाले भगत सिंह के हृदय में बचपन से ही अंग्रेजों के अत्याचारों के प्रति घृणा थी ।मुख्य रूप से उपस्थित प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा ने कहा कि हिन्दुस्तान समाजवादी प्रजातंत्र संघ की स्थापना कर सशस्त्र विद्रोह द्वारा देश को स्वतंत्र




कराने की शपथ ली गई और फिर वह प्रसिद्ध असेम्बली बम काण्ड हुआ जिसमें उन्होंने स्वंय गिरफ्तारी दी ।भारत का यह सपूत अपने अल्प आयु में अपने दो अन्य साथिंयों सुखदेव एंव राजगुरू के साथ हंसते हुए फांसी पर झूल कर सदा के लिए अमर हो गए ।जयंती कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी राजू चौरसिया, मिथिलेश दुबे, संजय तिवारी, कृष्णदेव प्रसाद सिंह नगर अध्यक्ष परवेज अहमद एससी सेल अध्यक्ष मुकेश पासवान, सेवादल के अध्यक्ष गुड्डू सिंह, दिलीप कुमार रवि, उदय पाण्डेय, सदरूल होदा, अनिल कुमार भुईंया, दरगाही खान, मुस्ताक अंसारी, अर्जुन नायक, अमर सिंह यादव, कौशल कुमार सिंह, भैया असीम कुमार, राम कुमार पटेल, जुबैर खान, सुरेन्द्र कुमार, सैयद अशरफ अली अदि उपस्थित थे ।

# जननायक शहीद कामरेड लालमोहन बेदिया शहादत दिवस मनाया गया!

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शहीद कामरेड लाल मोहन बेदिया जी का 32 वां शहादत दिवस भाकपा माले ने पूरे गर्मजोशी के साथ मनाया!

**गुलचंद महतो संवादाता समाज जागरण डाडी**

सर्वप्रथम भाकपा माले के वरिष्ठ नेता देवचंद महतो द्वारा झंडातोलन की गई वां 1 मिनट मोन कर श्रद्धांजलि दी गई साथी साथ भाकपा माले केंद्रीय सदस्य आर डी मांझी राज्य सदस्य राजेन्द्र गोप, जिला सचिव पच्चु राणा, बसंत कुमार एवं सभी कार्यकर्ता बारी-बारी से शहीद स्मारक में माला अर्पण किया! गिद्दी कोयलांचल की धरती टेहरा टांड में अपनी शहादत दिए थे उनका कसूर बस इतना था कि हमेशा गरीब दबे कुचले किसान मजदूर के लड़ाई लड़ते थे उन्होंने रैलीगड़ा गिद्दी मैं हजारों हजार मजदूरों को लड़कर रोजगार दिलाएं उन्होंने मार्क्सवादी समन्वय समिति मासस स्थापक कॉमरेड एके राय साथ में इस कोयलांचल में स्थापित किया और सभी को उनका हक दिलाया उनके बारे में जितना कहा जाए शब्द कम पड़ जाएगी ऐसे महान व्यक्ति को हमारा लाल सलाम आज परिस्थिति



उल्टा हो गई केंद्र में बैठी भाजपा सरकार रोजगार छीनने की कोशिश की जा रही है मजदूरों का उनका हक छिनी जा रहा है सभी कॉपोरेट घरानों के हाथों में दिया जा रहा है हमारा जल जंगल जमीन छीनी जा रही है हमें जरूरत है बड़ी लड़ाई लड़ने की या लड़ाई का प्रेरणास्रोत कामरेड लाल मोहन बेदिया ही है शहादत दिवस पर मनीष यादव, सोहराय किस्कू, उमेश राम ,महेश बेदिया, सुनील किस्कू ,धनु महतो, इस्लाम अंसारी, आजाद अंसारी शाहिद अंसारी, बहादुर बेदिया ,भुवनेश्वर बेदिया, सुरेश बेदिया, कालेश्वर रजवार ,रामप्रवेश गोप विनोद कुमार,कैलाश महतो राजकुमार महतो, धनु महतो, इस्लाम अंसारी ,तूफानी राम, कार्तिक मांझी,अमृत राणा,चमन गंझु,पतीलाल मांझी,सुरज हेम्ब्रोम, रामकिशन मुर्मू कालिदास मांझी ,प्रकाश किस्कू,मनू सोरेन,दशाराम सोरेन ,जगदीश महतो, गोपाल मांझी, दुर्गा शर्मा, महेश बेदिया, मोहम्मद यूनुस ,चंद्रदेव राणा , विजेंद्र गंजू चारकु तुरी ,विकास महतो ,गुलशन महतो, गोविंद महतो , जलेश्वर रजवार,फखरुद्दीन ,फागु बेदिया , महादेव बेदिया, महेश, महतो ,लालजी महतो धनेश्वरमहतो, विकास महतो ,रसका मांझी, हकीम अंसारी ,राजकुमार महतो, जगदीश महतो ,खेमलाल महतो, ललित महतो ,धनंजय सिंह, मैनेजर महतो खिरोधर महतो मोहम्मद जाकिर अंसारी ,कारू बेदिया, हरि प्रसाद ,लालदारी महतो ,खेमलाल महतो आदि लोग उपस्थित थे!

# छतरपुर कस्तूरबा विद्यालय में मर्ज कर 10 सालों चलाया जा रहा है नौडीहा बाजार का झारखंड बालिका आवसीय विद्यालय

नौडीहा बाजार से 15 किमी की दूर अपना भवन नहीं होने से छात्राओं को होती है भारी परेशानी

**समाज जागरण सत्येंद्र चौरसिया**

पलामू (झारखंड)पलामू जिले के छतरपुर में शिक्षण व्यस्था का अजब हाल है, 10 सालों से राज्य सरकार द्वारा संचालित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय छतरपुर के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में मर्ज कर चलाया जा रहा है। नतीजन ग्रामीण इलाके की दूरस्थ गांवों की छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अपना भवन नहीं होने से छात्राएं किसी तरह कस्तूरबा विद्यालय में पढ़ने को विवश हैं, जहां पहले से ही सकैडो




छात्राएं अध्ययनरत हैं। मिली विभागीय जानकारी के अनुसार झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय में 350 बच्चों को हर साल साक्षर बनाने का लक्ष्य रखा जाता है। अपने स्थापना काल से ही यह विद्यालय छतरपुर के कस्तूरबा विद्यालय में रामभरोसे चल रहा है, जबकि विद्यालय चलाने हेतु प्रतिवर्ष करोड़ों का आवंटन उस विद्यालय को प्राप्त होता है। विभागीय जानकारी के अनुसार झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय में नियमानुसार नौ शिक्षक, एक लेखापाल, तीन कुक, दो गार्ड और तीन स्वीपर की आवश्यकता है, साथ ही उसे अपने भवन की भी दरकार है दुर्भाग्य ये है कि आज एक दशक के बाद भी इस विद्यालय को अपना भवन नसीब नहीं हुआ है। वहीं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय छतरपुर की बात करें तो इस विद्यालय में 525 बच्चों का स्टेन्थ हैं, जहां फिलहाल लगभग 480 छात्राओं का नामांकन दशार्या गया है और वे वहां अध्ययनरत हैं। अगर यहां यूनिट के हिसाब से सृजित पदों की बात करें तो यहां फुलटाइमर शिक्षक पांच, पार्टटाइमर ग्यारह, रसोइया तीन, गार्ड एक और स्वीपर मात्र एक है। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि यहां दूरस्थ ग्रामीण इलाकों से आई छात्राएं कैसे शिक्षा ग्रहण करती होंगी और उन्हें किस तरह की परेशानी का सामना करना पड़ता ह्योग। इस मामले पर बात करते हुयर सामाजिक कार्यकर्ता अरविन्द गुप्ता चुनमून ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर विद्यालय को अलग कर देना चाहिए, इलाकि गरीब है गरीब घरों की छात्राओं को ज्यादा परेशानी होती है, नौडीहा बाजार में विद्यालय बन जाने से छात्राओं को आसानी होती। उन्होंने मुख्यमंत्री, वित्तमंत्री और पलामू डीसी से मांग किया है कि वे इस मसलव कि गम्भीरता समझते हुए विद्यालय के भवन के निर्माण करवाएं। बरहाल वहीं लोग बताते हैं कि अगर नौडीहा बाजार के लिए सन्चालित झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय को अलग कर उसे नौडीहा बाजार स्थित दूसरे भवन में संचालित कर देने से छात्राओं को भारी परेशानी से बचाया जा सकता है। हालांकि कई दफा इसकी जानकारी पलामू डीसी और सबंधित विभाग के आलाधिकारियों को भी दी जा चुकी है लेकिन इस समस्या के समाधान के दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है।

# छतरपुर में संघ का विजयादशमी उत्सव और संचलन आयोजित

संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में हुआ भव्य आयोजन

**समाज जागरण दीपक सरकार**

छतरपुर (पलामू) । राष्ट्रीय स्वय सेवक संघ , छतरपुर नगर द्वारा संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर इस बार विजयादशमी उत्सव विशेष रूप से मनाया गया। संघ की स्थापना वर्ष 1925 में डॉ. हेडगेवार ने की थी। तब से लेकर आज तक संघ का उद्देश्य समाज को संगठित करना, राष्ट्रीय चरित्र का निर्माण करना और राष्ट्र प्रथम के मंत्र के साथ देश की सेवा करना रहा है। रविवार, 28 सितंबर 2025 को आयोजित इस उत्सव की शुरूआत डाकबंगला



स्थित कोयल कम्युनिटी हॉल से हुई, जहाँ से स्वयंसेवकों का अनुशासित पथ संचलन निकला। यह संचलन नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए छतरपुर ब्लॉक पहुँचा और अंततः आर.के +2 उच्च विद्यालय मैदान में सभा में परिवर्तित हो गया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं जिला संचालक दिनेश प्रसाद कश्यप, जो वर्ष 1973 से संघ से जुड़े हुए हैं, ने कहा कि संघ का उद्देश्य केवल संगठन खड़ा करना नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति में अनुशासन, राष्ट्रभावना और चरित्र निर्माण की चेतना जगाना है। संघ शताब्दी वर्ष समाज और देश के लिए नई ऊर्जा का संदेश लेकर आया है। वहीं, जिला कारवाह (विश्रामपुर) अमितेश्वर दयाल ने अपने वक्तव्य में कहा कि संघ ने 100 वर्षों की यात्रा में शिक्षा, सेवा, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति के क्षेत्र में निरंतर कार्य किया है। विजयादशमी का यह पर्व बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है, जिसे संघ समाजिक बंधुत्व और संगठन शक्ति के साथ जोड़कर देखता है।
इस अवसर पर संचालक पप्पू उरांव ने कहा कि आज समाज को जाति, धर्म और भाषा के आधार पर बाँटने की कोशिश की जा रही है। संघ का कार्य समाज को एक सूत्र में बाँधने का है। आने वाले समय में संघ संगठन और भी मजबूत और व्यापक स्वरूप में सामने आएगा। इस भव्य आयोजन में सैकड़ों की संख्या में स्वयंसेवकों, नगर के बुद्धिजीवियों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीण-शहरी जनता ने भाग लिया। मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया गया। इस दौरान संघ के कार्यकताओं में सुबोध सोनी, डाक्टर रामरेश यादव,संत विभू सुमन, सरयू विश्वकर्मा,मनोज गुप्ता ,जितेंद्र कुमार,पप्पू सिंह,पंकज कुमार सिंह, लप्पू सिंह,सुधीर सिन्हा ,बिट्टू कुमार ,रामानंद मिश्रा,कुंजू सिंह ,अजय गुप्ता ,सिंटू सिंह,मोनू गुप्ता, अनिल कुमार शौंडिक ,बिंदु प्रसाद,पंकज जायसवाल,पप्पू उरांव , मोनू गुप्ता सहित दर्जनों स्वयंसेवक उपस्थित रहे ।

# सदर विधायक इजहारूल हुसैन ने सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



किशनगंज सदर विधायक इजहारूल हुसैन ने मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना (अवशेष) पोठिया प्रखंड अन्तर्गत कस्बाकलियागंज पंचायत में चिचुआबाड़ी से झील बस्ती तक पथ निर्माण कार्य का विधिवत रूप से फीता काटकर किया शिलान्यास। वही विधायक इजहारूल हुसैन कहा कि जनता की सुविधा और क्षेत्रीय विकास ही हमारा संकल्प है - और इसी संकल्प को हम निरंतर कार्य रूप दे रहे हैं, सड़क निर्माण होने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी। इस मौके पर किशनगंज जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष इमाम अली चिन्टू, पोठिया प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मास्टर इनामुल हक, पंचायत के मुखिया नैमुल हक, कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष कांग्रेस पदाधिकारी, महागठबंधन के कार्यकर्ता स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित सैकड़ो लोग मौजुद थे।

# ओपन शतरंज में मुकेश और पलचीन बने चैंपियन

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में इसके लर्निंग पार्टनर चेस क्रॉप्स एकेडमी द्वारा रविवार को स्थानीय खेल भवन सह-व्यायामशाला में एक निःशुल्क ओपन शतरंज प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता के ओपन वर्ग में मुकेश कुमार तथा महिला वर्ग में पलचीन जैन ने चैंपियनशिप अपने नाम की। कार्यक्रम का उद्घाटन संघ के उपाध्यक्ष साजीदूर रहमान ने किया। उन्होंने कहा कि शतरंज केवल एक खेल नहीं, बल्कि वह कसौटी है, जिससे मानव की बुद्धिमत्ता की वास्तविक परख होती है। संघ के मानद महासचिव शंकर नारायण दत्ता तथा आयोजन सचिव एवं चेस क्रॉप्स के प्रमुख कमल कर्मकार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में अरुणाचल प्रदेश, पटना, बालूरघाट (प. बंगाल) सहित जिले के लगभग छह दर्जन पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। मुख्य निर्णायक एवं संघ के सहायक सचिव अंशुमन राज ने जानकारी दी कि पुरुष वर्ग में पटना के प्रभात कुमार उपविजेता बने। जिले के सर्वाधिक फिडे रेटेड खिलाड़ी दिव्यांशु कुमार सिंह तीसरे स्थान पर रहे, जबकि रोहन कुमार को चौथा स्थान प्राप्त हुआ। महिला वर्ग में जयश्री प्रभा उपविजेता बनीं, धान्वी कर्मकार तीसरे तथा राधिका कुमारी चौथे स्थान पर रहीं।

प्रतियोगिता में अमन कुमार गुप्ता, अथर्व राज, अल्तमश रजा, श्रीजय पाल, अंशुमन राज, अमैरा रहमान, दिव्यांशा रंजन और दृष्टि दिया प्रामाणिक के उत्कृष्ट प्रदर्शन की भी सराहना की गई। दोनों वर्गों के शीर्ष चार-चार खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण का कार्य मुख्य अतिथि साजीदूर रहमान के साथ संघ के वरीय उपाध्यक्ष दीप कुमार, उपाध्यक्ष राजेश कुमार दास, उपाध्यक्ष बासुकी नाथ गुप्ता, महासचिव शंकर नारायण दत्ता और अभिभावक रंजीत कुमार दास सहित अन्य अतिथियों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में हादिया रहमान, पिंकी भास्कर, मनोज कुमार दास, अश्विनी शर्मा, स्मिता दास, हर्षिता साहा, रौनक कुमार सहित अन्य कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# कोचाधामन विधानसभा क्षेत्र से जदयू के डॉ.मिसबाहुद्दीन बुखारी की उम्मीदवारी पर चर्चा तेज

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



बिहार के किशनगंज जिले में स्थित कोचाधामन एक सामान्य श्रेणी की विधानसभा सीट है, जो किशनगंज लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आती है. यह सीट पश्चिम बंगाल के रास्ते भारत-बांग्लादेश कॉरिडोर की सीमा से लगती है. 2008 में परिसीमन के बाद इस सीट का गठन हुआ और यह तब से मुस्लिम बहुल सीट के रूप में उभरी है. यह सीट कोचाधामन प्रखंड और किशनगंज ब्लॉक के बेलवा, गाछपारा, चकला, महीनगांव, दौला और पिछला ग्राम पंचायतों को सम्मिलित करती है. सभी प्रमुख दल आमतौर पर मुस्लिम उम्मीदवार ही उतारते हैं और सीट बनने के बाद से अब तक केवल मुस्लिम नेता ही विजयी हुए हैं. 2014 के उपचुनाव में जदयू के मुजाहिद आलम विजयी रहे और उन्होंने 2015 में भी सीट बरकरार रखी. 2020 में AIMIM के मुहम्मद इजहार अस्फी ने मुजाहिद आलम को 36,143 मतों से हराया. जून 2022 में, अस्फी और AIMIM के तीन अन्य विधायक RJD में शामिल हो गए. कोचाधामन में लोकसभा चुनावों में भी समान रुझान देखने को मिला है. 2019 और 2024 में, इस क्षेत्र में AIMIM के अख्तरुल इमान को बढ़त मिली. हालांकि वे पूरे लोकसभा क्षेत्र में तीसरे स्थान पर रहे, लेकिन कोचाधामन में 2024 में उन्हें 14,786 मतों की बढ़त मिली, जो उनके स्थानीय प्रभाव को दर्शाती है. 2025 के विधानसभा चुनाव में RJD के लिए यह सीट जीतना चुनौतीपूर्ण हो सकता है,

AIMIM की बची-खुची ताकत, दल-बदल को लेकर मतदाताओं की आशंका और लगातार उच्च मतदान एक बहुकोणीय मुकाबले की ओर संकेत करते हैं, जहां गठजोड़ की बजाय प्रत्याशी की विश्वसनीयता ज्यादा अहम हो सकती है. वहीं इस सीट पर जदयू से बिल्कुल नए चेहरे को टिकट दिए जाने की सियासी चर्चा गर्म है.चर्चा है कि कोचाधामन विधानसभा सीट पर डॉ.मिसबाहुद्दीन बुखारी उम्मीदवारी तय मानी जा रही है. क्योंकि वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी भी हैं. डॉ मिसबाहुद्दीन बुखारी का सामाजिक एवं राजनीतिक परिचय में वह वर्ष 2005 से जनता दल यूनाईटेड के सक्रिय सदस्य रहे. जिला अध्यक्ष, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ, किशनगंज जदयू अध्यक्ष, ऑल बिहार शेरशावादी एसोसिएशन अध्यक्ष, रेडिएंट मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पश्चिम पाली चौक, रेडिएंट इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज अध्यक्ष एवं रेडिएंट इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एण्ड पैरा मेडिकल साइंसेज, फातमा नगर, सालकी टेंगमारी, किशनगंज में इत्यादि सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यों में अपनी पहचान बना चुके है.

# आभूषण दुकान में हुई चोरी मामले में एक अभियुक्त गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नवीनगर प्रखंड के माली थाना क्षेत्र के बैरिया बाजार स्थित निशा ज्वेलर्स तथा माँ लक्ष्मी ज्वेलर्स दुकान में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान उतर प्रदेश के बदायूं जिला के कावर चौक थाना क्षेत्र के धनुपुरा गांव निवासी सागर सिंह के रूप में की गई है। मामले में माली थानाध्यक्ष दिपक कुमार राय ने बताया कि 5 अगस्त को माली थाना क्षेत्र के बैरिया बाजार स्थित दो ज्वेलरी दुकान में ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसमे लाखो रुपये के सोने चांदी ज्वेलरी चोरी होने की दुकानदार द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु टीम का गठन किया गया था। टीम द्वारा घटना स्थल एवं आसपास के सीसीटीवी फुटेज एवं तकनिकी साक्ष्य एकत्र किये गये। वहीं पुलिस टीम द्वारा ग्स्ती के क्रम मे रात्रि में रेकी करते एक आरोपी को माली थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। आरोपी द्वारा पुलिस टीम की पूछताछ में चोरी की घटना किये जाने को स्वीकार किया गया। आवश्यक पूछ ताछ के बाद गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# 490 बोतल देसी टनाका शराब बरामद बाइक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**


कुटुंबा (बिहार)औरंगाबाद जिले के कुटुंबा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक शराब तस्कर को एक बाइक सहित 490 बोतल देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान




औरंगाबाद जिले के अंबा थाना क्षेत्र के अंबा गांव निवासी विकास कुमार श्रीवास्तव उम्र करीब 25 वर्ष पिता सुरेश लाल है।थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पोखराही गांव जाने वाली रास्ते पर कार्रवाई करते हुए विकास कुमार श्रीवास्तव को गिरफ्तार किया है उसके पास से झारखण्ड निर्मित 300 एमएल के 490 बोतल देसी टनाका शराब बरामद किया गया है साथ ही एक लूना बाइक जप्त किया गया। उन्होंने बताया कि शराब और बाइक को जप्त कर थाना लाया गया है और मामले में प्राथमिकी दर्ज कर अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# दहेज हत्या कांड के फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगाया न्याय की गुहार

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**





नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के माली थाना क्षेत्र के चैनपुर गांव निवासी राजू सिंह ने अपनी पुत्री ज्योति कुमारी की हत्या के मामले में न्याय की गुहार लगाई है। ज्योति की हत्या 24 अगस्त 2025 को रात्रि में उसके वर्तमान ससुराल औरंगाबाद वार्ड 4 गायत्री नगर स्थित आवास में कर दी गई थी।मामले में ज्योति के मायके पक्ष द्वारा औरंगाबाद नगर थाना कांड संख्या 519/25 के तहत नबीनगर प्रखंड के माली थाना क्षेत्र के बगाही गांव निवासी ज्योति के पति चंदन सिंह उर्फ रविरंजन सिंह, ससुर विनोद सिंह, सास सतवंती देवी और देवर कुंदन सिंह पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराया गया था।मृतका के पिता राजू सिंह ने बताया कि मामले में सिर्फ एक आरोपी ज्योति के पति रविरंजन सिंह ने आत्मसमर्पण किया है।शेष सभी आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और उनके द्वारा धमकी दिया जा रहा है जिससे परिवार में भय का माहौल बना हुआ है।राजू सिंह ने बताया कि दो बार डीएसपी महोदय को आवेदन दिया है, लेकिन अभी तक कोई ठोस परिणाम नहीं निकला है।राजू सिंह ने सभी आरोपितों को गिरफ्तारी की मांग करते हुए मीडिया के माध्यम से मुख्यमंत्री, बिहार सरकार, पुलिस महानिदेशक (DGP) बिहार और अन्य उच्च पदस्थ अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। राजू सिंह ने कहा है कि न्याय मिलने तक उनकी लड़ाई जारी रहेगी।

## दुर्गा पूजा के अवसर पर देवी जागरण का भव्य आयोजन

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के एनटीपीसी के समीप सुरार गांव में दुर्गा पूजा के अवसर पर महासप्तमी को देवी जागरण का भव्य आयोजन किया गया है। पूजा समिति के बैठक में जानकारी देते हुए बताया गया कि 29 सितंबर महासप्तमी को शाम 7 बजे माता का पट्ट आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जाएगा वहीं रात्रि 9 बजे से देवी जागरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा कार्यक्रम मे भोजपुरी गायिका तान्या मउवार,मनोज मंजुल,सोनाली सुहानी,और शशि सुहानी जैसे कलाकार अपनी जलवा बिखेरेंगे।पूजा समिति के सचिव धनंजय कुमार सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में जन प्रतिनिधि और पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है । इधर नबीनगर के जनकपुर पोखरा में 30 सितंबर को देवी जागरण का भव्य आयोजन किया गया है।जानकारी देते हुए पूजा समिति के लोगो ने बताया कि झारखंड के जौली छाबड़ा जागरण ग्रुप धनबाद का भव्य आयोजन पूजा समिति के सौजन्य से रात्रि 9 बजे से आयोजित किया जाना है।

# पारिवारिक कलह से तंग आकर युवक ने लगाई फांसी

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार)नवीनगर प्रखंड के माली थाना क्षेत्र के सिमरी धमनी गांव से एक सनसनी खेज मामला प्रकाश मे आया है जहां एक युवक ने कमरे मे फंदा लगाकर मौत को गले लगा लिया' वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया।ग्रामीणों के अनुसार पति और पत्नी में कुछ दिन पहले किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। जिसके बाद युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक पुष्पेंद्र सिंह उत्तर प्रदेश राज्य के झांसी जिला अंतर्गत मोठ थाना क्षेत्र के चेलरा गांव का निवासी था। वह पिछले एक वर्ष से नवीनगर प्रखंड के विभिन्न इलाकों में गोलगप्पा बेचकर अपना जीवन यापन कर रहा था। तीन महीने पूर्व वह माली थाना क्षेत्र के सिमरी धमनी गांव में एक किराए के कमरे में रहने लगा था। स्थानीय लोगों ने बताया कि पुष्पेंद्र के साथ उसकी पत्नी और साला भी रहते थे। उनके बीच अक्सर छोटी-छोटी बातों को लेकर विवाद होते रहते थे। घटना से तीन दिन पूर्व उसकी पत्नी और साला अपने घर झांसी चले गए थे। शुक्रवार की देर शाम पुष्पेंद्र गोलगप्पा बेचकर अपने कमरे में आया और बाद में किसी कारणवश पारिवारिक विवाद या मानसिक दबाव के चलते उन्होंने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मकान मालिक जब सुबह दरवाजा नहीं खुलता देखे, तो उन्होंने आसपास के लोगों को बुलाया और माली थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही माली थानाध्यक्ष दीपक कुमार राय दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर देखा कि पुष्पेंद्र का शव फंदे से लटकता हुआ है। जिसके बाद शव को फंदे से उतारा गया।मामले में माली थानाध्यक्ष दिपक कुमार राय ने बताया कि घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि मामला पारिवारिक कलह से जुड़ा हुआ है। साक्ष्य संकलन के लिए एफएसएल टीम को भी घटनास्थल पर बुलाया गया।पुलिस घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# पटना जिले के पालीगंज में दीपांकर भट्टाचार्य ने किया रिपोर्ट कार्य का लोकार्पण

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के पालीगंज में भगत सिंह अम्बेडकर पुस्तकालय परिसर में माले की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने पालीगंज विधानसभा के माले विधायक डॉ. संदीप सौरभ के द्वारा पांच वर्षों में किये गए विकास रिपोर्ट कार्ड का लोकार्पण किया। जानकारी के अनुसार पटना जिले के पालीगंज स्थित भगत सिंह अम्बेडकर पुस्तकालय परिसर में माले की ओर से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके दौरान पालीगंज के माले विधायक संदीप सौरभ ने अपने पांच वर्षों के दौरान क्षेत्र में किये गए विकास कार्यो से सम्बंधित एक रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया। जिसका लोकार्पण भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता का. अनवर हुसैन ने किया। वही कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुखिया संघ पालीगंज के प्रखण्ड अध्यक्ष आनन्द कुमार ने बताया कि नीतीश सरकार के पास गरीबो को आवास के लिए देने के लिए जमीन है लेकिन अडानी को भागलपुर के पीरपैंती में मात्र एक रुपये में 1050 एकड़ देने के लिए जमीन है। वही उन्होंने कहा कि पालीगंज विधायक संदीप सौरभ ने अपने पांच वर्षों के दौरान किये गए विकास कार्यो सम्बंधित रिपोर्ट कार्ड जारी कर पालीगंज में एक इतिहास रच दिया है। आजतक किसी विधायक ने इस तरह का विकास रिपोर्ट कार्ड जनता के बीच सार्वजनिक नही किया था। जबकि पूर्व मुखिया सह पूर्व जिला पार्षद अरबिंद कुशवाहा ने कहा कि मैं आज राजद से जुड़कर कार्य कर रहा हूँ लेकिन पूर्व में माले की अच्छी नीति से प्रभावित होकर तीन दिनों के लिए माले की सदस्यता लिया था। वही उन्होंने जनता से आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान महागठबंधन के पक्ष में मतदान करने की अपील किया है। वही विधायक डॉ. संदीप सौरभ ने कहा कि हमने क्षेत्र की जनता से जो वादा किया था उसे निभाने के कार्य किया है। कुछ कार्य ऐसे बाकी रह गए है जो सरकार के उदासीनता के कारण नही हो पाया जैसे सरकारी दफ्तरों में भ्ष्टाचार समाप्त नही कर पाया। यह तभी सम्भव होगी जब हमारी पार्टी की सरकार बनेगी। वही उन्होंने जनता से अपील किया कि इस बार महागठबंधन के उम्मीदवारों को भारी मतों से विजयी बनाकर सरकार बनाये ताकि भरष्ट्राचार मिटाया जा सके। वही भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने बाबा साहब के कथनों को दुहराते हुए कहा कि शिक्षित बनो, संगठित हो और मजबूत बनो ताकि गलत का विरोध कर सको। उन्होंने कहा कि मैं वर्ष 2020 की चुनाव में कहा था कि मेरे पार्टी के जीते विधायको द्वारा पांच वर्षों में किये गए विकास कार्यो का रिपोर्ट कार्ड अगले चुनाव के पूर्व जारी की जाएगी और आज पालीगंज विधायक ने ऐसा कर दिखलाया है। वही उन्होंने कहा कि भाकपा माले हमेशा गरीबो की हक की लड़ाई लड़ते आ रही है और लड़ेगी। उन्होंने बताया कि जिस संविधान का विरोध आरएसएस के लोगो ने पूर्व में किया था आज वह संविधान उन्ही के हाथों में है और उसका नाजायज फायदा उनके द्वारा उठाई जा रही है। कभी आरक्षण छीनी जा रही है तो कभी गरीबो की रोजी रोटी। यह एनडीए की सरकार जनता को पूंजीपतियों के गुलाम बना देना चाहती है। लेकिन भाकपा माले उनकी मंसूबो पर पानी फेर देगी। मौका अच्छा है इसवार भाकपा व महागठबंधन के उम्मीदवारों को भारी मतों से जीत दिलाएं ताकि स्पष्ट बहुमत की सरकार बन सके। मौके पर माले नेता राजेश कुमार, आशा देवी, मंगल प्रसाद, अमरसेन, सुरेन्द्र प्रसाद, उपेन्द्र सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# दुगार्पूजा को लेकर पटना पुलिस ने पालीगंज व खिरिमोड मे किया फ्लैग मार्च

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ दुगार्पूजा को लेकर जिले के पालीगंज व खिरिमोड थाना क्षेत्र में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। इस दौरान पदाधिकारियों ने पूजा पंडालों का जायजा लिया। जानकारी के अनुसार पूरे क्षेत्र में चारो ओर दुर्गा पूजा की धूम मची हुई है। जिसको लेकर बिभिन्न थाने की पुलिस एलर्ट मूड में है। वही पूजा को शांतिपूर्ण सफल आयोजन कराने को लेकर रविवार को पालीगंज पुलिस एसडीपीओ 1 राजीव चन्द्र सिंह के नेतृत्व में पूरे बाजार में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान दर्जनों पुलिसकर्मियों ने बाजार के सभी सड़को से होकर गुजरा। साथ ही पदाधिकारियों ने पूजा पंडालों की निरीक्षण भी किया। मौके पर मौजूद पालीगंज अनुमंडल पदाधिकारी गरिमा लोहिया ने पूजा पंडालों का जायजा ली। वही पूजा आयोजको को साफ सफाई व शुरक्षा सम्बंधित आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। वही देर शाम को खिरिमोड थाने की पुलिस ने थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला। जो थाना क्षेत्र के खिरिमोड व बनौली सहित अन्य कई गांवों का भर्मण किया। साथ ही पूजा पंडालों का निरीक्षण भी किया। मौके पर उन्होंने पूजा आयोजको को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। वही पुलिस ने लोगो से अपील किया है कि यह खुशी का माहौल है। इसे शांति पूर्वक अच्छे माहौल में मनाएं।

यदि शांति व्यवस्था भंग होने की संभावना महसूस हो तो शीघ्र ही पुलिस को सूचित करें ताकि स्थिति को नियंत्रित किया जा सके।

# पटना में दिन दहाड़े मजदूर की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के मनेर थाना क्षेत्र के सिंघाड़ा पंचायत अंतर्गत सिंघाड़ा गांव में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थिति में बरामद हुआ है। मृतक की पहचान गांव के ही निवासी राजेन्द्र महतो, पिता बिंटेश्वर महतो के रूप में की गई है। राजेन्द्र महतो मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। स्थानीय लोगों के अनुसार वह रोजाना की तरह सुबह काम पर गया था, लेकिन दोपहर बाद उसका शव गांव के ही एक सुनसान इलाके में खून से लथपथ मिला। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मृतक के सिर पर धारदार हथियार से वार किया गया है, जिससे अधिक खून बहने के कारण उसकी मौत हो गई। प्रथम दृष्टया पुलिस इसे छिनतई और लूटपाट के दौरान हत्या का मामला मान रही है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने की पुष्टि नहीं की है और मामले की गहन जांच की जा रही है।घटना की सूचना मिलते ही मनेर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम



के लिए भेज दिया। साथ ही सिटी एसपी और डीएसपी भी घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह हत्या बेहद नृशंस तरीके से की गई है। अपराधियों ने मृतक के सिर पर कई बार हमला किया है। इससे स्पष्ट होता है कि अपराधियों का इरादा केवल लूट नहीं बल्कि हत्या भी था। स्थानीय ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पुलिस के तमाम दावों के बावजूद मनेर क्षेत्र में अपराध लगातार बढ़ते जा रहे हैं। आए दिन गोलीबारी, हत्या और लूट की घटनाएं हो रही हैं। लेकिन अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे दिनदहाड़े भी वारदातों को अंजाम देने से पीछे नहीं हटते। ग्रामीणों का कहना है कि इलाके में पुलिस गश्ती की कमी है और यही कारण है कि अपराधी खुलेआम तांडव मचा रहे हैं। फिलहाल पुलिस ने मृतक के परिजनों का बयान दर्ज कर लिया है और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही अपराधियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस घटना के बाद मृतक के परिवार में मातम का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और वे न्याय की गुहार लगा रहे हैं।

# पटना में सड़क हादसे के दौरान मां बेटी घायल

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के कंकड़बाग थाना क्षेत्र के अशोक नगर स्थित केनरा बैंक के पास रविवार को एक बेकाबू वैगन आर कार ने स्कूटी सवार मां-बेटी को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। घायल महिला को मेदांता अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस के अनुसार, घायलों की पहचान कंचन देवी और उनकी 18 वर्षीय बेटी लाडली के रूप में हुई है जो फ्टर कॉलोनी, कंकड़बाग की निवासी हैं। दोनों स्कूटी से जा रही थीं, तभी एक तेज रफ्तार वैगन आर ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना के बाद कार महिला के ऊपर चढ़ गई और वह कार के नीचे फंसी रही, जिसे लोगों ने काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। गुस्साए लोगों ने कार को पलट दिया। आरोपी चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गया, जबकि कार को पुलिस ने जब्त कर लिया है।

सुरक्षा कारणों से कार को कंकड़बाग थाना परिसर में खड़ा किया गया है। पुलिस ने बताया कि फिलहाल महिला के आवेदन का इंतजार है, जिसके आधार पर जीरो माइल थाना में केस दर्ज की जाएगी।

# पटना के पालीगंज में एक ही परिवार के आधा दर्जन की तवियत बिगड़ी

## पुआल पर जमे मशरूम की शब्जी खाने से हुई घटना

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज थाना क्षेत्र के कालोपुर गांव में पुआल पर जमे मशरूम की शब्जी खाने से एक ही परिवार के आधा दर्जन से अधिक लोगो की तवियत खराब हो गयी। उन सभी को पालीगंज पीएचसी में इलाज चल रही है।

जानकारी के अनुसार पटना जिले के पालीगंज थाना अंतर्गत कालोपुर गांव में धन के पुआल पर मशरूम जम आया था। जिसे उखाड़कर गांव के ही राजीव रंजन के घर के सदस्यों ने घर लाया। जहां उसकी शब्जिया



बनाया व घर के सभी परिवारवालों ने खा लिया। उसके कुछ ही देर बाद घर से सदस्यों को उल्टी व पेटदर्द होने लगी। वही सभी को इलाज के लिए पालीगंज स्थित पीएचसी लाया गया। जहां सब की इलाज चल रही है। मामले की जानकारी पीएचसी के चिकित्सा प्रभारी पदाधिकारी बिपिन कुमार ने देते हुए बतलाया कि मरीजों की पहचान पालीगंज थाना क्षेत्र के कालोपुर गांव निवासी 13 वर्षीय राधिका कुमारी, 15 वर्षीय राधा कुमारी, 30 वर्षीय कृष्णा रंजन, 12 वर्षीय आदित्य नारायण व 10 वर्षीय कर्ण रंजन के रूप में हुई है।

वही घर के कई बीमार सदस्यों को भी पीएचसी में इलाज के लिए भर्ती कराने की सलाह डॉ. बिपिन कुमार की ओर से दी गयी।

# ढिगावा मंडी से हाथों में ध्वजा और मां के जयकारों के साथ सैकड़ो श्रद्धालुक पैदल पहुंचे पहाड़ी धाम

**दैनिक समाज जागरण,**
**( महेन्द्र जावला बहल )**



बहल, 28 सितंबर। छठे नवरात्र के दौरान ढिगावा मंडी बाजार से दक्ष इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर वीरेंद्र मान के नेतृत्व में सैकड़ो माता के श्रद्धालु हाथों में ध्वजा, नारियल, मां की चुनरी और जयकारों और फूलों की बरसात के साथ बाबा श्याम मंदिर ढिगावा जाटान से पहाड़ी माता मंदिर पहाड़ी तक निशान पदयात्रा निकाली गई। यात्रा 6:15 बजे ढिगावा से पैदल चलते हुए करीब 8:15 बजे पहाड़ी माता मंदिर पहुंची। करीब 15 किलोमीटर की दूरी तक पदयात्रा को मंदिर तक पहुंचने में दो घंटे का समय लगा। यात्रा का जगह-जगह लोगों की ओर से पुष्पों से स्वागत किया गया। वीरेंद्र मान ने बताया कि पहाड़ी माता की निशान यात्रा में बच्चो, जवान, बुढो और महिलाओं में जबरदस्त जोश देखने को मिला। महिला भगत मोनिका तो नंगे पैरों से पैदल माता के दरबार पहुंची। सुनील मान श्योराण ने बताया कि मंदिर में पुजारी व अन्य के सहयोग से निशान लेकर पहुंचे युवा, महिलाएं, बच्चे कतारबद्ध होकर सीढ़ियां चढ़ते हुए मंदिर तक पहुंचे और एक-एक कर निशान मैय्या को अर्पित किए। माता की माता के भक्ति और शक्ति ने किसी को थमने नहीं दिया।

# मां भगवती कात्यायनी का षोडशोपचार व महामंत्र के साथ पूजन

**: नवरात्रे देवी पूजन का पर्व ही नहीं, बल्कि नारी शक्ति के सम्मान का संदेश भी देता है: श्री महंत डॉक्टर अशोकगिरि**

**दैनिक समाज जागरण,**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी। नवरात्रि के षष्ठी दिवस पर मां भगवती कात्यायनी का पूजन-अर्चन श्रद्धा व उल्लास के साथ किया गया। हलवास गेट स्थित सिद्ध पीठ बाबा जहर गिरी आश्रम में विशेष अनुष्ठान आयोजित हुआ। इस अवसर पर पीठाधीश्वर परम श्रद्धेय श्री महंत डॉ. अशोक गिरी महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मंगलाचरण कर मां कात्यायनी का षोडशोपचार पूजन संपन्न करवाया। महंत डॉ. अशोक गिरी महाराज ने अपने आशीर्वचन में बताया कि ऋषि कात्यायन की पुत्री ही कात्यायनी थीं,



जिन्हें नवदुर्गा में षष्ठी तिथि पर पूजा जाता है। परंपरागत रूप से मां कात्यायनी का संबंध लाल रंग से माना गया है। योग साधना में इस दिन साधक का मन आज्ञा चक्र में स्थित होता है और पूर्ण आत्मसमर्पण से मां के चरणों में निवेदित हो जाता है। उन्होंने कहा कि मां कात्यायनी की पूजा प्रातःकालीन स्नानादि के बाद षोडशोपचार विधि से करनी चाहिए। मधु का भोग लगाना अनिवार्य है और लाल पुष्प अर्पित कर भगवती का जाप करना अत्यंत फलदायी माना गया है। श्री महंत जी ने आगे कहा कि स्कंदपुराण के अनुसार कात्यायन ऋषि याज्ञवल्क्य के पुत्र थे और उन्होंने श्रौतसूत्र व गृह्यसूत्र जैसे ग्रंथों की रचना की थी। मां कात्यायनी की आराधना से साधक को सहज रूप से देवी के दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त होता है।पूरे आश्रम में मां कात्यायनी के महामंत्र कात्यायनि महामाये महायोगिन्यधीश्वरि की गूंज रही और वातावरण भक्तिमय हो उठा। नवरात्रि के इस पावन पर्व पर श्रद्धालुओं ने मां के चरणों में आत्मसमर्पण कर सुख-समृद्धि व मंगल की कामना की। श्री महंत डॉक्टर अशोक गिरी महाराज ने कहा कि छठे नवरात्रे पर मां कात्यायनी की आराधना से साधक को साहस, ज्ञान और विजय का आशीर्वाद मिलता है। मां कात्यायनी आज्ञा चक्र में स्थित साधना की अधिष्ठात्री हैं, जो आत्मबल और आत्मविश्वास प्रदान करती हैं। नवरात्रि केवल देवी पूजन का पर्व नहीं, बल्कि नारी शक्ति के सम्मान का संदेश भी देता है। नारी ही सृष्टि की आधारशिला है, जो परिवार, समाज और राष्ट्र को ऊर्जा व प्रेरणा देती है। इस पावन अवसर पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम मातृशक्ति का आदर करें, बेटियों को समान अधिकार दें और नारी सामर्थ्य को पहचानते हुए उनके योगदान को सच्चा सम्मान दें।

इस धार्मिक अवसर पर बाबा कैलाश गिरी, बाबा दशरथ गिरी, कामाख्या गिरी, पंडित कार्तिक शास्त्री, पंडित दीपक पाठक, उदय शर्मा, नवीन पंडित, जयदेव कौशल, पंडित देवेंद्र शर्मा, पंडित रामनिहर, आचार्य बसंत शास्त्री, लेहसु नाई सहित अनेक संत-महात्मा, गणमान्य व्यक्ति व श्रद्धालु मौजूद रहे। वहीं स्थानीय भक्तों ने माता के जयकारों के बीच विशेष पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# भोली भाली जनता को इलाज के नाम पर बहकाकर धर्म परिवर्तन कराने वाला गिरफ्तार

**एसीपी रजनीश वर्मा के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी अनुज तिवारी की टीम को मिली बड़ी सफलता!**

**समाज जागरण**

लखनऊ, निगोहां पुलिस ने धर्म परिवर्तन कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए इसके सरगना को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा के कुशल मार्गदर्शन व थाना प्रभारी अनुज तिवारी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने की।गिरफ्तार आरोपी की पहचान 43 वर्षीय मलखान पुत्र स्व. कालिदास निवासी बख्तौरीखेड़ा , थाना निगोहां के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से दो किताब बाइबिल के सिद्धांत और प्रचार-प्रसार की सामग्री बरामद की है।निगोहां पुलिस के अनुसार मलखान अपने खेत पर हाल की तरह का मकान बनाकर वहां प्रार्थना सभा करता था। हर रविवार व गुरुवार को वह गरीब व अशिक्षित अनुसूचित जाति की महिलाओं व बच्चों को बीमारी ठीक करने और चमत्कार का हवाला देकर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित करता था। ईसाई दीक्षा देकर धर्मांतरण कराता था।पुलिस की कड़ाई से पूछताछ में मलखान ने स्वीकार किया कि उसने हिन्दू धर्म छोड़कर ईसाई धर्म अपना लिया है। उसने अपने बच्चों व रिश्तेदारों के नाम भी बदल दिए हैं। आरोपी ह्यीशु चंगाई सभा नाम से व्हाट्सएप ग्रुप भी चलाता था, जिसमें अनुसूचित जाति के लोगों को जोड़कर धर्मांतरण कराया जाता था।निगोहां पुलिस की इस सफलता पर पुलिस उपायुक्त दक्षिणी ने निगोहां पुलिस टीम को 25 हजार रुपये नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी के वित्तीय स्त्रोतों और धर्म परिवर्तन से जुड़े अन्य पहलुओं की गहन जांच की जा है।ग्रामीणों ने कहा कि इस कार्रवाई से क्षेत्र में फैली गलत गतिविधियों पर लगाम लगी है और लोगों ने पुलिस टीम की कार्यवाही की सराहना की है।

# बूथ पर सुनी मोदी के मन की बात और बाजार में जीएसटी बचत उत्सव अभियान में व्यापारियों एवं उपभोक्ताओं किया संपर्क,दुकानों पर लगाए स्टीकर।

**विवेक कुमार संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण**

भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री एवं पूर्व राज्य मंत्री वीरेन्द्र तिवारी ने आज दिनांक 28/9/25 को राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज क्षेत्र के सिसेंडी गांव में बूथ पर सुनी मोदी के मन की बात और बाजार में जीएसटी बचत उत्सव अभियान में व्यापारियों एवं उपभोक्ताओं किया संपर्क,दुकानों पर लगाए स्टीकर ।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को लखनऊ जिले में मोहनलालगंज क्षेत्र के सिसेंडी शक्ति केन्द्र के बूथ नं०-249 में मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री व पूर्व राज्य मंत्री वीरेंद्र तिवारी ने सबके साथ सुना कार्यक्रम समापन के बाद वीरेंद्र तिवारी ने भाजपा कार्यकताओं से प्रधानमंत्री मोदी की अपील पर दीपावली और सभी त्योहारों में तथा दैनिक जीवन के उपयोग में स्वदेशी अपनाने तथा स्वदेशी उत्पाद ही खरीदने,स्वच्छता का वातावरण बनाने के साथ ही 2 अक्टूबर को गांधी जयंती पर खादी को प्रोत्साहन देकर खादी का कोई भी सामान खरीदने का आवाहन किया।भाजपा पूर्व प्रदेश मंत्री श्री तिवारी ने मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा आत्मनिर्भर ,स्वा वलंबी, समृद्ध विकसित भारत बनाने,स्वदेशी उत्पादन,स्वदेशी उपयोग करने सहित सभी उठाए गए मुद्दों पर कार्यक्रम के बाद कार्यकताओं के सामने विस्तृत चर्चा की।



पूर्व राज्य मंत्री वीरेन्द्र तिवारी ने मन की बात कार्यक्रम के बाद सिसेंडी बाजार में जीएसटी बचत उत्सव अभियान के अंतर्गत फार्मा और मर्चेंट के व्यापारियों एवं ग्राहकों से NextGenGST के संदर्भ में पद यात्रा संपर्क करते हुए दुकानों में स्टीकर लगाकर घटी जीएसटी मिला उपहार-धन्यवाद मोदी सरकार के नारे के साथ व्यापारियों एवं उपभोक्ताओं द्वारा जीएसटी दर कम करके विक्रेता और क्रेता सभी को राहत एवं लाभ देने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया गया। उन्होंने कहा कि जीएसटी की दरों के संशोधन से व्यापारी एवं उपभोक्ता दोनों उत्साहित हैं,यह ऐतिहासिक सुधार न केवल व्यापार जगत को नई ऊर्जा प्रदान कर रहे हैं बल्कि आम जन को इसका सीधा लाभ मिल रहा है इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री प्रदीप द्विवेदी गुड्डू, जिला पंचायत सदस्य नागेश्वर द्विवेदी, पूर्व जिला कार्यसमिति सदस्य दिलीप मिश्रा, कोटेदार संघ के जिला अध्यक्ष महेश शुक्ला,व्यापार मंडल उपाध्यक्ष एवं भाजपा मंडल महामंत्री अंजनी शुक्ला, ग्राम प्रधान सिसेंडी राकेश जायसवाल,मोहम्मद एकलाख ग्राम प्रधान मीरानपुर,सूर्यकुमार द्विवेदी ग्राम प्रधान मस्तीपुर,वीरेन्द्र शुक्लासोनू, बूथ अध्यक्ष दिलीप सिंह,राजकुमार शुक्लाकल्लू महाराज, राजू शुक्ला ,हरिशंकर पाल,दीपू अवस्थी,अनुभव शुक्ला सहित बूथ के भाजपा पदाधिकारी एवं नागरिक उपस्थित थे।

# 3100 कन्याओं का कन्या पूजन विधि विधान के साथ कराया गया साथ ही विशाल भंडारे एवं महाप्रसाद का आयोजन किया गया।

**विवेक कुमार संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण**



लखनऊ। रविवार के दिन मोहनलालगंज क्षेत्र में बिंदौवा स्थित प्रकृति भारती में प्रकृति भारती परिवार द्वारा विक्रम संवत 2082 आश्विन शुक्ल पक्ष षष्ठी पर नवरात्र के शुभ दिनों में 3100 कन्याओं का कन्या पूजन कर कन्याओं का आशीर्वाद प्राप्त किया गया। प्रकृति भारती में कन्या पूजन में पधारे श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर अंतर्राष्ट्रीय सप्त ऋषि अखाड़ा परिषद पीठाधीश्वर रुद्राक्ष तपोवन आश्रम श्री दीपकेश्वरानंद जी महाराज ने बताया कि यह एक अद्भुत समागम था जहां पर 3100 कन्याओं का कन्या पूजन विधि विधान के साथ कराया गया साथ ही विशाल भंडारे एवं महाप्रसाद का आयोजन किया गया। इसके साथ ही गौ सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ गौ माता का आशीर्वाद भी प्राप्त हुआ। इस दौरान कन्याओं के पूजन कार्यक्रम में सैकड़ो लोगों ने हवन पूजन किया एवं पूरे विश्व कल्याण के लिए प्रार्थना की एवं संपूर्ण क्षेत्र माता रानी के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान कार्यक्रम में आयोजक प्रकृति भारती आरोग्य क्लीनिक के सभी चिकित्सक गण एवं प्रचारक श्री मनोज जी, डॉ भीम सिंह नेगी, पूर्व संयुक्त मंत्री एडवोकेट सुशील कुमार रावत, डॉ0 पी.के गुप्ता, डॉ0 एस. सागर, डॉ विजय त्रिपाठी, डॉ0 विजय दुबे, डॉ0 सी.पी गौड, डॉ कैलाश सिंह, डॉ आंचल केसरी, डॉ प्रमोद शुक्ला क्षेत्र के सम्मानित श्री एस सी मिश्रा, अंकुर अवस्थी, विष्णु गोपाल बाजपेई, गिरीश द्विवेदी, वीरेंद्र अखिलेश द्विवेदी, पत्रकार विवेक कुमार,प्रधान प्रत्याशी फूल कुमार राम जी राजपूत पत्रकार प्रदीप रावत एवं लखनऊ के तमाम गणमान्य प्रबुद्ध जन विशेष रूप से सम्मिलित रहे।

# पीजीआई व्यापार मंडल द्वारा आयोजित 18 वां विशाल भगवती जागरण भक्ति रस भजनों और मनमोहक झांकियों से सराबोर रहा।

**विवेक कुमार संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण**

लखनऊ ,पीजीआई क्षेत्र के वृंदावन गेट पर रविवार रात श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। पीजीआई व्यापार मंडल द्वारा आयोजित 18वां विशाल भगवती जागरण भक्ति रस, भजनों और मनमोहक झांकियों से सराबोर रहा। जागरण में मुंबई, दिल्ली और प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए कलाकारों ने ऐसी प्रस्तुतियां दीं कि देर रात तक श्रद्धालु झूमते और भक्ति रस में डूबते नजर आए।कार्यक्रम का शुभारंभ मुंबई से आए बॉलीवुड गायक विपिन सचदेवा ने अपने प्रसिद्ध भजन दुर्गा है मेरी मां... से किया। उनकी दमदार प्रस्तुति ने जैसे ही पंडाल में गूंज भरी, हजारों श्रद्धालुओं की तालियों और जयकारों से माहौल गूंज उठा। इसके बाद उन्होंने एक से बढ़कर एक भजन और गीतों से सभी को बांधे रखा। वहीं सुर संग्राम की विजेता अनामिका त्रिपाठी ने अपनी मधुर आवाज से भक्ति का ऐसा रंग जमाया कि श्रद्धालु देर तक झूमते रहे। लोकगायक दीपक त्रिपाठी और जूनियर शब्बीर कुमार की स्वर लहरियों ने भी भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया।भक्ति संगीत के साथ-साथ दिल्ली से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत शिवझपार्वती विवाह, भस्म आरती और महिषासुर मर्दन जैसी झांकियों ने पूरे कार्यक्रम को और भव्य बना दिया। इन झांकियों के मंचन ने





श्रद्धालुओं को आध्यात्मिकता और भक्ति भाव से ओतप्रोत कर दिया।कार्यक्रम का संचालन बेहद गरिमामय तरीके से किया गया। इस अवसर पर आयोजक कुंवर रंजीत बक्श सिंह और दुर्गेश सिंह दीपू ने मंच पर उपस्थित सभी कलाकारों और अतिथियों का स्वागत किया तथा उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। विशेष अतिथि के रूप में पूर्व राज्यमंत्री स्वाती सिंह मौजूद रहीं, जिन्होंने आयोजकों और कलाकारों के प्रयासों की सराहना की।जागरण में समिति के सदस्य दिलीप मिश्रा, आदित्य सिंह, सत्येंद्र मिश्रा उर्फ डब्बू, संजीव मिश्रा, अप्पू पांडे, पुष्पराज, मुरारी सिंह,समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग सक्रिय रहे। श्रद्धालु कार्यक्रम की प्रस्तुतियों को अपने मोबाइल में कैद करने में व्यस्त दिखाई दिए। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी रखी गई थी। पीएसी के जवानों के साथ इंस्पेक्टर पीजीआई धीरेंद्र कुमार सिंह स्वयं टीम के साथ मौजूद रहे और पूरे आयोजन को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से सम्पन्न कराया।इस प्रकार, 18वां भगवती जागरण न केवल भक्ति रस में डुबो गया बल्कि श्रद्धालुओं के लिए यह एक अविस्मरणीय आध्यात्मिक और सांस्कृतिक अनुभव बन गया।

# ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला की अध्यक्षता में हुई बैठक

**विवेक कुमार संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण**

लखनऊ। रविवार के दिन विकास खंड मोहनलालगंज के अटल बिहारी बाजपेई सभागार में ब्लॉक प्रमुख मोहनलालगंज ओम प्रकाश शुक्ला के नेतृत्व में Next-Gen Gst Reformsके समर्थन एवं प्रधानमंत्री व वित्त मंत्री के आभार संबंधी प्रस्ताव को लेकर सभा का आयोजन किया गया। ब्लॉक प्रमुख मोहनलालगंज ओम प्रकाश शुक्ला ने बताया कि यह सभा संकल्प व्यक्त करती हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रयासों से लागू Next-Gen Gst Reforms ऐतिहासिक एवं दूरगामी महत्व के हैं। इन सुधारों से कर प्रणाली कम कर, सरल कर और पारदर्शी-कर बनी है तथा गरीब, किसान, व्यापारी, मध्यम वर्ग, महिला और युवाओं-सभी को इससे सीधा लाभ प्राप्त होगा। यह सभा Next-Gen Gst Reformsका पूर्ण समर्थन किया गया है और प्रधानमंत्री का अभिनन्दन एवं आभार प्रकट किया गया हैं। इस दौरान ब्लॉक सभागार में आयोजित सभा में खण्ड विकास अधिकारी आशुतोष कुमार श्रीवास्तव व ग्राम पंचायत व क्षेत्र पंचायत से तमाम लोग मौजूद रहे।

# शारद परिवार दुर्गा पूजा 2025 जहाँ परंपरा मिलती है धड़कन से आत्मीय एकचाला पूजा

**दैनिक समाज जागरण**

मुंबई ( गिरजा शंकर अग्रवाल ) - मीरारोड माँ दुर्गा के भव्य आगमन का साक्षी बनने जा रहा है क्योंकि शारद परिवार लगातार तीसरे वर्ष दुर्गा पूजा का आयोजन कर रहा है झ यह केवल अनुष्ठानों से परे एक ऐसी आध्यात्मिक यात्रा है जो परंपरा, संस्कृति और समुदाय को एक साथ पिरोती है। बंगाल की दालनबाड़ी शैली की एकचाला पूजा से जुड़ी यह पूजा बंगाल की धरोहर को नमन करती है, जिसमें आंगन की गर्माहट, परिवार की आस्था और उत्सव की भावना एकाकार हो जाती है। यह भक्ति संस्कृति में निहित है और पर्यावरण के प्रति जागरूक है। सचमुच एक ईको-फ्रेंडली उत्सव। मूर्तियों से लेकर पंडाल तक हर सजावट प्राकृतिक सामग्रियों से बनाई जाती है। जैसे जूट गमछा, पंखा और कुलो। बाँस का ढाँचा, प्राकृतिक रंग और पुनः उपयोग योग्य वस्तुएँ हर विवरण माँ दुर्गा की आराधना के साथ-साथ मदर अर्थ के प्रति सम्मान का संदेश देता है। कन्या पूजन की पवित्रता इस उत्सव का हृदय है कन्या पूजन, जहाँ वंचित परिवारों की छोटी बच्चियों को हमारे अपने बच्चों के साथ बैठाया जाता है और उन्हें देवी के जीवित रूप में पूजित किया जाता है। I folded handsसे उन्हें प्रणाम किया जाता है, reminding us कि माँ दुर्गा हर बालिका, हर मासूम मुस्कान और हर उम्मीद की किरण में विराजमान हैं। पूजा से आगे भी हमारा प्रयास चलता रहता है। सदस्य हर साल अपने कपड़े RRR (Reduce, Reuse, Recycle) नामक NGO (काशी गाँव के पास) को दान करते हैं। जिससे विविधता, समानता और समावेशिता की हमारी मूल्य भावना और मजबूत होती है। साथ होने का उत्सव बंगाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए पूरे त्योहार में केले के पत्तों पर सामूहिक भंडारा (मा का प्रसाद) परोसा जाता है। यह केवल भोजन



नहीं बल्कि एकता का प्रतीक है। जहाँ भक्तों की सेवा को देवी की सेवा माना जाता है। प्रतिमा बुकिंग से लेकर अंतिम विसर्जन और विजया तक हर क्षण एकता की गवाही देता है। बच्चे महीनों पहले से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी करते हैं। बड़े बुजुर्ग स्नेह से मार्गदर्शन करते हैं।और हँसी-खुशी से भरा पंडाल एक परिवार की तरह जीवंत हो उठता है। हर शाम परिवारों की प्रस्तुतियों से दमकती है।कला और संस्कृति का उत्सव शारद परिवार का पंडाल संगीत, नृत्य, फैशन और भोजन से एक सांस्कृतिक रंगोली बन जाता है। जिसमें बंगाल की भव्यता और समावेशिता झलकती है। पंक्तिबद्ध स्टॉल एक पारंपरिक मेले की रौनक रचते हैं। उद्घाटन की शाम को चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन होता है, जहाँ बच्चे अपनी कल्पनाओं को कागज पर उतारते हैं । भक्ति और रचनात्मकता का संगम जो आने वाली पीढ़ी में सांस्कृतिक गौरव के बीज बोता है। इस वर्ष उत्सव की शुरूआत बंगाल की सबसे प्राचीन लोक कला बाउल गान के विशेष प्रदर्शन से होगी। इन घूमंतू संतों की आत्मीय आवाजें वातावरण को भक्ति से भर देंगी और शंख-धाक की ध्वनि के साथ परंपरा, संस्कृति और भावनाओं का अद्भुत संगम बनेगा। विदाई का सौंदर्य – sindoor खेला- जैसे ही त्योहार अपने समापन की ओर बढ़ता है, शारद परिवार का बहुप्रतीक्षित सिंदूर खेला होता है। सजी-धजी विवाहित महिलाएँ एक-दूसरे को सिंदूर लगाती हैं, जो प्रेम, समृद्धि और शक्ति का प्रतीक है। यह माँ दुर्गा को उनकी ससुराल कैलाश विदा करने का भावनात्मक क्षण होता है, जब वह अपनी मायके झ पृथ्वी झ से लौटती हैं। आँसुओं, रंगों और मंत्रोच्चारों से भरा यह पल नारीत्व का उत्सव भी है और इस वचन का स्मरण भी कि हर विदाई एक वापसी का वादा होती है। आमंत्रण - आइए, इस दुर्गा पूजा में हमारे साथ जुड़ें झ दर्शक बनकर नहीं, परिवार बनकर। आपके बच्चों की कला, पंडाल में आपकी हँसी, ढाक की धुन में आपकी आवाज और सिंदूर खेला में आपके आँसू इस जीवंत परंपरा का हिस्सा बनें। हर प्रार्थना में उम्मीद गूँजेगी और हर दिल अच्छाई की बुराई पर विजय का उत्सव मनाएगा।

# *अपर सुवनसीरी में नेते यमक केना की मृत्यु से शोक।

**दैनिक समाज जागरण**
**गोरख नाथ गुप्ता।***

अरुणाचल प्रदेश के अपर सुवनसीरी जिले के प्रशासनिक मुख्यालय दापोरिजो समुदाय के प्रसिद्ध महिला श्रीमती नेते यमक केना की लम्बी बीमारी से डिब्रुगढ़ स्थित आदित्य नर्सिंग होम में मृत्यु हो गई। उनकी मृत्यु से पुरे अंचल में शोक व्याप्त है। श्रीमती नेते यमक केना को अपर सुवनसीरी जिले में सामाजिक आर्थिक विकास पर उनके गहन प्रभाव से ऐतिहासीक पहल की थी। 1970 के दशक में आत्म निर्भर बनाने के लिए अग्रणी उद्यमी के रूप



में आगे बढ़ाया और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रत्तोसाहीत किया। केना की निधनं पर राज्य के सभी नेताओं ने शोक व्यक्त किया है। अरुणाचल प्रदेश के पूर्व सुचना आयुक्त गुमजुम हैदर ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि केना की मृत्यु से अपूर्णनीय क्षति हुई है जिसका भरपाई नहीं जा सकती दिवंगत तारीक केना की पत्नी नेते यमक केना की मृत्यु हमारी दापोरीजो समुदाय को इस दुःख की घड़ी में ईश्वर धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करें। नेते यमक केना अपने पिछे तीन पुत्र एक पुत्री तथा पोते पोतियों तथा भरा पुरा परिवार छोड़ गया है। परिवार के अनुसार आने वाले दिनों में दापोरिजो में अन्तिम संस्कार तथा अन्तिम संस्कार कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।इसकी विस्तृत जानकारी जल्द ही सार्वजनिक की जाएगी।

# सांसद खेल महोत्सव 15वां टिकैत कुमार महतो फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताब बोडिया ने जीता।

**भुनेश्वर कुमार महातो ,**
**संवाददाता-समाज जागरण।**

बेरमो / डुमरी : बेरमो अनुमण्डल क्षेत्र नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट स्थित गौसाई टोंगरी फुटबॉल मैदान में युवा विकास क्लब व ग्राम विकास समिति गोनियाटो द्वारा आयोजित सांसद खेल महोत्सव 15वां टिकैत कुमार महतो फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला फुटबॉल क्लब बोकारो थर्मल बनाम फुटबॉल क्लब बोडिया के बीच हुआ। खेल में दोनो टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया लेकिन कोई टीम गोल दागने में सक्षम नहीं रहा। पेनाल्टी शूटआउट में बोकारो थर्मल की टीम को बोडिया की टीम ने 6- 5 से हराकर खिताब जीता। इसके पुर्व प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला का उदघाटन गिरीडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी,मांडु विधायक तिवारी महतो, गोमिया के पुर्व विधायक डॉ लम्बोदर महतो,आजसू नेता संतोष कुमार महतो, आजसू पार्टी युवा राज्य संयोजक टिकैत कुमार महतो, आजसू नेत्री यशोदा देवी ने संयुक्त रूप खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त व कीक मार कर किया। इस अवसर पर सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव पुरे देश में प्रधानमंत्री के निर्देश पर देश के हर लोकसभा में किया जा रहा है।

जिसका मकसद युवाओं की प्रतिभा को निखारने का है। साथ ही कहा कि केंद्र सरकार से मांग करुंगा कि हर पंचायत में खेल स्टेडियम का निर्माण किया जाय। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी खेल के साथ-साथ झारखंड की सांस्कृतिक को बचाने है। मौके पर खोरठा के मशहूर गायक मनोज झारखंडी, कैलाश देहाती, लाली पटेल व विकास रंगीला ने खोरठा,कुडमालि गीत प्रस्तुत कर लोगों को खुब मनोरंजित किया। वही विजेता व उपविजेता टीम को नगद पुरस्कार व कप देकर सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने सम्मानित किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य कुमारी खुशबू महतो समाजसेवी सीताराम सोरेन, आजसू नेता रामकुमार मरांडी, भाजपा नेता मनोज कुमार महतो, सांसद प्रतिनिधि सीताराम महतो,दीपु अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि सुरेश कुमार, जितेंद्र यादव, दिपक महतो,जितेन्द्र महतो, महेंद्र महतो , रामचंद्र महतो, दिनेश कुमार महतो, संतोष कुमार उजागर, खेमलाल महतो, त्रिवेणी महतो, गौतम कुमार महतो, राजेश कुमार तुरी, रघुनाथ मिर्धा, कोलेश्वर महतो, गंगाराम महतो, बबलू प्रजापति, गनपत महतो, सलेश बाबू सहित कई थे।

# शराब तस्करी में फरार चल रहे दो अभियुक्त गिरफ्तार भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता**
**नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नवीनगर प्रखंड के बडेम थाना पुलिस ने अवैध शराब कारोबार मामले में फरार चल रहे दो आरोपीयों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान बड़ेम थाना क्षेत्र के खपिया गांव निवासी गोरख चौहान तथा झारखंड राज्य के पलामू जिला के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के दंगवार निवासी महेंद्र मेहता के रूप में की गई है।उक्त अभियुक्तों के विरुद्ध बडेम थाना में विभिन्न धारा अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज है। मामले में बडेम थानाध्यक्ष अमरजीत चौधरी ने बताया की उक्त दोनो अभियुक्त पर शराब तस्करी करने के आरोप में थाना में मामला दर्ज किया गया था। तब से वह फरार चल रहा था। जिसे गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई कर घर से गिरफ्तार किया गया है जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसे न्यायिक हिरासत मे भेज दिया गया।यह कारवाई पीएसआई बृजेश पान्डेय,ए एस आई नवीन कुमार एवं सशस्त्र बल द्वारा किया गया।

# भाजपा मण्डल सेमरा की कार्यशाला संपन्न

**समाज जागरण विजय तिवारी**

गौरेला। भाजपा मण्डल सेमरा की कार्यशाला आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान एवं नेक्स्ट जनरेशन GST रिफॉर्म 2.0 विषय पर संपन्न हुई । पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन के पश्चात आरंभ हुई बैठक को संबोधित करते हुए सह प्रभारी जिला मंत्री बालकृष्ण अग्रवाल ने जीएसटी पर हुए संशोधन और उससे आम जनता को होने वाले लाभ के संबंध में अवगत कराया ।प्रभारी के रूप में शामिल हुए जिला उपाध्यक्ष नीरज जैन ने हर घर स्वदेशी घर घर स्वदेशी को आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया व स्वदेशी हेतु संकल्प पत्र भरवाया ।मण्डल के अध्यक्ष अजय तिवारी ने समस्त दिशा निदेशों को बूथ व आम जनता तक पहुंचाए जाने हेतु आश्वस्त किया ।आभार प्रदर्शन मण्डल के महामंत्री बरत पैकरा ने किया ।इस कार्यशाला में जिला उपाध्यक्ष लूसन राठौर, जिला मंत्री गंगोत्री राठौर, जनपद सदस्य संतोष राठौर, कार्यक्रम संयोजक अमन दुबे, सह संयोजक जितेश राठौर, मीडिया प्रभारी पवन दुबे, मण्डल उपाध्यक्ष कलेश्वर मार्को, मण्डल मंत्री कुमार पैकरा, नारायण राठौर, अमोल पुरी, मिथलेश गुर्जर, हुकुमचंद यादव, मायाराम राठौर, मिथलेश सूर्यवंशी, अखिलेश पांडेय, दिल प्रसाद पैकरा, सुरेन्द्र राठौर, राजकुमार पैकरा, पंचराम मसराम, सुन्दर सिंह पैकरा, दुर्गेश राठौर, जय सिंह करसायल, मुकेश प्रसाद, शिवशंकर राठौर, महेश सारथी, राहुल राठौर, लखन पेंद्रो, भाजयुमो जिला मीडिया सह संयोजक रजनीश तिवारी आदि पदाधिकारी/कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# व्यापारी जीएसटी दरों में कटौती से आमजन और व्यापारियों को मिलेगा लाभ

समाज जागरण

कासगंज के सहावल भारतीय जनता पार्टी हाजी सलीमुद्दीन ऑटोमोबाइल शोरूम पर आयोजन कार्यक्रम एटा रोड रेलवे क्रॉसिंग के पास सहावर पर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हरिभान सिंह सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम संयोजक अभिषेक तोमर अशोक कुमार शोरूम मलिक शहादत अली ने व्यापारियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा जीएसटी दरों में की गई कटौती से आम जनता को बड़ा लाभ मिलेगा तथा व्यापारियों को व्यापार करने में सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकारें कानून व्यवस्था और विकास के मार्ग पर निरंतर अग्रसर हैं। आज प्रदेश में कोई भी दंगा करने की हिम्मत नहीं करता क्योंकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दंगाइयों से दंगे में हुए नुकसान की पाई-पाई वसूलते हैं।



कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अभिषेक तोमर ने कहा कि भाजपा सरकार में तुष्टिकरण की राजनीति नहीं होती, बल्कि सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास ही ध्येय है। उन्होंने कहा कि मोदी और योगी के नेतृत्व में आज आम जनता खुद को सुरक्षित और आत्मनिर्भर महसूस कर रही है। इस अवसर पर मुख्य रूप से कार्यक्रम संयोजक अभिषेक तोमर मंडल अध्यक्ष हरिभान सिंह ने अतिथियों एवं पदाधिकारियों का कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मनोज लोधी नारायण पाराशर देवेंद्र यादव सब्बू खान यश शर्मा रिंकू गुप्ता सहित दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे।

# समाज में भाईचारा जरूरी- समाजसेवी जहीर अहमद

## राजनीति का मकसद जनसेवा, समाज में बदलाव लाना और भेदभाव मिटाना

समाज जागरण

एटा। कहते हैं व्यक्तित्व तो व्यक्तित्व होता है, लिबास चाहें पुराना हो या नया उससे बाहर आकर कर्म से दिखता है। ऐसी जनपद एटा में एक शख्सियत हैं जिसका नाम है जहीर अहमद जिसने समाज के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया है। एटा की राजनीति की संघर्षशील शख्सियत के बारे में कहा जा सकता है कि -

निरंतर चल रहा हूँ जब तुम्हारा साथ है, मंज़िल मिले न मिले, ये मुकद्दर की बात है।
मैं अकेला ही चला था जानिब-ए-मंज़िल,
मगर लोग साथ आते गए और काफि ला बनता गया।



एटा की मिट्टी में जन्मे जहीर अहमद का जीवन राजनीति और समाजसेवा का एक बेहतरीन उदाहरण है। 1990 के दशक का अंतिम पड़ाव था, जब राजनीति में एक नौजवान चेहरे ने कदम रखा। साधारण पारिवारिक पृष्ठभूमि, न कोई दिखावा, न तामझाम,लेकिन दिल में था समाज के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा।उनकी सादगी, मेहनत और मधुर व्यवहार ने उन्हें जल्द ही जनता का चहेता बना दिया।

सन् 2000 में नगर पालिका परिषद चेयरमैन पद का प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव लड़कर उन्होंने एटा की राजनीति में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। इसके बाद 2002 में सोरों विधानसभा से चुनाव लड़ा।

बीते दो दशकों में कई चुनाव हुए लेकिन हर बार एक बात साफ रही, लोगों का भरोसा, सम्मान और प्यार बढ़ता ही गया।

सपा के कद्दावर नेता का मानना है कि असली जीत चुनाव के नतीजों में नहीं, बल्कि जनता के दिलों में होती है और यही जहीर अहमद की सबसे बड़ी ताकत है।

उनकी सबसे खास पहचान है— सर्वसमाज के बीच गहरी पैठ,लोगों से सीधे जुड़ने की क्षमता,हर वर्ग का दर्द समझने और उसकी आवाज उठाने का हौसला। आज वे समाजवादी पार्टी के सक्रिय और कर्मठ नेता के रूप में न सिर्फ.संगठन को मजबूत कर रहे हैं, बल्कि गाँव—गाँव, शहर—शहर घूमकर आम आदमी के संघर्ष और उम्मीदों को आवाज दे रहे हैं। उनका मानना है कि राजनीति का असली मकसद जनसेवा और समाज में बदलाव लाना है।

उनका कहना है कि समाजवादी पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि यह शोषित, वंचित, दलित, पिछड़े, किसान, मजदूर और अल्पसंख्यक समाज के सम्मान और अधिकारों की लड़ाई का आंदोलन है। यह आंदोलन उस सोच का प्रतीक है जो समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी बराबरी का हक दिलाना चाहता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी ने हमेशा कहा है— समाजवाद का असली अर्थ है, हर कमजोर को मजबूती देना और हर वंचित को उसका हक दिलाना। आज समाजवादी पार्टी उसी विचारधारा को लेकर संघर्षरत है, जो समानता, न्याय और भाईचारे पर आधारित है। हम सब मिलकर पीडीए को और मजबूत करें, ताकि हर गरीब, हर किसान और हर मजदूर के सपनों को साकार किया जा सके।

जहीर अहमद का पक्का विश्वास है —2027 में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे।

ये कहा जा सकता है कि सपा नेता जहीर अहमद की पहचान संघर्ष, ईमानदारी, सादगी और जनसेवा है।

# "मिशन शक्ति अभियान से महिला एवं बालिकाएं हो रहीं हैं जागरूक एवं सशक्त"

समाज जागरण

उ0प्र0 शासन द्वारा महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार नई योजनाएं चलाई जा रही हैं, महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने और महिला सशक्तिकरण की दिशा में लगातार नए आयाम स्थापित किए जा रहें हैं ।

कासगंज पुलिस अधीक्षक कासगंज अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं नोडल अधिकारी/अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज सुशील कुमार गंगा प्रसाद के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रांतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव, कस्बा, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला एवं बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने हेतु जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 28.09.2025 को जनपदीय महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा थाना कोतवाली कासगंज क्षेत्रांतर्गत चामुण्डा मन्दिर, थाना सोरों क्षेत्रांतर्गत पाठकपुर दुर्गा माता मन्दिर, थाना ढोलना क्षेत्रांतर्गत पंचायत/प्राइमरी स्कूल दौंकेली, थाना सहावर क्षेत्रांतर्गत पंचायत, प्राइमरी स्कूल कुवंरपुर, थाना अमांपुर क्षेत्रांतर्गत शेरों वाली माँ मन्दिर नगला सुम्मेर, थाना सुन्नगढ़ी क्षेत्रांतर्गत पंचायत घर, प्राइमरी स्कूल दचरोली खाती, थाना पटियाली क्षेत्रांतर्गत गोपाल जी महाराज मन्दिर कस्बा पटियाली, थाना गंजडुण्डवारा क्षेत्रांतर्गत पंचायत भवन छितौनी, थाना सिढ़पुरा क्षेत्रांतर्गत लक्ष्मीनारायण मन्दिर कस्बा सिढ़पुरा, थाना सिकन्दरपुर वैश्य क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत वछुईया, महिला थाना क्षेत्रांतर्गत चामुण्डा मन्दिर पर महिला एवं बालिकाओं में व्यवहारिक परिवर्तन लाए जाने हेतु उनकी की सुरक्षा, सम्मान, स्वस्थ्य रिलेशनसिप एवं महिलाओं की सुरक्षा सहायता हेतु निर्मित न्यायिक कानूनों का दुरुपयोग एवं झूठे मुकदमों के परिणाम, साइबर हिंसा, प्रेम सम्बन्धों में घर से पलायन एवं सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का सतर्कता एवं सावधानी से प्रयोग किये जाने एवं किसी अपराध का बोध होने पर बिना संकोच स्थानीय थाना पर अपनी बात या शिकायत करने से सम्बन्धित बिन्दुओं को इंगित करते हुए विस्तार से उनकी जानकारी दी गई। इसके साथ ही शासन द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों एवं कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारे में चर्चा करते हुए जागरुक किया गया है ।




# न्यौली, भारतीय जनता पार्टी नगरिया मण्डल व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन

समाज जागरण

मथुरा बरेली मार्ग स्थित कासगंज के नगरियाशेरवानी कॉलेज के गेट पर किया गया। कार्यक्रम में अमांपुर विधायक हरिओम वर्मा ने व्यापारियों को सम्बोधित कर जी एस टी दरों में केंद्र सरकार द्वारा की गई कटौती के बारे में जानकारी दी साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा जी



एस टी दरों में जो कटौती की गई है उससे आम जनमानस को बहुत बड़ा फायदा होगा एवं व्यापारी बंधुओं को भी व्यापार करने में सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकारें कानून व्यवस्था एवं विकास के पथ पर निरन्तर अग्रसर हैं प्रदेश में आज कोई भी दंगा करने की हिमाकत नहीं करता क्योंकि उसे मालूम है कि प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ दंगाइयों से दंगे में होने वाले नुकसान की पाई पाई वसूल कर लेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मण्डल अध्यक्ष मनोज चौहान ने कहा कि भाजपा सरकारों में तुष्टिकरण किसी का नहीं सबका साथ सबका विकास एवं सबका विश्वास हासिल किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि आज आम जनमानस मोदी और योगी के नेतृत्व में खुद को सुरक्षित महसूस कर रहा है। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक राजेश साहू एवं हरिश्चंद्र बघेल ने मंचासीन अतिथियों एवं पार्टी पदाधिकारियों का माला एवं पटका पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दिनेश सोलंकी, डॉ0 मूलचंद्र जर्राह, मुनेन्द्र राघव, अभय प्रताप सोलंकी, प्रेम साहू, देवेन्द्र बघेल, रवि दिवाकर, ओम सिंह सागर, अतुल चौहान, विकास साहू, मुन्ना साहू, मुंशी लाल साहू, हिम्मत सिंह राजपूत, अतर सिंह बघेल, सत्यवीर शर्मा, सत्यवीर कश्यप, सौदान कश्यप, धर्मवीर निषाद, साहब सिंह, मलिखान सिंह,हरिश्चंद्र, लालता प्रसाद, विश्वास मौर्य, सहित दर्जनों व्यापारी सम्मिलित रहे।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत विकास भवन में हुआ भव्य कार्यक्रम, महिलाओं को किया गया जागरूक

समाज जागरण

एटा। मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत शनिवार को विकास भवन सभागार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की सदस्य रेनू गौड़ ने कहा कि महिला आयोग महिलाओं की सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

विशिष्ट अतिथि एस एसपी डॉ. श्याम नारायण सिंह ने बताया कि सीओ सकीट के निर्देशन में शक्ति दीदी ग्रुप का गठन होगा, जो महिलाओं की समस्याओं पर कार्य करेगा। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नागेंद्र नारायण मिश्र ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण उनकी शिक्षा और जागरूकता पर निर्भर है।



कार्यक्रम में गोद भराई, अन्नप्राशन संस्कार कराए गए और कुपोषित बच्चों को पोषण पोटली वितरित की गई। विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाए और महिलाओं से सीधा संवाद स्थापित किया गया। इस अवसर पर कई अधिकारियों, महिला संगठनों की प्रतिनिधियों और आमजन की उपस्थिति रही।

# तेजस्वी किसान मार्ट ने आयोजित की संगोष्ठी: जौ की खेती और किसानों के सशक्तिकरण पर विशेष चर्चा

नई दिल्ली, 28 सितंबर 2025: देशभर के किसानों और किसान उत्पादक कंपनियों (एफ.पी.सी.) के लिए तेजस्वी किसान मार्ट ने एक ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में किसानों को जौ की खेती, तकनीकी मार्गदर्शन, व्यावसायिक अनुबंध और वित्तीय सहायता के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, गुजरात, असम सहित कई राज्यों से एफपीसी प्रतिनिधि प्रमुख रूप से शामिल हुए।

# पुलिस ने मुठभेड़ मे हत्या के प्रयास का अभियुक्त पकड़ा

समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। थाना खैरगढ़ पुलिस ने एक अभियुक्त को मुठभेड़ के दौरान पकड़ा है। उसके पास से तमंचा कारतूस भी मिले है।गोली लगने से वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार थाना खैरगढ़ पुलिस बल के साथ चैकिंग कर रहे थे। उसी दौरान उन्हें अभियुक्त के बारे में पता चला।



पुलिस ने साती रोड पर चैकिंग शुरू कर दी। चैकिंग के दौरान पुलिस टीम को एक संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिया। पुलिस ने उसके नजदीक पहुंचकर उसे रुकने का इशारा किया। पुलिस टीम को अपनी ओर आता देख उसने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। आत्मरक्षा में पुलिस टीम ने भी गोली चलाई। संदिग्ध व्यक्ति पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान गुलफाम के रूप में की वह रसूलपुर टंकी के समीप थाना रसूलपुर का रहने वाला है। अभियुक्त के पास से पुलिस ने एक तमंचा 315 बोर, एक खोखा कारतूस, एक मिस कारतूस 315 बोर बरामद किया है।

# सड़क हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत*

समाज जागरण

सहावर। कस्बा के मोहल्ला काजी निवासी युवक की एक महीने पूर्व में हुए सड़क हादसे में उपचार के दौरान मौत हो गई। सड़क हादसे में घायल युवक का एक महीने से अलीगढ़ के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। जानकारी के अनुसार सहावर मोहल्ला काजी निवासी राजा पुत्र मकसूद (24) एक महीने पूर्व कासगंज से सहावर की ओर आ रहा था। तभी कासगंज क्षेत्र के गांव नगला चीटा के निकट नीलगाय अचानक सामने आ गई। और उसकी बाइक उससे टकरा गई। इससे राजा घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से परिजनों द्वारा घायल को अलीगढ़ निजी अस्पताल में उसका उपचार कराया जा रहा था। रविवार को एक महीने बाद घायल युवक ने दम तोड़ दिया। सहावरः युवक का परिवार बहुत गरीब है इसकी आर्थिक सहायता सरकार से होने की उम्मीद लगाए बैठा है परिवार घायल युवा के ने दम तोड़ा दिया



# एटीएम कैश चोरी का अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

समाज जागरण

फिरोजाबाद। थाना मक्खनपुर पुलिस टीम ने एटीएम कैश चोरी के वांछित अभियुक्त को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से असलाह व अन्य सामान बरामद किया। थाना मक्खनपुर पुलिस शनिवार की देर रात सांती पुल के पास चैकिंग कर रही थी। उसे दौरान पुलिस को मोटरसाईकिल पर एक संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिया। पुलिस टीम ने उसे रुकने का इशारा किया। पुलिस टीम को देखकर संदिग्ध व्यक्ति भागने लगा। हडबडाहट में मोटरसाईकिल फिसलकर गिर गयी।

पुलिस टीम को अपनी ओर आते व खुद को घिरता देख संदिग्ध व्यक्ति ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया।



आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम ने भी जवाबी कार्यवाही की। जिसमें संदिग्ध व्यक्ति पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान अखिलेश उर्फ करु पुत्र रामनाथ के रूप में की। वह सलेमपुर थाना कुरावली जनपद मैनपुरी हाल निवासी सैलई थाना रामगढ़ का रहने वाला है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


पुलिस ने अभियुक्त के पास से एक तमंचा 315 बोर, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस 315 बोर, 04 एटीएम कार्ड, 04 काले रंग की प्लास्टिक प्लेट, एक पल्सर मोटरसाईकिल बरामद की है।

# ब्रज प्रान्त के वी वी एम के सभी प्रतिभागी मॉक टेस्ट में करें प्रतिभाग:- अश्वनी जैन

समाज जागरण

फिरोजाबादः- राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद एनसीईआरटी, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक संस्थान और राष्ट्रीय परिषद के तत्वाधान में आयोजित होने वाली विद्यार्थी विज्ञान मंथन परीक्षा के नामांकन राज्य मीडिया समन्वयक, ब्रज प्रान्त अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में जनपद फिरोजाबाद में किए जा रहे हैं।

वीवीएम के राज्य मीडिया समन्वयक, ब्रज प्रान्त अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि विद्यार्थी विज्ञान मंथन की परीक्षा एक ऑनलाइन प्लेटफार्म है। जिसमे विद्यार्थी स्कूल स्तर, जनपद स्तर, राज्य स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर तक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। विद्यार्थी विज्ञान मंथन विद्यार्थियों की प्रतिभा खोज का राष्ट्रीय स्तर का मंच है। राज्य स्तरीय शिविर में प्रत्येक राज्य के प्रत्येक वर्ग के शीर्ष 25 रैंकर्स को एक या दो दिवसीय राज्य स्तरीय शिविर में भाग लेने के लिए पहचाना जाएगा। शिविर राज्य के किसी भी स्थान पर आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय शिविर में प्रत्येक कक्षा से शीर्ष दो छात्रों यानी प्रत्येक राज्य से कुल 12 छात्रों को दो दिवसीय राष्ट्रीय शिविर में आमंत्रित किया जाएगा। छात्र अधिक जानकारी https://vvm.org.in पर कर सकते हैं। उन्होंने ब्रज प्रान्त के अंतर्गत आने वाले सभी जनपद के जिला समन्वयक से अनुरोध किया है कि 30 सितम्बर 2025 तक विद्यार्थियों को मॉक टेस्ट में अवश्य प्रतिभाग कराएं, जिससे विद्यार्थी अपने यूजर आईडी एवं पासवर्ड का प्रयोग करके मॉक टेस्ट में अपनी तैयारी का आंकलन कर सकें।




# शहीदे आजम भगत सिंह की 118 वीं जन्म जयंती की धूमधाम से मनाई !

समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद शहीद भगत सिंह युवा सेवा समिति पंजीकृत द्वारा बी एस आईटीआई, चंदवार गेट परिसर मे 118वी जन्म जयंती का आयोजन किया गया बैठक मे मुख्य अतिथि नगर की महापौर कामिनी राठौर गौसेवा प्रांतीय



अध्यक्ष रमाकांत उपाध्याय , पूर्व महानगर अध्यक्ष कन्हैया लाल गुप्ता, बीजेपी नेत्री डॉ अनुपमा शर्मा, समिति सरंक्षक रामबाबू धनगर ०एड. ब्रजेश धनगर , पूर्व मंडल अध्यक्ष बीजेपी उदय गुप्ता, सतेंद्र यादव, कार्यक्रम की अध्यक्षता इंजी अजीत यादव ने की, समिति के पदाधिकारियो द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण एवं प्रसस्ती पत्र देकर सम्मान किया गया ! समस्त अतिथियों द्वारा विचार व्यक्त किये शहीद भगत सिंह जी के विचारों व साहस, निडरता, के बिषय पर अपने- अपने विचार ब्यक्त किए

समिति अध्यक्ष सुनील धनगर, ब्रजेश झा, वैभव मुरवारिया, पंकज बघेल, विशाल सक्सेना, अमन यादव, संदीप निषाद, कमलकांत बघेल, ओमबाबू धनगर, विवेक यादव,अरविंद धनगर, रामबृज धनगर, राहुल बघेल, प्रशांत गुप्ता, पंकज कुशवाह, प्रियम गुप्ता, देशराज राठौर, किशन झा, अभी शर्मा, अभिषेक धनगर, हिमांशु बघेल, विजय सिंह परिहार, मनोज बघेल बसई, अनिल बघेल, विष्णु राठौर, सूरज यादव आदि उपस्थित थे !

# डेढ दर्जन आकर्षक झांकियों के साथ 1 अक्टूबर को निकलेगी मां दुर्गा जी की शोभा यात्रा

**खाटू श्याम और इस्कॉन की झांकियां आकर्षक का केंद्र रहेगी**

समाज जागरण

फिरोजाबाद। दुर्गा महोत्सव समिति कार्यालय फ्रेंड्स ग्लास कंपाउंड पर रविवार को एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया । जिसमे उन्होंने बताया आगामी एक अक्टूबर को निकाली जाने वाली मां भगवती की भव्य शोभायात्रा की तैयारियों पूरी हो चुकी है

उन्होंने बताया शोभायात्रा राधाकृष्ण मंदिर से 1 अक्टूबर रात 8:00 से प्रारंभ होकर सदर बाजार और जलेसर रोड से होती हुई गोपाल आश्रम पर समाप्त होगी। यात्रा के दौरान मां भगवती के विभिन्न स्वरूपों की डेढ़ दर्जन झांकियां निकलेगी जिसमें खाटू श्याम और इस्कॉन की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। शोभा यात्रा में चार काली एक दर्जन बैंड घोड़े ऊंट इत्यादि अपना कला प्रदर्शन करते हुए निकलेंगे पूरी शोभा यात्रा में आकर्षण तोरण द्वार और विद्युत सजावट की जाएगी शोभा यात्रा का उद्घाटन नगर विधायक मनीष असीजा जिलाधिकारी एसपी और महापौर कामिनी राठौर द्वारा माताजी की आरती उतार कर एवं हरी झंडी दिखाकर किया जाएगा माताजी का जगह-जगह स्वागत भव्य आरती और पुष्प वर्षा के साथ किया जाएगा। समिति ने पुलिस प्रशासन, नगर निगम और बिजली विभाग से व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की अपील की है।




वार्ता के दौरान में , सुनील टंडन, अनिल अग्रवाल अन्नू, अनिल जैन पिंकी, चट्टनलाल मित्तल, अजय अग्रवाल, संजय अग्रवाल, , उमेश कुमार पप्पू, अनुग्रह गोपाल, मनीष मित्तल, गौरव गर्ग, अनुराग मित्तल, कुनाल मित्तल, नमन टंडन, प्रांजल, अमन जैन, ईशु सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

# पाश्चात्य दर्शन के शैक्षिक विचारों का वर्तमान शिक्षा में प्रासंगिकता पर विचारगोष्ठी का आयोजन !

समाज जागरण

फिरोजाबाद! दाऊ दयाल महिला महाविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग में "पाश्चात्य शैक्षिक दर्शन का वर्तमान शिक्षा में प्रासंगिकता" विषय पर विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें बी. ए. तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं ने पाश्चात्य दर्शन जैसे- आदर्शवाद, प्रकृतिवाद ,प्रयोजनवाद एवं मार्क्सवाद के दर्शन का वर्तमान शिक्षा में प्रासंगिकता पर अपने- अपने विचार, जैसे -आदर्शवाद के मूल्य संबंधी विचारों की आज के छात्रों के लिए महत्व, प्रकृतिवाद के छात्र केंद्रित शिक्षाव्यवस्था एवं शिक्षा में छात्रों के लिए स्वतंत्र रूप से अभिव्यक्ति ,तथा प्रयोजनवाद के गतिविधि आधारित पाठ्यक्रम एवं शिक्षा व्यवस्था ,जिसके महात्मा गांधी भी सदैव पक्षधर रहे हैं, और मार्क्सवाद के वर्ग विहीन समाज के आदर्श का शिक्षा व्यवस्था में भी पालन के महत्व,प्रस्तुत किए।






कार्यक्रम का आयोजन शिक्षाशास्त्र विभाग की अध्यक्षा प्रोफेसर विनीता गुप्ता के निर्देशन में हुआ तथा कार्यक्रम का समन्वयन एवं संचालन डॉ. शारदा सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में हिंदी विभाग की अध्यक्षा प्रिया सिंह एवं संस्कृत विभाग की अध्यक्षा डॉ. पूजा सिंह ने भी विषय से संबंधित अपने विचार छात्राओं के समक्ष रखे।

# रामलीला महोत्सव में पहुंचे एएसपी ग्रामीण अनुज चौधरी

## सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा, सीता हरण लीला के बाद राम सुग्रीव मित्रता आज

समाज जागरण

फिरोजाबाद! एका में चल रही रामलीला महोत्सव में शनिवार को नवागत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अनुज चौधरी मैं सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

उन्होंने थाना एका का निरीक्षण करने के बाद रामलीला स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान समिति अध्यक्ष रमाकांत वशिष्ठ, विक्की वार्ष्णेय शीलू सविता व्यापार मंडल अध्यक्ष रविकांत वार्ष्णेय अभिषेक चतुर्वेदी वीर अभिमन्यु संगम सहित नगर के गणमान्य लोगों ने परिसर पर माला और पटका पहनाकर उनका स्वागत किया। थाने पर गौ सेवकों ने भी डीएसपी का स्वागत सम्मान किया।

रामलीला महोत्सव के अंतर्गत शनिवार को सीता हरण की लीला का मंचन हुआ, जबकि रविवार को राम-सुग्रीव मित्रता की लीला प्रस्तुत की जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए थाना अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह महिला कांस्टेबलों व पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण इस बार भी विशाल लकी ड्रा रहेगा। आयोजक डॉ. विजेंद्र प्रकाश कुलश्रेष्ठ व लक्ष्मीकांत सविता ने बताया कि इसमें दो इलेक्ट्रिक बाइक, फ्रिज, कूलर, वाशिंग मशीन सहित 251 पुरस्कार शामिल किए गए हैं।

